रविवार, 17 अगस्त 2025

**मौसम**

तापमान 26 – 33
आर्द्रता 70%
सूर्योदयः 5:14 सूर्यास्तः 18:08

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, भाद्रपद कृष्णपक्ष अष्टमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये



कोलकाताः जन्माष्टमी पर बेलेघाटा मंदिर में राधा-कृष्ण वेशभूषा में बच्चे।

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

**सुविचार :** भाग्यशाली वे होते हैं जिन्हें जो मिलता है उसे अच्छा बना लेते हैं।

# रूस-यूक्रेन संघर्ष: ट्रंप और पुतिन के बीच नहीं बनी बात



**ज्वांइट बेस एल्मेंडोर्फ-रिचर्डसन (अलास्का) :** यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध को समाप्त कराने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अलास्का में हुई बातचीत बेनतीजा रही और दोनों नेताओं के बीच कुछ अहम मुद्दों पर सहमति नहीं बन सकी। अलास्का में दोनों नेताओं के बीच बैठक के बाद पुतिन ने दावा किया कि यूक्रेन को लेकर 'सहमति' बनी है। इसके साथ ही उन्होंने यूरोप को चेतावनी दी कि वह प्रगति में कोई बाधा नहीं डाले। पुतिन के दावे के बाद ट्रंप ने कहा ''जब तक कोई समझौता नहीं हो जाता तब तक कुछ भी पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता।'' ट्रंप ने कहा कि वह पुतिन और उनके बीच हुई बातचीत की जानकारी देने के लिए यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की तथा यूरोपीय नेताओं को बुलाएंगे। ट्रंप अनेक बार यूक्रेन को अमेरिका का समर्थन मिलने पर ऐतराज जता चुके हैं और पुतिन की प्रशंसा कर चुके हैं। उन्होंने व्हाइट हाउस में वापसी के पहले ही दिन पूरे विश्वास के साथ कहा था कि वह दोनों देशों के बीच युद्ध समाप्त कराएंगे। हालांकि कार्यकाल के सात माह बीतने के बाद भी वह पुतिन को लड़ाई रोकने के लिए राजी नहीं कर पाए हैं। रूस और यूक्रेन के बीच चार वर्ष से जारी युद्ध को रोकने के लिए ट्रंप हर हथकंडा अपना रहे हैं। कभी वह रूस पर कठोर आर्थिक प्रतिबंध लगाने की धमकी देते हैं तो वहीं उन्होंने ज्वांइट बेस एल्मेंडोर्फ-रिचर्डसन में पुतिन का गर्मजोशी से स्वागत भी किया। सारी कवायद के बीच बैठक से ट्रंप को अपेक्षित परिणाम नहीं मिले तथा दोनों नेताओं ने पत्रकारों के प्रश्नों के उत्तर नहीं दिए। इस संबंध में एक ओर जहां अमेरिकी राष्ट्रपति समझौता कराने के अपने कौशल का प्रदर्शन करना चाहते थे, वहीं दूसरी ओर पुतिन एक ऐसे समझौते पर बातचीत करना चाहते थे जो रूस के पक्ष में हो, यूक्रेन के नाटो में शामिल होने के प्रयास को रोके और अंततः यूक्रेन को मॉस्को के प्रभाव क्षेत्र में वापस ले आए। बैठक के बाद ट्रंप ने कहा, ''हमारी बैठक बेहद फलदायी रही, कई मुद्दों पर सहमति बनी है, कुछ बचे हैं। कुछ उतने महत्वपूर्ण नहीं हैं। एक सबसे महत्वपूर्ण है और इस बात की संभावना है कि हम उसे भी सुलझा लेंगे।'' वहीं, पुतिन ने कहा कि ट्रंप इस बात को समझते हैं कि रूस के अपने हित हैं। उन्होंने कहा कि रूस और अमेरिका को ''पुराना अध्याय बंद करना चाहिए और सहयोग के रास्ते पर बढ़ना चाहिए।'' पुतिन ने ट्रंप की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें ''यह स्पष्ट हैं कि उन्हें क्या हासिल करना है और वे अपने देश की समृद्धि के बारे में चिंता करते हैं, साथ ही वह यह भी समझते हैं कि रूस के अपने राष्ट्रीय हित हैं।'' उन्होंने कहा, ''मुझे उम्मीद है कि आज की सहमति न केवल यूक्रेन की समस्या के समाधान के लिए एक संदर्भ बिंदु बनेंगी, बल्कि रूस और अमेरिका के बीच व्यापारिक, व्यावहारिक संबंधों की बहाली की शुरुआत भी करेगी।'' लगभग ढाई घंटे तक हुई बैठक में किसी ठोस निर्णय तक न पहुंचने के बावजूद ट्रंप ने पुतिन का आभार व्यक्त किया और कहा, ''हम आपसे बहुत जल्द बात करेंगे और संभवतः आपसे फिर बहुत जल्द मिलेंगे।'' जब पुतिन ने मुस्कुराते हुए कहा, ''अगली बार मॉस्को में'' तो ट्रंप ने कहा, ''यह दिलचस्प बात है।''

## करदाता को कारण बताओ नोटिस का जवाब देना होगा : उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि करदाता को समन का अनुपालन करना होगा तथा केन्द्रीय या राज्य कर प्राधिकरण द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब देना होगा। आयकर अधिनियम 1961 के तहत ''करदाता'' से तात्पर्य किसी भी व्यक्ति या संस्था से है, जो अधिनियम द्वारा निर्दिष्ट कर भुगतान या किसी अन्य वित्तीय प्रतिबद्धताओं का कानूनी दायित्व रखता है। इस प्रकार, केंद्रीय और राज्य जीएसटी प्राधिकारियों द्वारा निर्णय के दोहराव को रोकने के लिए दिशानिर्देश निर्धारित करते हुए, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि केवल समन जारी करने से जारीकर्ता प्राधिकारी या प्राप्तकर्ता यह सुनिश्चित नहीं कर पाता कि कार्यवाही शुरू हो गई है। पीठ ने कहा, ''जहां किसी करदाता को केन्द्रीय या राज्य कर प्राधिकरण द्वारा समन या कारण बताओ नोटिस जारी किया जाता है, वहां करदाता, प्रथमदृष्टया, उपस्थित होकर और अपेक्षित प्रतिक्रिया प्रस्तुत करके अनुपालन करने के लिए बाध्य है, चाहे जैसा भी मामला हो।'' पीठ ने कहा, ''जहां किसी करदाता को पता चलता है कि जिस मामले की जांच या अन्वेषण किया जा रहा है, वह पहले से ही किसी अन्य प्राधिकारी द्वारा जांच या अन्वेषण का विषय है, तो करदाता को लिखित रूप में उस प्राधिकारी को तुरंत सूचित करना होगा, जिसने बाद में जांच या अन्वेषण शुरू किया है।'' उच्चतम न्यायालय ने कहा कि संबंधित कर अधिकारी ऐसी सूचना प्राप्त होने के बाद करदाता के दावे की सत्यता की पुष्टि के लिए एक-दूसरे से संवाद करेंगे। न्यायालय ने कहा कि कर अधिकारियों को जांच या अन्वेषण करने का पूरा अधिकार है, जब तक कि यह सुनिश्चित न हो जाए कि दोनों अधिकारी समान दायित्व की जांच कर रहे हैं। पीठ ने कहा, ''हालांकि, यदि केंद्रीय या राज्य कर प्राधिकरण, जैसा भी मामला हो, पाता है कि जिस मामले की उसके द्वारा जांच या अन्वेषण किया जा रहा है, वह पहले से ही किसी अन्य प्राधिकरण द्वारा जांच या अन्वेषण का विषय है, तो दोनों प्राधिकरण आपस में निर्णय लेंगे कि उनमें से कौन जांच या अन्वेषण का काम जारी रखेगा।''

## स्वतंत्रता दिवस की सुबह पूर्व बर्दवान में भीषण सड़क हादसा, 10 की मौत व 35 घायल

**परिजनों को वित्तीय मदद देगी बंगाल सरकार, मुख्यमंत्री ने किया ऐलान**



**पूर्व बर्दवान :** स्वतंत्रता दिवस की सुबह पूर्व बर्दवान जिले में भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां एक यात्री बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई, जिसमें दस लोगों की मौत हो गई और 35 बस यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत बर्दवान मेडिकल कॉलेज व अस्पताल ले जाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा शुक्रवार की सुबह लगभग 7.20 बजे 19 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग के नला फेरीघाट इलाके में हुआ। कोलकाता से आ रही एक निजी यात्री बस तेज रफ्तार में थी और चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया। बस सामने खड़े ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रक हाईवे पर खड़ा था और चालक काम निपटाने के बाद आगे बढ़ने की तैयारी कर रहा था। पुलिस और राहत दल ने मौके पर पहुंचकर कुल 45 यात्रियों को बस से बाहर निकाला, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। अब तक हादसे की वजह साफ नहीं हो सकी है। शुरुआती अनुमान है कि बस चालक को शायद नींद आ गई थी। हालांकि, पुलिस ने अभी कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। बस की गति की जांच की जा रही है और आसपास के इलाक़े के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने बस और ट्रक को कब्जे में ले लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। दूसरी तरफ, इस घटना पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गहरा शोक व्यक्त किया और मृतक परिजनों को दो-दो लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की। इसके साथ ही गंभीर रूप से घायलों को एक लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों को 50 हजार रुपये की मदद दी जाएगी। यह घोषणा उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राजभवन में आयोजित चाय समारोह में शिरकत करने के बाद शुक्रवार की देर शाम की।

## संवाद से ही बनेगी शांति की राह : भारत

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अमेरिका और रूस के बीच अलास्का में हुई शिखर वार्ता का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यह पहल वैश्विक शांति की दिशा में एक अहम कदम है। जायसवाल ने कहा कि भारत इस वार्ता में हुई प्रगति की सराहना करता है और मानता है कि आगे का रास्ता केवल संवाद और कूटनीति से ही निकल सकता है। रणधीर जायसवाल ने आगे कहा कि मौजूदा समय में पूरी दुनिया की नजर यूक्रेन युद्ध पर है और सभी चाहते हैं कि इस संघर्ष का जल्द से जल्द अंत हो। जायसवाल ने स्पष्ट किया कि भारत की हमेशा से यही नीति रही है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने दोहराया कि बातचीत और आपसी समझ ही शांति का सबसे बड़ा माध्यम है।

### यूक्रेन के मित्रों के लिए शांति और प्रगति की कामना करता हूं : प्रधानमंत्री मोदी ने जेलेंस्की से कहा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यूक्रेन के लोगों के लिए शांति और प्रगति से भरे भविष्य की कामना की तथा स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाओं के लिए वहां के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को धन्यवाद दिया। भारत को उसके स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए जेलेंस्की ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि रूस के साथ युद्ध समाप्त करने के प्रयासों में भारत अपना योगदान देगा। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति जेलेंस्की, आपकी हार्दिक शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। मैं भारत तथा यूक्रेन के बीच और भी घनिष्ठ संबंध बनाने की संयुक्त प्रतिबद्धता को बहुत महत्व देता हूं। हम यूक्रेन के अपने मित्रों के लिए शांति, प्रगति और समृद्धि से भरे भविष्य की कामना करते हैं।''

## भारी हंगामे के बीच लॉन्च हुआ द बंगाल फाइल्स, विवेक अग्निहोत्री ने जताई नाराज़गी




**कोलकाता, समाज्ञा :** फिल्म निर्देशक विवेक अग्निहोत्री की फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' का ट्रेलर शनिवार को कोलकाता के एक होटल में हंगामे के बीच लॉन्च हुआ। कार्यक्रम शुरू होने से पहले कुछ लोगों ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया। विवेक अग्निहोत्री का यह भी आरोप है कि ट्रेलर की लॉन्चिंग रोकने के लिए होटल में बिजली की आपूर्ति रोक दी गई। उन्होंने इसे बंगाल सरकार का 'तानाशाही' रवैया करार देते हुए कहा कि मेरी आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है। इस फिल्म को लेकर पहले ही मेरे विरुद्ध कई प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। इसपर कोलकाता पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के लिए कोलकाता नगर निगम से 'मनोरंजन लाइसेंस' प्राप्त करना जरुरी है। ऐसा नहीं किया गया और न ही पुलिस को इसकी अग्रिम सूचना दी गई। फिल्म का ट्रेलर पहले कोलकाता के एक बड़े सिनेमाघर में लॉन्च होना था। आरोप है कि राजनीतिक दबाव के कारण इसे रोक दिया गया। उसके बाद, एक होटल में ट्रेलर लॉन्च हुआ, हालांकि वहां भी काफी हंगामा मचा।

## वोट चोरी के आरोपों पर चुनाव आयोग बोला- राजनीतिक दलों ने सही समय पर मतदाता सूची की जांच नहीं की

**नयी दिल्ली :** विपक्ष द्वारा मतदाता सूचियों में गड़बड़ियों को लेकर लगाए गए आरोपों का जवाब देते हुए चुनाव आयोग ने शनिवार को कहा कि ऐसा लगता है कि कुछ राजनीतिक दलों ने चुनाव मशीनरी को त्रुटियां बताने के लिए ''उचित समय'' पर मतदाता सूची की जांच नहीं की। चुनाव अयोग ने इन गड़बड़ियों के लिए राजनीतिक दलों को जिम्मेदार ठहराया है। आयोग ने यह भी कहा कि वह अपने अधिकारियों को खामियों को दूर करने में मदद करने के लिए दस्तावेज की जांच का स्वागत करता है। बयान में कहा गया, ऐसा प्रतीत होता है कि कुछ राजनीतिक दलों और उनके बूथ स्तरीय एजेंट (बीएलए) ने उचित समय पर मतदाता सूचियों की जांच नहीं की और यदि कोई त्रुटि थी तो उसे इंगित नहीं किया।

## शुभांशु शुक्ला आज भारत लौटेंगे, प्रधानमंत्री मोदी से करेंगे मुलाकात



**नयी दिल्ली :** अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की अपनी ऐतिहासिक यात्रा के बाद आज भारत लौटने वाले हैं। वह अपने अनुभव मित्रों एवं सहकर्मियों के साथ साझा करने के लिए उत्सुक हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 2027 में अपनी पहली मानव अंतरिक्ष उड़ान पर नजर गड़ाए हुए है। शुक्ला पिछले एक साल से अमेरिका में हैं और आईएसएस के लिए एक्सिओम-4 मिशन का प्रशिक्षण ले रहे थे। शुक्ला के यहां पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने और उसके बाद अपने गृहनगर लखनऊ जाने की उम्मीद है। उम्मीद है कि वह 22-23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह में भाग लेने के लिए राजधानी में वापस आएंगे। शुक्ला ने इंस्टाग्राम पर एक हवाई जहाज में बैठे हुए अपनी एक मुस्कुराती हुई तस्वीर पोस्ट की और साथ में लिखा कि अमेरिका छोड़ते समय वह मिश्रित भावनाओं से भरे हुए थे और अपने अनुभव सभी के साथ साझा करने के लिए भारत लौटने को लेकर उत्सुक हैं। शुक्ला ने पोस्ट किया, ''भारत वापसी के लिए विमान में बैठते ही मेरे दिल में कई तरह की भावनाएं उमड़ रही हैं। मुझे उन शानदार लोगों को पीछे छोड़कर जाने का दुख है जो इस मिशन के दौरान पिछले एक साल से मेरे दोस्त और परिवार थे। मैं मिशन के बाद पहली बार अपने सभी दोस्तों, परिवार और देश के सभी लोगों से मिलने को लेकर भी उत्साहित हूं। मुझे लगता है जिदगी यही है।'' उन्होंने कहा, ''मिशन के दौरान और उसके बाद सभी से अविश्वसनीय प्यार और समर्थन पाकर, मैं भारत वापस आने पर आप सभी के साथ अपने अनुभव साझा करने के लिए उत्सुक हूं। अलविदा कहना कठिन होता है, लेकिन हमें जीवन में आगे बढ़ते रहना चाहिए। जैसा कि मेरी कमांडर पैगी व्हिटसन बड़े प्यार से कहती हैं, 'अंतरिक्ष उड़ान में एकमात्र स्थिर चीज परिवर्तन है'। मेरा मानना है कि यह बात जीवन पर भी लागू होती है।''

**लाल किले से पीएम मोदी**

## दिवाली तक घटेंगी जीएसटी दरें : प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को घोषणा की कि दिवाली तक जीएसटी की दरें कम कर दी जाएंगी, जिससे रोजमर्रा के उपयोग की वस्तुओं की कीमतें कम हो जाएंगी। उनकी सरकार मुकदमेबाजी और कर चोरी से ग्रस्त आठ साल पुरानी जीएसटी व्यवस्था में सुधार करना चाहती है। 79वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री की घोषणा के तुरंत बाद, केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने कहा कि उसने प्रस्ताव दिया है कि ज़्यादातर वस्तुओं और सेवाओं पर दो स्लैब – मानक और योग्यता – में कर लगाया जाएगा और कुछ चुनिंदा वस्तुओं पर विशेष दरें लगाई जाएँगी। यह मौजूदा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) ढांचे की जगह लेगा, जहाँ वस्तुओं की बिक्री और सेवाओं पर चार अलग-अलग स्लैब – 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत – में कर लगता है। विलासिता और अहितकर वस्तुओं पर 28 प्रतिशत की उच्चतम दर के ऊपर कर लगाया जाएगा। मोदी ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा, इस दिवाली मैं आपके लिए दोहरी दिवाली बनाने जा रहा हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में उनकी सरकार ने जीएसटी में बड़े सुधार किए हैं। उन्होंने कहा, हमने राज्यों के साथ चर्चा की है और हम अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार ला रहे हैं, जिससे पूरे देश में कर का बोझ कम होगा। उन्होंने कहा, आम आदमी की ज़रूरत की चीज़ों पर टैक्स में भारी कमी आएगी। हमारे एमएसएमई को इससे बहुत फ़ायदा होगा। रोज़मर्रा की चीज़ें सस्ती हो जाएँगी, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था भी मज़बूत होगी। जीएसटी, जिसमें अनेक कर और स्थानीय शुल्क सम्मिलित थे, 1 जुलाई, 2017 को लागू किया गया था।






## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 17 अगस्त, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, भाद्रपद कृष्णपक्ष नवमी, 19:25 तक, नक्षत्र : रोहिणी, 27:16 तक, योग : व्याघात, 25:36 तक, सूर्योदयः 5:14, सूर्यास्तः 18:08, चन्द्रोदय : 23:55, चन्द्रास्तः 13:07, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : सिंह, चन्द्र राशि : वृषभ, राहू काल : 16:27 से 18:02

## साप्ताहिक : राशिफल
## 17-08-25 से 23-08-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** यह सप्ताह आपके लिए कुछ कमजोर रहने वाला है। बुजुर्ग लोगों को इस सप्ताह किसी बात को लेकर तनाव रहेगा। वहीं, गृहस्थ जीवन बिता रहे लोगों के जीवन में खुशियां आएंगी। धन के मामले में यह सप्ताह काफी कुछ लेकर आ रहा है। आपको फायदा होगा। इस सप्ताह आपकी किसी काम को लेकर कोई चिंता थी तो वह दूर होती दिख रही है। आपको आने वाले सप्ताह में पुराने निवेशों से भी अच्छा लाभ मिलेगा। करियर को लेकर यह सप्ताह अच्छा रहने वाला है। बिजनेस की बात करें तो आप किसी को भी पार्टनर ना बनाएं और अपने बिजनेस की योजना पर पूरा फोकस करें।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** यह सप्ताह इस राशि के लिए अच्छा रहेगा। आपको इस समय में अपने कामों पर फोकस बनाए रखना है। यदि किसी बात को लेकर परेशान चल रहे थे तो आपकी यह समस्या दूर हो जाएगी। वैवाहिक जीवन में तालमेल बनाकर चलना होगा। आने वाल सप्ताह में आपको कोई खुशखबरी मिल सकती है। नौकरी में कोई समस्या है तो वह भी आसानी से दूर होगी। आपको इस सप्ताह रुका हुआ धन मिलने की संभावना है। आप अपने खर्चों पर रोक लगाएं, वरना मुसीबतों का सामना करना पड़ सकता है।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** आपके लिए यह सप्ताह सामान्य रहने वाला है। इस समय में प्रेम जीवन में पड़े लोगों को थोड़ा सतर्क रहना होगा। गृहस्थ जीवन में परिवार के सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा। धन को लेकर आप इस सप्ताह किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह ले सकते हैं। आप इस समय में किसी इन्वेस्टमेंट को लेकर सतर्क रहें। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई को लेकर सतर्क रहना होगा। इस सप्ताह कुछ समस्याएं आने की संभावना है। पढ़ाई पर फोकस बनाने की कोशिश करेंगे। यह सप्ताह आपके लिए सेहत को लेकर कमजोर रहने वाला है।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** यह सप्ताह आप हर काम सोच समझ कर ही करें। वरना बड़ा नुकसान हो सकता है। शादीशुदा लोग अपने रिश्ते को बेहतर तरीके से जीएंगे। किसी काम को लेकर परेशान चल रहे थे तो आपकी समस्या का समाधान होगा। अपने खर्चों का लेखा-जोखा सही से रखें तो बेहतर रहेगा। इस सप्ताह आपकी इनकम बढ़ सकती है, लेकिन खर्चों पर भी लगाम लगानी पड़ेगी। किसी अजनबी पर भरोसा करना नुकसानदेह हो सकता है। करियर के लिहाज से यह सप्ताह मिला-जुला रहेगा।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** यह सप्ताह आपके लिए मिले हुए परिणाम लेकर आएगा। इस सप्ताह गृहस्थ जीवन में कुछ तनाव महसूस हो सकता है, जिस कारण आपके जीवनसाथी से दूरी बढ़ सकती है। धन की बात करें तो इस सप्ताह सोच-समझ कर खर्च करें, तो अच्छा रहेगा। वहीं, व्यवसाय कर रहे लोगों को आने वाले सप्ताह में कुछ महत्वपूर्ण और नए मौका मिलेंगे। ध्यान से काम करें। इस संबंध में कुछ यात्राएं भी करनी पड़ सकती हैं। इस सप्ताह नौकरीपेशा लोगों को थोड़ी मेहनत ज्यादा करनी होगी, तभी परिणाम आपके पक्ष में आएंगे।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** यह सप्ताह आपके लिए थोड़ी चिंता लेकर आने रहा है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को नए सप्ताह में अपने साथी के व्यवहार से परेशानी होगी। गृहस्थ जीवन में यदि तालमेल नहीं बैठाया तो रिश्तों में दूरियां बढ़ेंगी। धन को लेकर इस सप्ताह थोड़ा सचेत रहें क्योंकि आपको किसी निवेश से नुकसान होने की संभावना है। इनकम के सोर्स पर आप ध्यान दें। करियर में आपको अच्छे मौके मिलेंगे, लेकिन आपको मेहनत अधिक करनी होगी। विद्यार्थियों को इस सप्ताह नए कोर्स में एडमिशन मिल सकता है।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** यह सप्ताह आपके लिए उन्नति दिलाने वाला रहेगा। प्रेमी लोग नए सप्ताह में अपनी समस्याओं को मिल बैठकर दूर करें। सफलता मिलेगी। वैवाहिक जीवन में बिना बेवजह समस्याएं बढ़ेंगी। ध्यान रखें। धन के मामले में यह सप्ताह बेहतर रहेगा लेकिन निवेश करते समय ज्यादा उतावलापन मत दिखाएं, वरना नुकसान हो सकता है। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को भी लाभ मिलेगा। इस समय कोई बड़ा काम अपने हाथ में ले सकते हैं। बिजनेस कर रहे लोगों को नए सप्ताह में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ेगा।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** यह सप्ताह आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। लोग अपने रिश्ते को बेहतर तरीके से निभाएंगे। माहौल खुशनुमा रहेगा। गृहस्थ जीवन में सप्ताह कुछ कंफ्यूजन होने से समस्याएं आएंगी। आप कोई ऐसी बात ना करें जिससे कि मन परेशान हो। धन के मामले में यह सप्ताह आपको अच्छे लाभ देगा। इस समय आपको डूबा हुआ धन भी मिल सकता है। इससे आपकी स्थिति मजबूत बनेगी। नौकरी में कार्यरत लोगों को सहयोगियों से मदद मिलेगी। इससे आपके काम आसानी से पूरे होंगे।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** यह सप्ताह आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। इस सप्ताह किसी बेवजह के वाद-विवाद में ना पड़े। अपने साथी पर भरोस रखें। धन के मामले में यह सप्ताह मिला-जुला रहेगा, लेकिन आप अपने खर्चों को बेतहाशा बढ़ाने से नुकसान हो सकता है। आप यदि किसी से धन को लेकर कोई वादा करेंगे तो वह समस्या बन सकता है। विद्यार्थियों का कंसंट्रेशन कमजोर रहेगा। आपको इस समय किसी विषय में बदलाव करने से भी नुकसान हो सकता है। इस सप्ताह अपनी सेहत को प्राथमिकता दें।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** यह सप्ताह आपके लिए कुछ उलझने लेकर आने वाला है। इस सप्ताह प्रेम में पड़े लोग अपने रिश्ते को लेकर परेशान रहेंगे। गृहस्थ जीवन जी रहे लोग इस सप्ताह अपने रिश्ते में खुशियां महसूस करेंगे। यह सप्ताह आपके लिए धन के मामले में थोड़ा चिंता दिख रहा है। आपको इस सप्ताह अपने बेफिजूल खर्चों पर रोक लगाना पड़ेगा। आप अपने इनकम के सोर्स पर ध्यान दें। कोई ऐसा कार्य ना करें, जिससे भविष्य में आपको धन की कमी का सामना करना पड़े। वहीं, बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा लाभ होने की संभावना है। डूबा हुआ धन भी समय से मिल सकता है।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** यह सप्ताह आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। प्रेमी लोग ज्यादा टेंशन मत पालें। आपके मन में यदि कोई बात हो तो आप अपने साथी को बताएं। वैवाहिक जीवन के लोग इस हफ्ते अपने रिश्ते में अहम को दूर रखें। इस सप्ताह धन को लेकर थोड़ा सतर्क रहें। नए सप्ताह में निवेश करने से पहले किसी अनुभव व्यक्ति से सलाह अवश्य लें। बिजनेस कर रहे लोगों को सप्ताह में इधर-उधर के कामों को छोड़कर अपने कामों पर फोकस लगाना होगा।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** यह सप्ताह आपके लिए मिलाजुला रहेगा। प्रेमी जीवन जी रहे लोग अपने साथी के समक्ष प्रेम का इजहार करेंगे। गृहस्थ जीवन में आपको संयम बरतने की आवश्यकता है। आपको किसी बात को लेकर मनमर्जी नहीं चलानी है। आपको इस सप्ताह मनचाहे धन के प्रति होगी और आप अपने खर्चे में भी कोई कटौती नहीं करेंगे। आपकी इनकम भी बढ़ेगी। आप निवेश के बारे में भी सोचें। व्यवसाय कर रहे लोगों को कुछ लोगों का पूरा साथ मिलेगा, जो उनके व्यवसाय में चार चांद लगाएंगे।

# राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन



**जगत प्रकाश नड्डा**
**केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

भारत के आदिवासी समुदाय, जो कि कुल जनसंख्या का 8.6% हैं, राष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत के मूल तत्व का प्रतिनिधित्व करते हैं। फिर भी, इन समुदायों के कई व्यक्ति जानकारी के अभाव में सिकल सेल नामक अनुवांशिक बीमारी से जूझ रहे हैं। दशकों से इस बीमारी ने उनके स्वास्थ्य के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक विकास पर भी गहरा असर डाला है, और यह बीमारी भौगोलिक अलगाव एवं स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित पहुँच के कारण और भी जटिल हो गई है। इस गंभीर आवश्यकता को पहचानते हुए, भारत सरकार ने माननीय प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में जुलाई 2023 में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन की शुरुआत की। इस मौलिक पहल का उद्देश्य न केवल सिकल सेल के आनुवांशिक संचरण का उन्मूलन करना है, बल्कि इस रोग से प्रभावित लाखों लोगों के सम्मान और स्वास्थ्य को भी बहाल करना है।

सिकल सेल रोग में लाल रक्त कोशिकाओं का आकार बदल जाता है, जिससे उनकी ऑक्सीजन वहन करने की क्षमता कम हो जाती है और धीरे-धीरे गंभीर स्वास्थ्य संबंधी जटिलताएं उत्पन्न होने लगती हैं। आदिवासी जनसंख्या के बीच इसका प्रभाव विशेष रूप से गहरा है, क्योंकि वे इस आनुवंशिक बीमारी से असमान रूप से प्रभावित होते हैं। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज एस्टिमेट्स (2021) रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्रति वर्ष अनुमानित 82,500 बच्चों का जन्म सिकल सेल रोग के साथ होता है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 ने इस संकट से निपटने के लिए आधार तैयार किया और इसकी विशिष्ट स्वास्थ्य आवश्यकताओं पर ज़ोर इसी के आधार पर, केंद्रीय बजट 2023 में छडउ-एच् की घोषणा की गई, जिसमें वित्त वर्ष 2025-2026 तक 40 वर्ष से कम आयु के 7 करोड़ व्यक्तियों की मिशन मोड में जाँच करने का लक्ष्य रखा गया। कार्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत क्रियान्वित किया गया, जिससे यह विश्व स्तर पर सबसे बड़े जनसंख्या-आधारित आनुवंशिक जाँच कार्यक्रमों में से एक बन गया है। इस मिशन का उद्देश्य 2047 तक डउऊ के आनुवंशिक संचरण को समाप्त करना और पहले से ही इससे पीड़ित लोगों को व्यापक देखभाल प्रदान करना भी है।

पहले दो वर्षों में, स्वास्थ्य मंत्रालय और राज्यों के संयुक्त प्रयासों से इस मिशन के अंतर्गत उल्लेखनीय परिणाम प्राप्त हुए हैं। 31 जुलाई 2025 तक, 17 उच्च-व्यापकता वाले राज्यों के 300 से अधिक जिलों में 6.07 करोड़ से अधिक व्यक्तियों की जांच की जा चुकी है। जांच किए गए व्यक्तियों में से 2.16 लाख रोगग्रस्त पाए गए, जबकि 16.92 लाख को वाहक के रूप में पहचाना गया। विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि 95% मामले केवल पाँच राज्यों-ओडिशा, मध्य प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र-में केंद्रित हैं।

छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर के नवापारा की एक युवा आदिवासी लड़की मीना की कहानी इस मिशन के सकारात्मक प्रभाव का प्रतीक है। जांच अभियान के दौरान नैदानिक परीक्षण किए जाने पर, मीना को निकट के एक उप-स्वास्थ्य केंद्र में नामांकित किया गया। प्रशिक्षित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ), एएनएम और आशा कार्यकर्ता ने यह सुनिश्चित किया कि उसे निःशुल्क हाइड्रोक्सीयूरिया औषधि समय पर मिलती रहे, जिससे सिकल सेल रोग के लक्षणों में उल्लेखनीय कमी आई। आज, मीना पहले से कहीं अधिक स्वस्थ है और अपने समुदाय में आनुवंशिक रोगों के परामर्श में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है।

स्क्रीनिंग प्रयासों में तेज़ी लाने के लिए, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (खउचठ) द्वारा अनुमोदित पॉइंट-ऑफ-केयर (झेउ) डायग्नोस्टिक उपकरणों को लगाया गया है। शुरुआत में इनकी संख्या केवल तीन तक सीमित थी, जो अब बढ़कर 30 से अधिक हो गई है। इससे प्रति किट लागत 100 से घटकर 28 हो गई है। इस पहल ने डउऊ के लिए लागत-प्रभावी और कुशल डायग्नोस्टिक क्षमताएँ सुनिश्चित की हैं।

इस मिशन का कार्यान्वयन केवल स्क्रीनिंग पर केंद्रित नहीं है; यह एससीडी से पीड़ित व्यक्तियों की समग्र देखभाल को भी प्राथमिकता देता है। मिशन के अंतर्गत प्रबंधन हस्तक्षेपों में निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ, आवश्यक दवाओं और निदान तक पहुँच शामिल है। सिकल सेल रोग के प्रबंधन के लिए एक प्रमुख दवा, हाइड्रॉक्सीयूरिया, को राष्ट्रीय आवश्यक औषधि सूची (ईडीएल) में शामिल किया गया है और अब यह आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप-स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध है, जिससे अंतिम व्यक्ति तक इसकी पहुँच सुनिश्चित होती है।

यह मिशन सिकल सेल रोग के उन्मूलन की प्रमुख रणनीतियों के रूप में आनुवंशिक परामर्श और जन जागरूकता पर भी ज़ोर देता है। अब तक 2.62 करोड़ से अधिक आनुवंशिक स्टेटस कार्ड वितरित किए जा चुके हैं, जिससे लोगों को उपयोगी स्वास्थ्य जानकारी प्राप्त हुई है। ये कार्ड परामर्श और उचित निर्णय लेने का एक प्रभावी माध्यम बन गए हैं, जो परिवारों को ऐसे विकल्प चुनने में मदद करते हैं जिनसे आनुवंशिक संचरण का जोखिम कम हो सकता है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों और जनजातीय कार्य मंत्रालय से प्राप्त वित्तीय सहायता के आधार पर, पंद्रह स्वास्थ्य परिचर्या संस्थानों/मेडिकल कॉलेजों को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए चुना गया है। ये संस्थान प्रसवपूर्व निदान और गंभीर सिकल सेल रोग जटिलताओं के प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जिससे जोखिम वाले परिवारों को विशेष परिचर्या सुनिश्चित की जाती है। इसके अतिरिक्त, अक्टूबर 2024 में आयोजित एक राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों को सिकल सेल रोग प्रबंधन की जटिलताओं का प्रभावी ढंग से समाधान करने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान किए गए हैं। मिशन की सफलता थहेश्रश-ेष-र्त्रें-शीपाशर्पी के दृष्टिकोण पर आधारित है, जिसके तहत स्वास्थ्य मंत्रालय, जनजातीय कार्य मंत्रालय, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय तथा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को भी शामिल किया गया है। यह अंतर-मंत्रालयी समन्वय जनजातीय स्वास्थ्य के सामाजिक-सांस्कृतिक और भौगोलिक आयामों का समाधान करते हुए समग्र कार्यान्वयन सुनिश्चित करता है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग द्वारा समर्थित अनुसंधान-आधारित गतिविधियों ने इस मिशन की लागत-प्रभावशीलता और रोगी परिणामों में उल्लेखनीय सुधार किया है।

हालांकि इस मिशन की अब तक की उपलब्धियाँ बेहद सराहनीय हैं, स्वास्थ्य मंत्रालय अब मिशन की दीर्घकालिक प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने पर केंद्रित है। अब मिशन का तात्कालिक ध्यान आनुवंशिक परामर्श, जन जागरूकता अभियानों और आनुवंशिक स्टेटस कार्डों के वितरण के विस्तार पर होगा। सामुदायिक स्तर के मंचों का प्रभावी उपयोग यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण होगा कि प्रत्येक वाहक और रोगग्रस्त व्यक्ति को आवश्यक परिचर्या और सहायता प्राप्त हो। उन्नत अनुसंधान प्रयास मिशन की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होंगे।

इस मिशन की असली भावना इसके आदर्श हमारे संघर्षकर्ताओं को साथ, हमारे उत्तरजीवियों को संबल, और हमारे योद्धाओं को समर्थन में निहित है। राजनीतिक इच्छाशक्ति, वैज्ञानिक नवाचार और जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन के संयोजन से भारत सिकल सेल एनीमिया को समाप्त करने और लाखों लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए तत्पर है।

जैसे-जैसे भारत वर्ष 2047 तक सिकल सेल रोग उन्मूलन के अपने लक्ष्य की ओर आत्मविश्वास से आगे बढ़ रहा है, सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन इसमें आशा की किरण बनकर उभरा है। यह इस बात का द्योतक है कि जब सरकार, स्वास्थ्य सेवा पेशेवर और समुदाय समान हित के लिए एकजुट होते हैं, तो क्या कुछ प्राप्त नहीं किया जा सकता है। हम सब मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी व्यक्ति को इस रोग के कारण होने वाले दर्द और पीड़ा को न सहना पड़े।

सिकल सेल एनीमिया के विरुद्ध भारत की लड़ाई सिर्फ़ एक आनुवंशिक रोग से लड़ने तक सीमित नहीं है-यह हाशिए पर रहने वाले हमारे देश के समूहों के लिए समानता, सम्मान और स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता है। मीना जैसी महिलाओं के अनुभवी मार्गदर्शन में, यह मिशन लक्षित स्वास्थ्य सेवा पहलों की परिवर्तनकारी शक्ति का प्रमाण है, जो जनजातीय स्वास्थ्य चुनौतियों के समाधान में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

आइए, इस अभूतपूर्व प्रयास का जश्न मनाएं और एक स्वस्थ, अधिक समावेशी भारत के निर्माण के अपने संकल्प को दोहराएं।

## बंगाल की खबरें

### श्रावण माह के अवसर पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का वृहत आयोजन संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** चिकित्सा सेवा कार्यों को गतिशील रखते हुए सोसायटी बेनिफिट सर्किल ने श्रावण माह के शुभावसर पर कावंड़ियों के सेवार्थ निःशुल्क चिकित्सा शिविर का छह सप्ताहव्यापी वृहत आयोजन किया। हरिपाल अंचल के माल्या स्टेशन के निकट श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति का विश्रामस्थल के प्रांगण में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोसाइटी बेनिफिट सर्किल ने अपने चिकित्सालय में एवं विश्रामस्थल के अंदर दो स्थानों में निःशुल्क प्राथमिक चिकित्सा का आयोजन किया। जिसमें 44,232 कांवड़ियों की चिकित्सा सेवा की गई। साथ ही, कांवड़ियों के लिए फिजियोथेरेपी एवं तेल मालिश मसाज की भी निःशुल्क व्यवस्था की गई थी। संस्था के सभापति बिमल दीवान, अध्यक्ष पवन बंसल के नेतृत्व में प्रधान सचिव आदित्य विक्रम तुलस्यान, कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल (नीम का थाना), सुभाष चंद्र गोयनका, सुभाष सावलदावाला, मनोज चौधरी, दुर्शी चंद्र अग्रवाल, दीपक जालान, मनीष धानुका, महेश गोयनका, सचिन अग्रवाल, मोहित सुरेका, महेश काबरा, सुमित झुनझुनवाला, प्रदीप गोयनका, संजय थरड, विनय संथालिया, शिव राम झुनझुनवाला, अनु मिश्रा,अरुण झुनझुनवाला आदि ने शिविर को सफल बनाने में भागीदारी निभाई। इस शिविर के साथ साथ संस्था प्रत्येक माह की भांति 158 चश्मों का निःशुल्क वितरण भी किया। सभी जानकारी संस्था के प्रधान सचिव आदित्य विक्रम तुलस्यान (चीकू) ने दी।

### वार्ड 63 में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह



**कोलकाता :** महानगर के वार्ड 63 के विभिन्न स्थानों स्वतंत्रता दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गये, जहां स्थानीय पार्षद व बोरो सात की चेयरपर्सन सुष्मिता भट्टाचार्य चटर्जी ने झंडोत्तोलन किया। बताया गया है कि वार्ड के कॉलीन स्ट्रीट, रफी अहमद किदवई रोड, सदर स्ट्रीट, चौरंगी लेन, मिर्जा गालिब स्ट्रीट समेत अन्य जगहों पर झंडा फहराया गया। इस मौके पर वार्ड 63 के तृणमूल अध्यक्ष बब्लू पाइन के साथ-साथ स्थानीय निवासी व तृणमूल कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गन एंड शेल फैक्टरी (जीएसएफ), काशीपुर ने 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया




**कोलकाता, समाज्ञा :** गन एंड शेल फैक्टरी (जीएसएफ), काशीपुर ने शुक्रवार को अपने परिसर में 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। समारोह की शुरुआत जीएसएफ के सुबीर कुमार साहा, आईओएफएस, मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई, जिसके बाद राष्ट्रगान गाया गया और रक्षा सुरक्षा कोर द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए मुख्य महाप्रबंधक महोदय ने रक्षा क्षेत्र में निर्माणी के निरंतर योगदान और राष्ट्र सेवा के प्रति हमारी दृढ़ प्रतिवद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की और सभी कर्मचारियों से एकता, अखंडता और अनुशासन के मूल्यों को बनाए रखने का आग्रह किया।

### 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' पर मार्च आयोजित




**कोलकाता, समाज्ञा :** 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के अवसर पर साइंस सिटी ऑडिटोरियम के अलावा इंडियन म्यूजियम, नेशनल लाइब्रेरी, मेटाकैफ हॉल, विक्टोरिया मेमोरियल आदि स्थानों पर पैनल डिस्कशन, विभाजन पर बनी विशेष डॉक्युमेंट्री की स्क्रीनिंग, श्यामा प्रसाद मुखर्जी की दृष्टिकोण पर आधारित विशेष प्रदर्शनी और 'एज दे सॉ पार्टीशन 1947' नामक पुस्तक का विमोचन हुआ। इसके साथ ही एक मौन मार्च भी आयोजित किया गया। साइंस सिटी में आयोजित इस कार्यक्रम में जिनमें इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, नई दिल्ली के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर के. अनिल कुमार, नेशनल काउंसिल ऑफ साइंस म्यूज़ियम्स के डायरेक्टर जनरल अरिजित दे चौधरी, बंगाल बीजेपी के प्रीतम दत्ता, स्टेट बीजेपी की वाइस प्रेसिडेंट डॉ. मधुचंदा कर और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति के हमीरागाछी विश्रामगृह में कांवड़ियों की सेवा के साथ स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय ध्वज तोलन उपलक्ष्य में महेश काबरा, राजकुमार टिबड़ेवाल, महेश पचलागिया, अंजलि मुख़र्जी, बास्की यादव, हरिपाल ओसी, बनती खंडेलवाल, दीपक अग्रवाल, उमा शंकर जोशी, मनीष धानुका, बृजेश गुप्ता, उत्सव बाजोरिया इत्यादि उपस्थित थे।

### रक्तदान शिविर और कवि सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न



**हुगली, समाज्ञा :** माखला मां विंध्यवासिनी नागरिक सेवा समिति दलूईपाड़ा ने स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर रक्तदान शिविर सांस्कृतिक कार्यक्रम और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें आसपास के लोगों ने उत्साहित होकर हिस्सा लिया। बच्चों के द्वारा हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम में कुल 24 बच्चों ने भाग लिया। कवि सम्मेलन में कुल छह कवि थे। प्रदीप सिंह, रजनीश शुक्ला, नन्दकिशोर झा, देवेश मिश्रा, वंदना पाठक, और आदित्य त्रिपाठी ने अपनी कविताओं से श्रोताओं का मन मोह लिया। समिति के अध्यक्ष नवल किशोर सिंह सचिव, प्रकाश सिंह कोषाध्यक्ष रमेश पांडे रक्तदाताओं, बच्चों और कवियों एव विशिष्ट अतिथि साबरी सोरेन, सुधीर झा, मनोज सिंह, निरंजन झा, अमित सिंह, सूर्य भूषण सिंह, गुलाब चौधरी को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेट कर सभी को सम्मानित किया गया। आयोजनकर्ताओ में मुख्य रूप से नवीन पाठक, बिपिन झा, संजय सिंह, रंगबहादुर सिंह, कमलेश सिंह, आशीष सिंह, रविंद्रलाल जायसवाल, विजेंद्र सिंह, ओम प्रकाश चौधरी, उदय भान सिंह, नित्यानंद झा कामाख्या सिंह, साहिल सिंह, सौरभ सिंह, सत्यदेव शुक्ला, सुजीत पांडे, नीरज ओझा, दीपक सिंह, अमर प्रसाद, राजू झा, हिमांशु प्रसाद, अरविंद झा, संजय चौधरी, नंदू सिंह भास्कर भारती, कृष्ण देव शुक्ला, मुकेश प्रसाद शर्मा, संजय वर्मा और भी समिति के अन्य गणमान्य लोगों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अहम योगदान दिया।

### बिनायक एन्क्लेव का स्वतंत्रता दिवस और खूंटी पूजा का कार्यक्रम सम्पन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को बिनायक एन्क्लेव परिसर में सोसाइटी द्वारा झंडोतोलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। झंडोतोलन सोसाइटी के अध्यक्ष कौस्तभ घोष के द्वारा किया गया। इस अवसर पर एन्क्लेव के सैकड़ो लोग उपस्थित थे। सोसाइटी के सचिव गौतम दत्त और अन्य गणमान्य लोगों ने झंडोतोलन के उपरांत अपने विचार रखे। स्वतंत्रता दिवस समारोह संपन्न होने के बाद मां दुर्गा का आह्वान करते हुए खूंटी पूजा का कार्यक्रम मंत्रोच्चार के साथ प्रारम्भ हुआ। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद एवं बराहनगर म्युनिसिपालिटी के उपाध्यक्ष दिलीप नारायण बोस, विधायक सायंतिका बनर्जी कार्यक्रम के सफल होने की शुभकामनायें एवं बधाई और हर सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम को सफल करने में एन्क्लेव की महिलाओं ने भी पूरा सहयोग किया।

## वर्ग पहेली नं। 3179

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | ■ | 7 | | | 8 | ■ | 9 | |
| 10 | | 11 | | ■ | 12 | | 13 | ■ | |
| | ■ | | ■ | 14 | | ■ | 15 | | |
| ■ | 16 | | | | ■ | 17 | | ■ | ■ |
| 18 | | | ■ | 19 | 20 | ■ | 21 | | 22 |
| | ■ | | ■ | 23 | | | | ■ | |
| 24 | 25 | ■ | 26 | ■ | | ■ | ■ | 27 | |
| 28 | | ■ | 29 | | | | | ■ | |

*बायें से दायें :-* 1) मगजपट्टी; फ़ालतू बात, 4) ताँबा और जस्ता का मिश्र धातु, 7) प्रारब्धवादी, 9) वह नहीं, 10) एक पांडव, 12) जीवन, 14) जी; चित्त, 15) नियुक्त करना *(नौकर)*, 16) चाक़-चौकस, 17) हिम्मत, 18) घड़ा, 19) अप्सरा, 21) नष्ट, 23) विस्तार-पूर्वक, 24) अमृत, 27) स्थगित, 28) पानी, 29) लूटपाट; बलपूर्वक.

*ऊपर से नीचे :-* 1) वर्षा होना, 2) अविराम, 3) बुलावा; गुहार, 5) निर्धारित, 6) फहराना, 8) दीपक, 11) मृत्यु, 13) गीला, 14) अभद्र; अमंगल, 16) वर्ष, 18) झक-झक; वाक्कलह; विवाद, 20) सप्ताहान्त, 22) सहानुभूति, 25) पानी का सोता; तीखा छोर, 26) लंबाई का एक पुराना नाप *(36 इंच लंबा)*. *(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | त | ब | ल | ■ | आ | तं | क | वा | द |
| मा | ■ | ■ | ल | गा | म | ■ | री | स | ■ |
| ल | घु | शं | का | ■ | र | स्म | ■ | र | बी |
| ■ | से | ■ | र | म | ण | ■ | दा | ■ | मा |
| ज | ड़ | ■ | ना | ग | ■ | अ | व | ता | र |
| म | ना | ना | ■ | ज़ | मा | न | त | ■ | ■ |
| ना | ■ | जा | ल | ■ | ल | व | ■ | ह | फ़्ता |
| ■ | ■ | य | ती | म | ■ | र | ई | सी | ■ |
| म | ह | ज़ | ■ | स | म्म | त | ■ | ना | श्ता |

**Mob. No. 08329510310**

## सुडोकू-पहेली-3136

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | 9 | | |
| 3 | | 1 | | 6 | | | | |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| 6 | | | | 1 | | | 8 | 9 |
| | | 5 | 7 | | | | | |
| | | 8 | | 9 | | 7 | | |
| 4 | | 2 | | | | | | 1 |
| | | | | | | | | |
| | | 6 | | 7 | | | 4 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3135 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 1 | 2 | 8 |
| 5 | 3 | 9 | 2 | 1 | 8 | 4 | 6 | 7 |
| 2 | 1 | 8 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 9 |
| 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 3 | 8 | 2 | 1 | 7 | 9 | 6 | 5 | 4 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 3 | 9 | 1 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 7 | 6 |
| 8 | 5 | 7 | 6 | 9 | 1 | 2 | 4 | 3 |
| 9 | 4 | 6 | 7 | 3 | 2 | 8 | 1 | 5 |

# आज बंगाल की स्थिति 1946 जैसी : शुभेंदु अधिकारी

## 1946 में कलकत्ता नरसंहार की बरसीं पर मारे गए लोगों की याद में निकाली गई रैली

**कोलकाता, समाज्ञा**

1946 में ग्रेट कलकत्ता किलिंग (कलकत्ता नरसंहार) की बरसीं पर मारे गए लोगों की याद में शनिवार को महानगर में एक विशाल रैली निकाली गई। कलकत्ता हाई कोर्ट की सशर्त अनुमति से बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी की अगुवाई में आयोजित यह रैली शाम में कालेज स्क्वायर से शुरू होकर धर्मतल्ला के रानी रासमणि एवेन्यू में समाप्त हुई, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं व अन्य लोगों ने



हिस्सा लिया। रैली में गोपाल मुखर्जी की एक तस्वीर सामने रखी गई थी। इस दौरान संवाददाताओं से बातचीत में भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने ममता सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 1946 की घटनाएं 2025 में फिर से प्रासंगिक हो गई हैं। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी के शासन में आज बंगाल की स्थिति भी 1946 जैसी हो गई है। उन्होंने कहा कि जिस तरह 1946 में नरसंहार के नाम पर पूरे कोलकाता को दंगाइयों द्वारा शेष कर दिया गया था और हिंदुओं को निशाना बनाया गया था। आज तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल का वही हाल कर दिया है। रैली में बड़ी संख्या में साधु-संत भी शामिल हुए। रैली में शामिल लोग भगवा झंडा लिए थे।

शुभेंदु ने ग्रेट कलकत्ता किलिंग के दिन तृणमूल कांग्रेस सरकार द्वारा राज्य में खेला होबे दिवस के रूप में मनाने को लेकर भी आलोचना की। रैली में भाजपा पार्षद मीना देवी पुरोहित, पार्षद विजय ओझा, भाजपा नेता तमघ्न घोष सहित अन्य नेता उपस्थित रहे। रैली की अनुमति खोला हवा नामक स्वयंसेवी संगठन के नाम पर ली गई थी।

# राष्ट्रपति ने आरजी कर पीड़िता के माता-पिता को दिया अपने समर्थन का आश्वासन

**❑ पीड़िता के पिता ने कहा... 'राष्ट्रपति हमारा सहयोग करेंगी, तो हमें न्याय मिलना आसान हो जाएगा'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में पिछले साल नौ अगस्त को दरिंदगी की शिकार हुई प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के माता-पिता को अपने समर्थन का आश्वासन दिया है। राष्ट्रपति ने इस बाबत उन्हें एक मेल भेजा है। इससे पीड़िता के माता-पिता को कुछ राहत मिली है। इससे पहले न्याय की मांग करते हुए पीड़िता के माता-पिता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से मिलने की कोशिश की थी। हाल में वे राष्ट्रपति से मिलने के लिए दिल्ली गए थे। लेकिन वे नहीं मिले। पीड़िता के पिता ने कहा कि मुझे राष्ट्रपति का एक मेल मिला है। राष्ट्रपति ने कहा है कि उनके एक करीबी सहयोगी हमसे संपर्क में रहेंगे।



वे हमारी समस्याओं का समाधान करने की कोशिश करेंगे। पीड़िता के पिता ने कहा कि अब हमें थोड़ी उम्मीद जगी है। अगर राष्ट्रपति हमारा सहयोग करेंगी, तो हमें न्याय मिलना आसान हो जाएगा।

---

**❑ राष्ट्रपति भवन ने आरजी कर पीड़िता के अभिभावक की याचिका पर मुख्य सचिव को दिया निर्देश**

आरजी कर पीड़िता के माता-पिता द्वारा सुरक्षा मुहैया कराने की अपील के जवाब में राष्ट्रपति भवन ने राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत को मामले पर गौर करने का निर्देश दिया है। बता दें कि पीड़िता के पिता ने 10, 11 और 12 अगस्त को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को तीन ई-मेल लिखे, जिनमें आरोप लगाया गया कि उन्हें अत्यधिक यातना और अस्तित्व का खतरा झेलना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमने सब कुछ खो दिया है। यह आपके कार्यालय को हमारा तीसरा ई-मेल है। कृपया जवाब दें। मुख्य सचिव को 14 अगस्त को भेजे गए ई-मेल में राष्ट्रपति भवन ने कहा कि संलग्न ई-मेल याचिका भारत की राष्ट्रपति को संबोधित है। कृपया याचिका पर की गई कार्रवाई से याचिकाकर्ता को सीधे अवगत कराया जाए। राष्ट्रपति सचिवालय के अवर सचिव गौतम कुमार द्वारा भेजे गए ई-मेल में यह भी कहा गया है, याचिकाकर्ता से अनुरोध है कि वह मामले में आगे की जानकारी के लिए सीधे प्राप्तकर्ता (जिसके पास याचिका भेजी गई है) से संपर्क करे।

# मुख्यमंत्री ममता ने स्वतंत्रता दिवस पर राज्यपाल से की मुलाकात

**❑ स्वतंत्रता दिवस पर राजभवन में एट होम समारोह में ममता व अन्य विशिष्ट अतिथि हुए शामिल**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को 79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शाम में राजभवन में आयोजित एट होम समारोह में हिस्सा लेकर राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस से मुलाकात की और एक-दूसरे का अभिवादन किया। ममता के आगमन पर राज्यपाल बोस और उनकी पत्नी ने उनका स्वागत किया। ममता के साथ विधानसभा अध्यक्ष बिमान बंद्योपाध्याय, राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत व डीजीपी राजीव कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी थे। मुख्यमंत्री ने समारोह में वाममोर्चा के अध्यक्ष बिमान बोस और वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप भट्टाचार्य समेत



कई गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकात की। हर साल की तरह एट होम समारोह में मुख्यमंत्री सहित विभिन्न दलों के राजनेता, विभिन्न सरकारी विभागों के शीर्ष अधिकारी एवं विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट लोग शामिल हुए। सेना की पूर्वी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी सहित तीनों सेनाओं एवं अर्धसैनिक बलों के वरिष्ठ अधिकारी भी समारोह में उपस्थित रहे। इस मौके पर ममता ने संवाददाताओं से कहा कि स्वतंत्रता दिवस सभी का है, यह राजनीतिक मतभेदों का दिन नहीं है।

## तृणमूल नेता के भतीजे ने फुटबाल मैच के दौरान रेफरी को लात मारी, गिरफ्तार

**❑ रेफरी द्वारा तृणमूल नेता समर्थित टीम के एक गोल को अस्वीकार करने के बाद घटी घटना**

**पश्चिम मेदिनीपुर :** पश्चिम मेदिनीपुर जिले में शनिवार को एक फुटबाल मैच के दौरान रेफरी को लात मारने के आरोप में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेता व मेदिनीपुर नगरपालिका के अध्यक्ष के भतीजे राजा खान को गिरफ्तार किया गया। इस घटना को लेकर भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच राजनीतिक टकराव छिड़ गया है। इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो प्रसारित हुआ है जिसमें नगरपालिका अध्यक्ष के भतीजे को एक फुटबाल मैच में बाधा डालते और रेफरी के पेट में लात मारते देखा जा रहा है। घटना में शामिल युवक की पहचान राजा खान के रूप में हुई, जो मेदिनीपुर नगरपालिका के अध्यक्ष सौमेन खान का भतीजा है। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि मेदिनीपुर शहर के एक स्थानीय खेल के मैदान में जूनियर फुटबाल मैच चल रहा था और एक टीम को राजा खान का संरक्षण प्राप्त था। विवाद तब शुरू हुआ जब रेफरी लक्ष्मण मंडी ने राजा खान द्वारा समर्थित टीम के एक गोल को अस्वीकार कर दिया। आरोप है कि इसके बाद राजा खान अपने कुछ लोगों के साथ मैदान में घुस आए और मैच में बाधा डाली, रेफरी से तीखी बहस की और अंतत: उनके पेट में लात मार दी। घटना के समय उनके चाचा पालिक अध्यक्ष सौमेन खान अतिथि के रूप में मौजूद थे। पीड़ित रेफरी एक स्कूल के शिक्षक और खड़गपुर सबडिवीजन रेफरी एसोसिएशन के सदस्य हैं। बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह तृणमूल कांग्रेस की असली संस्कृति को दर्शाता है। दूसरी ओर, तृणमूल ने भी इस घटना की निंदा की है।

## राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने लोगों को दीं जन्माष्टमी की शुभकामनाएं

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डा सीवी आनंद बोस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को लोगों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। बोस ने राज्य के सभी लोगों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि भगवान कृष्ण की शिक्षाएं उन्हें धर्म, कर्म, न्याय और समता के सही मार्ग पर ले जाएंगी। राजभवन द्वारा जारी आधिकारिक बयान में बोस के हवाले से कहा गया, भगवान कृष्ण का दिव्य प्रेम और ज्ञान हमारा मार्ग प्रकाशित करे। उनकी दिव्य शिक्षाएं हमें धर्म, कर्म, न्याय और समता के सही मार्ग पर चलने का साहस प्रदान करें। वहीं, ममता ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैं जन्माष्टमी के पावन अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं।

**पश्चिम मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र संख्या 33/2025**

निविदा सं. 81255343A जिसके खुलने की तिथि 04/08/2025 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/84/2025 के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गए है-**निविदा क्रमांक एवं संक्षिप्त विवरण**-81255343A **विवरण:** Manufacture and Supply of Pre tensioned Pre Stressed Concrete (PSC) Sleeper Set. **Tender Opening date**-From-18/08/2025 To-29/08/2025. अद्धतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट https://www.ireps.gov.in देखे। **(हस्ता.)**

**कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे/जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत बाली, कटवा एवं डानकुनी स्टेशनों में 3 वर्षों की अवधि के लिए सामान्य पे एंड यूज शौचालय के संचालन एवं रखरखाव के लिए नई संविदा की सुपुर्दगी हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। यह ई-नीलामी रेलवे बोर्ड की फ्रेट मार्केटिंग सर्कुलर सं. 11 ऑफ 2022 तथा कमर्शियल सर्कुलर सं. 14 ऑफ 2022 के अनुसार संचालित की गई है। और अधिक विवरण तथा ई-नीलामी में भाग लेने के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिए ई-नीलामी पट्टा प्रारूप देखें। **नीलामी सूचीपत्र सं.:** पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-27-8-25, **नीलामी की तारीख एवं समय:** 27.08.2025 को 13.30 बजे। **लॉट सं./श्रेणी:** (1) पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-बीएलवाई-टीओआई-46-25-1; **स्टेशन:** बाली। (2) पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-केडब्ल्यूई-टीओआई-74-25-1; **स्टेशन:** कटवा। (3) पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-डीकेई-टीओआई-70-25-1; **स्टेशन:** डानकुनी। (HWH-250/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**बैण्डेल और कटवा के बीच एक जोड़ी ट्रेन निरस्त रहेगी**

रात के समय ट्रैक रखरखाव कार्य के लिए, हावड़ा मंडल के तहत बैण्डेल-कटवा शाखा में नवद्वीप धाम और पाटुली स्टेशनों के बीच अप लाइन पर दिनांक **18.08.2025 (सोमवार) से 30.08.2025 (शनिवार) तक** 13 दिनों के लिए प्रति रात 03 **घंटे (02.10 बजे से 05.10 बजे तक) ट्रैफिक ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। फलस्वरूप, **37741 बैण्डेल – कटवा लोकल** और **37742 कटवा – बैण्डेल लोकल** ट्रेनें दिनांक 18.08.2025 (सोमवार), 19.08.2025 (मंगलवार), 20.08.2025 (बुधवार), 21.08.2025 (बृहस्पतिवार), 22.08.2025 (शुक्रवार), 23.08.2025 (शनिवार), 24.08.2025 (रविवार), 25.08.2025 (सोमवार), 26.08.2025 (मंगलवार), 27.08.2025 (बुधवार), 28.08.2025 (बृहस्पतिवार), 29.08.2025 (शुक्रवार) और 30.08.2025 (शनिवार) को **निरस्त** रहेंगी। **टिप्पणी:** ब्लॉक अवधि के दौरान स्पेशल या विलंब से चलने वाली ट्रेन, यदि कोई हो, मार्ग में सुविधानुसार नियंत्रित की जाएगी/परिवर्तित मार्ग पर चलाई जाएगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## दूसरा हुगली ब्रिज नहीं रहेगा बंद, कोलकाता पुलिस ने जारी की नई अधिसूचना

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस ने घोषणा की थी कि दूसरा हुगली ब्रिज शनिवार की रात से बंद रहेगा, लेकिन अधिसूचना वापस ले ली गई। पिछले आदेश के अनुसार, ब्रिज शनिवार की रात 9 बजे से रविवार की रात 9 बजे तक बंद रहना था। लेकिन कोलकाता पुलिस ने उस आदेश को रद्द कर दिया। नई अधिसूचना के अनुसार, ब्रिज बंद नहीं होगा। परिणामस्वरूप, यातायात सामान्य रहेगा। कोलकाता पुलिस द्वारा पिछले शनिवार को एक अधिसूचना जारी की गई थी। इसी तरह, यह घोषणा की गई थी कि हुगली ब्रिज शनिवार की रात 9 बजे से रविवार सुबह 9 बजे तक, यानी 24 घंटे के लिए बंद रहेगा। अधिसूचना में कहा गया



है कि कोना एक्सप्रेस और दूसरा हुगली ब्रिज मरम्मत और रखरखाव के काम के लिए बंद रहेगा। पता चला है कि हावड़ा सिटी पुलिस और एचआरबीसी यानी हुगली रिवर ब्रिज कमिश्नर अधिकारियों के पास अन्य काम हैं। और इसीलिए माना जा रहा है कि कोलकाता पुलिस की पिछली अधिसूचना को शनिवार को कोलकाता पुलिस ने रद्द कर दिया है।

## 22 वर्षों से अवैध रूप से भारत में रह रहा बांग्लादेशी नागरिक हावड़ा स्टेशन से गिरफ्तार

**❑ त्रिपुरा सीमा के जरिए 22 साल पहले भारत में हुआ था दाखिल, यहीं पर शादी भी कर ली**

**हावड़ा, समाज्ञा :** करीब 22 वर्षों से अवैध रूप से भारत में रह रहे एक बांग्लादेशी नागरिक को पुलिस ने हावड़ा स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया है। वह अगरतला से यहां था और हावड़ा स्टेशन से ट्रेन पकड़कर मजदूरी के लिए चेन्नई जाने की फिराक में था। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम मिजान मियां है। शुक्रवार को हावड़ा के गोलाबाड़ी थाने की पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। पुलिस ने मिजान के खिलाफ विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।पूछताछ में पता चला है कि वह 22 साल पहले त्रिपुरा से लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा के जरिए अवैध तरीके से अगरतला में घुस आया था। इसके बाद उसने वहां फर्जी भारतीय आधार कार्ड, पैन कार्ड और



वोटर कार्ड बनवा लिया। बाद में उसने एक स्थानीय महिला से शादी भी कर ली। उसकी एक बेटी है। पूछताछ में मिजान ने खुलासा किया कि कुछ सालों से वह चेन्नई में मजदूरी का काम कर रहा था। कुछ दिन पहले वह चेन्नई से वापस अगरतला आया था। आरोप है कि वहां उसने इंटरनेट मीडिया पर केंद्र सरकार और भाजपा की आलोचना करते हुए कुछ पोस्ट भी किया था। इसके बाद अगरतला के स्थानीय भाजपा नेताओं ने दावा किया था कि मिजान असल में बांग्लादेशी है। पंचायत स्तर के नेताओं ने उसकी तस्वीर पोस्ट की थी। इसके बाद, मिजान अगरतला से वापस चेन्नई जाना चाहता था। शुक्रवार की सुबह जब वह हावड़ा स्टेशन पहुंचा, तो कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं ने उसे घेर लिया। इसकी सूचना गोलाबाड़ी थाने को दी गई। मिजान ने पुलिस के सामने कबूल किया कि वह बांग्लादेशी है। भाजपा के प्रदेश सचिव उमेश राय ने आरोप लगाया कि बांग्लादेशी इसी तरह सीमा पार करके भारत में घुस रहे हैं। वे यहां फर्जी पहचान पत्र बनवा रहे हैं। यहां तक की इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट कर भारत सरकार की आलोचना कर रहे हैं। यह सब अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**पूर्व रेलवे**

संक्षिप्त निविदा सूचना सं. केपीए-ईआरएस-ओटी-33बी-25-26, दिनांक 13.08.25; उप मुख्य विद्युत अभियंता, पूर्व रेलवे वर्कशॉप, कांचरापाड़ा, उत्तर 24-परगना, डाकघर-कांचरापाड़ा, पिन-743145 (पबं) द्वारा नीचे उल्लिखित कार्य के निष्पादन हेतु ई-निविदा के लिए निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है : **विवरण :** 1500 एम्पियर्स ईपी लाइन कंटैक्टर की पीओएच/मरम्मत/री-कंडीशनिंग एवं जांच, मात्रा: 63 अदद। **निविदा मूल्य:** जीएसटी एवं अन्य सभी शुल्कों के साथ रु. 1,42,08,163.20। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 04.09.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **समापन अवधि:** 36 महीने। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिए जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। (MISC-166/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## जायसवाल संरक्षक संघ और प. बं. जायसवाल युवा मंच का स्वतंत्रता दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** जायसवाल संरक्षक संघ और प. बं. जायसवाल युवा मंच, कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संस्था के निर्माणाधीन भवन के प्रांगण में ध्वजारोहण एवं स्वेच्छा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कोलकाता एवं हावड़ा से स्वजातीय बंधुओं के अलावा विभिन्न वर्गों और समुदाय के लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया जिसमें 91 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकर्ताओं और कार्यकारिणी सदस्यों में प्रमुख रुप से संयोजक अवधेश साव, अध्यक्ष उमाशंकर जायसवाल, सचिव राजेश जायसवाल, कोषाध्यक्ष प्रभात जायसवाल, कार्यक्रम चेयरमैन विकास जायसवाल (डब्बू), रतन लाल गुप्ता, विजय साव, कृष्ण चन्द जायसवाल, उमेश चंद गुप्ता, प्रभाकर जायसवाल, रिकी गुप्ता, नवीन गुप्ता,




संतोष जायसवाल, संजय गुप्ता, आशीष जायसवाल, सरोज जायसवाल, दीपक जायसवाल, हरिश्चन्द्र जायसवाल, सुरेश जायसवाल, राजेश जायसवाल, रामानंद जायसवाल, सुमित जायसवाल, शिव नारायण जायसवाल, राजीव जायसवाल, कुंदन जायसवाल, दीप चंद गुप्ता, सिद्धार्थ जायसवाल, आतिश जायसवाल, अभिषेक जायसवाल, पंकज जायसवाल, राजेश साव, विकास साव, राज जायसवाल,गगन जायसवाल, विक्रम जायसवाल, नारायनी जायसवाल, रीता गुप्ता, पूजा साव, पूजिता जायसवाल, नैन्सी जायसवाल, राजश्री जायसवाल, पूनम जायसवाल, संगीता जायसवाल, सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में रामअवध जायसवाल, रामसूरत जायसवाल, शंभू नाथ जायसवाल, ध्रुव चंद जायसवाल, मेवालाल जायसवाल, जवाहर लाल जायसवाल, भागवत दास जायसवाल आदि ने हिस्सा लिया।

## नौकरी गंवाने वाले शिक्षक की ब्रेन हेमरेज से मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) की नियुक्तियों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद नौकरी गंवाने वाले 26,000 लोगों में शामिल 35 वर्षीय एक शिक्षक की शुक्रवार को ब्रेन हेमरेज (मस्तिष्काघात) से मौत हो गई। इसके बाद सहकर्मियों विरोध प्रदर्शन किया। मृतक सुबल सोरेन एलिजिबल जाबलेस टीचर्स फोरम के सदस्य थे। उनकी पत्नी संध्या सोरेन ने बताया कि उनके पति नौकरी खोने के बाद से बहुत तनाव में थे। सुबल सोरेन 11 अगस्त को बीमार पड़ गए थे, जिसके बाद उन्हें पश्चिम मेदिनीपुर जिले के डेबरा अस्पताल ले जाया गया। वहां से उन्हें कोलकाता के एक निजी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां वह पिछले चार दिनों से इलाज करा रहे थे। फोरम के सदस्यों ने आरोप लगाया कि 2016 में एसएससी की दूषित चयन प्रक्रिया के कारण सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला आया, जिससे नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों को अत्यधिक मानसिक तनाव झेलना पड़ा।

# भूपतिनगर में विस्फोटकों के साथ तृणमूल नेता गिरफ्तार

**पूर्व मेदिनीपुर :** तीन वर्ष पहले, पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर थाना अंतर्गत अर्जुननगर पंचायत के नैराबिला गांव में तृणमूल बूथ अध्यक्ष राजकुमार मन्ना का घर एक बम विस्फोट में ध्वस्त हो गया था। तृणमूल नेता, उसके भाई और एक अन्य व्यक्ति के क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ था। अब उसी भूपतिनगर में बम और बारूद की आपूर्ति के आरोप में पुलिस ने एक प्रभावशाली तृणमूल नेता सुबीर माइती को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, उसे भूपतिनगर थाना क्षेत्र में अपनी कार में बम बनाने वाले विस्फोटरों ले जाते हुए पकड़ा गया। लगभग 35 किलो बारूद और अन्य विस्फोटक बरामद हुआ है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, सुबीर भूपतिनगर-2 प्रखंड के कमलनयनबार गांव में एक दुकान भी चलाता है। आरोप है कि वह इस व्यवसाय की आड़ में बम बनाने वाले विस्फोटक और बारूद का कारोबार करता था। यह भी पता चला है कि तृणमूल नेता और व्यवसायी विभिन्न बम और पटाखा कारखानों को बम बनाने वाले मसालों की आपूर्ति (अवैध रूप से) करते थे।

शुक्रवार रात पुलिस ने एक गुप्त सूत्र से मिली सूचना पर छापेमारी की। इलाके के प्रभावसाली नेता के रूप में जाने जाने वाले सुबीर को पकड़ लिया गया। पुलिस का कहना है कि वे पिछले दस दिनों से भूपतिनगर में विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर रहे हैं। इसका उद्देश्य अवैध पटाखों से पैसा वसूलना है। पिछले शुक्रवार की रात एक व्यक्ति को अवैध पटाखा मसाला इटाबेरिया बाजार ले जाते हुए गिरफ्तार किया गया था। उसके पास से लगभग 35 किलो पटाखा मसाला जब्त किया गया।

## दमदम कैंटोनमेंट से जय हिंद एयरपोर्ट तक मेट्रो खंड का निरीक्षण



**कोलकाता, समाज्ञा :** दमदम कैंटोनमेंट से जय हिंद विमानबंदर तक की येलो लाइन के खंड का निरीक्षण शुक्रवार को रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस)/एनएफ सर्कल सुमीत सिंघल ने किया। इस दौरान उन्होंने मेट्रो संचालन से जुड़े सभी उप-प्रणालियों जैसे ट्रैक, ट्रेन और आपातकालीन प्रतिक्रिया सुविधाओं का विस्तृत निरीक्षण किया, जो किसी भी मेट्रो खंड को यात्रियों के लिए खोलने की पूर्व शर्त है। उन्होंने दमदम कैंटोनमें से जय हिंद विमानबंदर तक 0 ट्रॉली निरीक्षण भी किया। इसके साथ ही जय हिंद विमानबंदर से नोआपाड़ा स्टेशन तक और वापस स्पीड ट्रायल भी संपन्न हुई। निरीक्षण के दौरान मेट्रो रेलवे के प्रधान मुख्य अभियंता अनुज मित्तल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। सीआरएस ने खंड की तैयारियों को संतोषजनक बताया। सीआरएस की औपचारिक मंजूरी मिलने के बाद नोआपाड़ा से जय हिंद विमानबंदर तक का यह खंड चालू किया जाएगा। नई मेट्रो सेवा के शुरू होने से कोलकाता की शहरी परिवहन व्यवस्था में सुधार होगा और शहर में निर्बाध आवागमन सुनिश्चित होगा।



**पूर्व रेलवे का उपहार**

**पूजा स्पेशल ट्रेनें**

हावड़ा एवं रक्सौल, सियालदह एवं गोरखपुर, आसनसोल एवं गोरखपुर तथा आसनसोल एवं पटना के बीच



आगामी **पूजा, दिवाली एवं छठ** के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, **हावड़ा एवं रक्सौल, सियालदह एवं गोरखपुर, आसनसोल एवं गोरखपुर तथा आसनसोल एवं पटना** के बीच **स्पेशल ट्रेनें** नीचे उल्लेखित संक्षिप्त समय-सारणी, ठहराव, यात्रा के दिन एवं गठन के अनुसार चलाई जाएंगी:-

**03043/03044 हावड़ा-रक्सौल-हावड़ा पूजा स्पेशल ट्रेन (साप्ताहिक)**

| हावड़ा-रक्सौल | | | (03043)(03044) | रक्सौल-हावड़ा | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| यात्रा के दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | यात्रा के दिन |
| शनिवार | - | 23.00 | ↓ हावड़ा | 10.50 | - | सोमवार |
| | 23.53 | 23.55 | बैण्डेल | 09.42 | 09.44 | |
| रविवार | 01.14 | 01.16 | बर्द्धमान | 08.51 | 08.53 | |
| | 03.00 | 03.05 | आसनसोल | 05.45 | 05.55 | |
| | 04.58 | 05.00 | जसीडीह | 03.36 | 03.38 | |
| | 16.15 | - | रक्सौल ↑ | - | 17.45 | रविवार |

उपरोक्त स्पेशल ट्रेनें यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में मार्ग में दुर्गापुर, चित्तरंजन, मधुपुर, झाझा, किऊल, बरौनी, दलसिंह सराय, समस्तीपुर, दरभंगा, कमतौल, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी एवं बैरगनिया स्टेशनों में भी ठहरेंगी। **यात्रा की तारीख/दिनः हावड़ा से - 03043** दिनांक 27/09, 04/10, 11/10, 18/10, 25/10, 01/11, 08/11 एवं 15.11.2025 (शनिवार) = 08 ट्रिप एवं **रक्सौल से - 03044** दिनांक 28/09, 05/10, 12/10, 19/10, 26/10, 02/11, 09/11 एवं 16.11.2025 (रविवार) = 08 ट्रिप। **गठन :** वातानुकूलित 2-टीयर-01, वातानुकूलित 3-टीयर-02, शयनयान श्रेणी-09, साधारण द्वितीय श्रेणी (एलएस)-04, एलएसएलआरडी-01 एवं पावर कार-01 = 18 कोच। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस।

**03527/03528 आसनसोल-गोरखपुर-आसनसोल पूजा स्पेशल ट्रेन (साप्ताहिक)**

| आसनसोल-गोरखपुर | | | (03527)(03528) | गोरखपुर-आसनसोल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| यात्रा के दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | यात्रा के दिन |
| शुक्रवार | - | 13.20 | ↓ आसनसोल | 20.45 | - | शनिवार |
| | 13.42 | 13.44 | चित्तरंजन | 19.16 | 19.18 | |
| | 14.25 | 14.27 | मधुपुर | 18.32 | 18.34 | |
| | 14.47 | 14.49 | जसीडीह | 18.06 | 18.08 | |
| | 17.09 | 17.11 | किऊल | 15.00 | 15.02 | |
| शनिवार | 03.30 | - | गोरखपुर ↑ | - | 06.30 | |

उपरोक्त स्पेशल ट्रेनें यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में मार्ग में जामताड़ा, झाझा, बरौनी जंक्शन, शाहपुर पटोरी, हाजीपुर जंक्शन, सोनपुर, छपरा, सीवान जंक्शन, भटनी जंक्शन एवं देवरिया सदर स्टेशनों में भी ठहरेंगी। **यात्रा की तारीख/दिनः आसनसोल से - 03527** दिनांक 26/09, 03/10, 10/10, 17/10, 24/10, 31/10 एवं 07.11.2025 (शुक्रवार) = 07 ट्रिप एवं **गोरखपुर से - 03528** दिनांक 27/09, 04/10, 11/10, 18/10, 25/10, 01/11 एवं 08.11.2025 (शनिवार) = 07 ट्रिप। **गठन :** वातानुकूलित 2-टीयर-02, वातानुकूलित 3-टीयर-06, शयनयान श्रेणी-07, साधारण द्वितीय श्रेणी (एलएस)-04, एलएसएलआरडी-01 एवं पावर कार-01 = 21 कोच। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस।

**03131/03132 सियालदह-गोरखपुर-सियालदह पूजा स्पेशल ट्रेन (द्वि-साप्ताहिक)**

| सियालदह-गोरखपुर | | | (03131)(03132) | गोरखपुर-सियालदह | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| यात्रा के दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | यात्रा के दिन |
| मंगलवार, गुरुवार | - | 18.15 | ↓ सियालदह | 07.30 | - | गुरुवार, शनिवार |
| | 19.49 | 19.51 | बर्द्धमान | 04.51 | 04.53 | |
| | 21.33 | 21.38 | आसनसोल | 02.50 | 02.55 | |
| | 23.14 | 23.16 | जसीडीह | 00.51 | 00.53 | |
| बुधवार, शुक्रवार | 03.25 | 03.35 | पटना | 19.45 | 19.55 | बुधवार, शुक्रवार |
| | 10.30 | - | गोरखपुर ↑ | - | 13.00 | |

उपरोक्त स्पेशल ट्रेनें यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में मार्ग में दुर्गापुर, चित्तरंजन, मधुपुर, झाझा, जमुई, किऊल, मोकामा, बख्तियारपुर, राजेन्द्र नगर, पाटलीपुत्र, दिघवाड़ा, छपरा, सीवान एवं देवरिया सदर स्टेशनों में भी ठहरेंगी। **यात्रा की तारीख/दिनः सियालदह से - 03131** दिनांक 30/09, 02/10, 07/10, 09/10, 14/10, 16/10, 21/10, 23/10, 28/10, 30/10, 04/11, 06/11, 11/11, 13/11 एवं 18.11.2025 (मंगलवार एवं गुरुवार) = 15 ट्रिप एवं **गोरखपुर से - 03132** दिनांक 01/10, 03/10, 08/10, 10/10, 15/10, 17/10, 22/10, 24/10, 29/10, 31/10, 05/11, 07/11, 12/11, 14/11 एवं 19.11.2025 (बुधवार एवं शुक्रवार) = 15 ट्रिप। **गठन :** वातानुकूलित 3-टीयर-04, शयनयान श्रेणी-10, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)-06, एसएलआरडी-02 = 22 कोच। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस।

**03511/03512 आसनसोल-पटना-आसनसोल पूजा स्पेशल ट्रेन (साप्ताहिक)**

| आसनसोल-पटना | | | (03511)(03512) | पटना-आसनसोल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| यात्रा के दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | यात्रा के दिन |
| रविवार | - | 13.20 | ↓ आसनसोल | 04.50 | - | सोमवार |
| | 13.42 | 13.44 | चित्तरंजन | 03.31 | 03.33 | |
| | 13.57 | 13.59 | जामताड़ा | 03.18 | 03.20 | |
| | 14.25 | 14.27 | मधुपुर | 02.44 | 02.46 | |
| | 14.47 | 14.49 | जसीडीह | 02.17 | 02.19 | |
| | 20.15 | - | पटना ↑ | - | 21.55 | रविवार |

उपरोक्त स्पेशल ट्रेनें यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में मार्ग में झाझा, किऊल, मोकामा, बख्तियारपुर, पटना साहिब एवं राजेन्द्र नगर स्टेशनों में भी ठहरेंगी। **यात्रा की तारीख/दिनः आसनसोल से - 03511** दिनांक 19/10, 26/10, 02/11 एवं 09.11.2025 (रविवार) = 04 ट्रिप एवं **पटना से - 03512** दिनांक 19/10, 26/10, 02/11 एवं 09.11.2025 (रविवार) = 04 ट्रिप। **गठन :** वातानुकूलित 2-टीयर-01, वातानुकूलित 3-टीयर-04, शयनयान श्रेणी-11, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)-06 एवं एसएलआरडी-02 = 24 कोच। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

न्यूज अपडेट

## रूबी पार्क पब्लिक स्कूल में 79वां स्वतंत्रता दिवस उत्सव धूमधाम से मनाया गया




**कोलकाता, समाज्ञा :** स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ पर रूबी पार्क पब्लिक स्कूल में देशभक्ति की भावना का अद्भुत नजारा देखने को मिला। विद्यालय की प्राचार्या मौसमी मोहापात्रा ने तिरंगे ध्वज का ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारतीय तटरक्षक बल, रक्षा मंत्रालय के डीआईजी अनूप कुमार सतपथी उपस्थित रहे, जिन्होंने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। ध्वजारोहण के बाद भारत स्काउट्स और गाइड्स द्वारा भव्य परेड प्रस्तुत की गई, जिसने शहीदों की याद दिलाई। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम की गाथा और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। गीत, संगीत और नृत्य प्रस्तुतियों ने वातावरण को देशभक्ति से सरोबर कर दिया। कार्यक्रम का समापन औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर प्राचार्या मौसमी महापात्र ने कहा कि, स्वतंत्रता दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि साहस, दृष्टि और एकता से ही हम अपना भविष्य गढ़ सकते हैं।

## श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी विद्यालय में 79वां स्वतंत्रता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी विद्यालय में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभात फेरी से हुआ, जिसमें विद्यालय के गणमान्य सदस्य और शिक्षण स्टाफ सम्मिलित हुए। इस अवसर पर छात्र विभाग के अध्यक्ष प्रकाश चंद नाहर, बालक विभाग के अध्यक्ष माल चंद सिंघी, बालिका विभाग के मंत्री विजय चोपड़ा, छात्र समिति के सदस्य तेज करण बोथरा, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूनम सिंह, रेक्टर माधुरी शर्मा सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। प्रभात फेरी के पश्चात विद्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया गया और राष्ट्रगान गूंजा, जिसने सभी के हृदयों को गर्व से भर दिया। इसके उपरांत छात्र विभाग के अध्यक्ष प्रकाश चंद नाहर ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता का महत्व, हमारे राष्ट्रीय नायकों के बलिदान तथा नागरिक कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। इसके बाद, तेज करण बोथरा ने भी अपने विचार साझा किए।

## चिरेका में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस



**चित्तरंजन :** चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) में 79वां स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह स्थल डॉ। बी। आर। अंबेडकर खेल परिसर में चिरेका के महाप्रबंधक विजय कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। समारोह की शुरुआत चिरेका सांस्कृतिक संगठन के सदस्यों द्वारा राष्ट्रगान से हुई। चिरेका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा किरण बधान की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इसमें चिरेका महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं, प्रमुख विभागाध्यक्ष, वरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं एसोसिएशन व यूनियन के सदस्य, प्रेस एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे। महाप्रबंधक श्री कुमार ने रेल सुरक्षा बल, नागरिक सुरक्षा, सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड और चिरेका भारत स्काउट एवं गाइड के स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत परेड का निरीक्षण किया। विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिन्हें सभी ने सराहा। अपने संबोधन में श्री कुमार ने स्वतंत्रता सेनानियों व अमर शहीदों को नमन किया और चालू वित्तीय वर्ष में चिरेका द्वारा 302 रेल इंजनों के सफल उत्पादन पर पूरी टीम को बधाई दी। समारोह का समापन वंदे मातरम के साथ हुआ। डानकुनी इकाई, महिला कल्याण संगठन की शिशु विहार, आशा किरण, मशाला सेंटर और चिरेका रेल सुरक्षा बल ने भी राष्ट्रीय तिरंगा फहराया।

## श्री जैन विद्यालय, कोलकाता में स्वतंत्रता दिवस समारोह



**कोलकाता, समाज्ञा :** 15 अगस्त को श्री जैन विद्यालय, कोलकाता के प्रांगण में 79वें स्वतंत्रता दिवस अत्यंत उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय ने एक भव्य समारोह का आयोजन किया। समारोह की शुरुआत विद्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध उद्योगपति इंद्रज मल भूतोड़िया तथा सम्मानित अतिथि के रूप में प्रतिष्ठित उद्योगपति सुनील गोयनका, विद्यालय अध्यक्ष विनोद कांकरिया, सचिव मनोज कुमार बोथरा और प्रधानाचार्य संजय उपस्थित थे। ध्वजारोहण के पश्चात् विद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट्स ने मार्चपास्ट कर तिरंगे को सलामी दी। विद्यालय के प्राथमिक वर्ग के छात्रों ने देशभक्ति से प्रेरित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह का समापन विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री संजय कुमार पाण्डेय के समापन भाषण से हुआ। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका सुमिता कौशिक ने किया।

## जोड़ासांको जनता सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



**कोलकाता, समाज्ञा :** जोड़ासांको जनता सोशल वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में बड़ाबाजार स्टेट बैंक के सामने ध्वजारोहण और मिठाईयां वितरण कर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। संस्था के अध्यक्ष सुशील सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर बिनोद मिश्रा, मुन्ना मिश्रा, मो. लुकमान, मो. इंतखाब, कपिल राम, प्रदीप बर्मा, सिकंदर मिश्रा एवं अन्य समाजसेवी उपस्थित हुए।

# हावड़ा-जमालपुर वंदे भारत एक्सप्रेस का विस्तार

❑ केंद्रीय मंत्री ने दिखाई हरी झंडी






**कोलकाता/जमालपुर :** हावड़ा और भागलपुर के बीच चल रही वंदे भारत एक्सप्रेस का दायरा अब और बढ़ गया है। शनिवार को इस प्रतिष्ठित ट्रेन को जमालपुर तक विस्तार दिया गया और इसका औपचारिक शुभारंभ जमालपुर स्टेशन से हुआ। ट्रेन संख्या 22309/22310 अब हावड़ा-जमालपुर-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस के रूप में चलेगी, जो पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार के बीच क्षेत्रीय संपर्क को और सुदृढ़ करेगी। समारोह में केंद्रीय पंचायती राज, मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। इस अवसर पर विधायक अजय कुमार सिंह, विधायक प्रणब कुमार, विधान परिषद सदस्य लाल मोहन गुप्ता सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। मालदह मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी समारोह में शामिल हुए।

अपने संबोधन में ललन सिंह और सम्राट चौधरी ने कहा कि इस ट्रेन का विस्तार क्षेत्रीय संपर्क, व्यापार, शिक्षा और धार्मिक पर्यटन के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने इसे बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल की अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक कदम बताते हुए यात्रियों को तेज, आरामदायक और आधुनिक यात्रा की सुविधा देने वाला बताया। जनप्रतिनिधियों ने इसे भारतीय रेल के लिए ऐतिहासिक छलांग करार दिया।

हावड़ा से जमालपुर जाने वाली यह ट्रेन प्रतिदिन (शुक्रवार को छोड़कर) सुबह 7:45 बजे रवाना होकर दोपहर 2:15 बजे पहुंचेगी, जबकि वापसी दिशा में यह दोपहर 3:30 बजे जमालपुर से चलकर रात 10:05 बजे हावड़ा पहुंचेगी। मार्ग में बोलपुर, रामपुरहाट, दुमका, भागलपुर समेत आठ स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है। पूर्व रेलवे ने कहा है कि इस विस्तार से न केवल यात्रियों का समय बचेगा, बल्कि क्षेत्रीय विकास और पर्यटन को भी गति मिलेगी। आधुनिक सुविधाओं से युक्त हावड़ा-जमालपुर वंदे भारत एक्सप्रेस यात्रियों के लिए आरामदायक और पसंदीदा विकल्प बनने को तैयार है।

## अखिल भारतीय प्रगतिशील सुल्तानपुर समाज ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

**कोलकाता, समाज्ञा :** अखिल भारतीय प्रगतिशील सुल्तानपुर समाज का शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर झंडोत्तोलन का कार्यक्रम समाज कार्यालय में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज अध्यक्ष प्रदीप ओझा किए। कार्यक्रम में सूर्य नाथ सिंह, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह, बृजेन्द्र प्रताप सिंह, आनंद मोहन सिंह, अमर बहादुर सिंह, अनिल सिंह, प्रदीप सिंह, ओम प्रताप सिंह, राघवेंद्र सिंह एवं अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। झंडोत्तोलन कार्यक्रम के बाद समाज की नयी कार्यकारणी के गठन पर कार्यकारिणी के सदस्यों में विचार विमर्श किया गया। अंत में, वर्तमान कार्यकारिणी के कार्यों की सराहना के साथ सर्वसम्मति से पुनः समाज अध्यक्ष प्रदीप ओझा, महासचिव सुरेंद्र प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष अमर बहादुर सिंह एवं उनके अन्य पदाधिकारियों को समाज हित और प्रगति के लिए अपने पद पर रहकर कार्य करने का मौका दिया गया।

## कोलकाता एयरपोर्ट देशभक्ति के रंग में रंगा, तिरंगे संग यात्रियों ने साझा किया उत्साह



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत की आजादी के 79वें वर्षगांठ के अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (एनएससीबीआई), कोलकाता में स्वतंत्रता दिवस समारोह देशभक्ति की भावना और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एयरपोर्ट निदेशक डॉ. पी.आर. बेउरिया ने किया। उन्होंने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के वरिष्ठ अधिकारियों, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), सीमा शुल्क, आव्रजन विभाग, विभिन्न एयरलाइंस के प्रतिनिधियों, 'कल्याणमयी' महिला कल्याण संघ की सदस्याओं, हवाई अड्डे के कर्मचारियों और यात्रियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

इस अवसर पर डॉ. बेउरिया ने एएआई अध्यक्ष विपिन कुमार का संदेश पढ़ा, जिसमें प्रधानमंत्री के हर घर तिरंगा 2025 अभियान को सभी एएआई हवाई अड्डों पर सफलतापूर्वक चलाने और नागरिकों में एकता व देशभक्ति की भावना जगाने पर जोर दिया गया। डॉ. बेउरिया ने अपने संबोधन में कहा, स्वतंत्रता दिवस गर्व का दिन होने के साथ-साथ राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण का संकल्प भी है। एनएससीबीआई एयरपोर्ट यात्रियों को विश्वस्तरीय सेवाएं प्रदान करने के साथ तिरंगे के मूल्यों को निभाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित किया गया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ तथा हवाई अड्डे के संचालन में योगदान देने वाले सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर भगवान श्री कृष्ण के बाल स्वरूप कान्हा के रूप में सज-धज कर तैयार हुआ बच्चा।



मछुआ पेपर विक्रेता समिति के द्वारा 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडा फहराया गया। शाखा के सचिव अजीत सिंह, अमर पान्डेय, बादल और शाखा के सदस्य टीनू तिवारी, मनीष, आपा, मधू, वालीं, प्यारेलाल, दीपक, संजय और सैकड़ों सदस्य ने बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया।

## आइशर ट्रक्स एंड बस ने बारासात में नया 2एस डीलरशिप शुरू किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** वीई कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड की इकाई आइशर ट्रक्स एंड बस ने पश्चिम बंगाल के बारासात में अपना नया 2ड डीलरशिप 'फ्यूचर ऑटोमोबाइल एजेंसी प्रा। लि। का शुभारंभ किया। एनएच-12 पर रणनीतिक रूप से स्थित यह नई सुविधा मल्टीपल सर्विस बे, प्रशिक्षित तकनीशियनों और जेन्युइन स्पेयर पार्ट्स से लैस है। इससे कोलकाता, बारासात और सिलीगुड़ी जैसे प्रमुख परिवहन केंद्रों के ग्राहकों को तेज़ और बेहतर सेवा मिलेगी। उद्घाटन के अवसर पर वीईसीवी के ईवीपी रमेश राजगोपालन ने कहा कि यह डीलरशिप उत्कृष्ट ग्राहक अनुभव और उच्च अपटाइम देने की कंपनी की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगी। करीब 22,000 वर्गफुट क्षेत्र में फैली यह सुविधा फल-सब्जी व्यापार, पोल्ट्री और कृषि उत्पादों के परिवहन सहित स्थानीय बाज़ार की ज़रूरतों को पूरा करेगी।

## श्री बड़ाबाजार लोहापट्टी सेवा समिति ने स्कूली बच्चों के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस




**कोलकाता :** श्री बड़ाबाजार लोहापट्टी सेवा समिति ने जामीर बेड़िया स्थित अपने विश्रामगृह में स्कूली बच्चों के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया। झंडोत्तलन विजय कुमार खण्डेलवाल ने किया। समिति अध्यक्ष दिनेश कुमार बिहानी व सचिव गोविंद रांदड़ ने बताया कि इस अवसर पर 150 के करीब स्कूली बच्चों के बीच वॉटर बोतल, टिफ्फिन बॉक्स, पेंसिल बॉक्स, लड्डू मिठाई, फल, टॉफी और अन्य सामग्रियां बांटी गई। मास्टर विवान सिंघी ने सिंथाइजर पर देश भक्ति गीत सुनाये। बड़ी संख्या में लोहाबाजार से जुड़े व्यापारियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उपसभापति मुरारीलाल डिडवानिया, दिनेश कुमार कालानी, उपसचिव विजय दारुका , राजीव कुमार सिंघी ने बताया कि इस अवसर पर श्रावण मेला सेवा शिविर के संयोजक सुशील अग्रवाल, सुरेश झुनझुनवाला, संजय जैन, सचिन बेरीवाल, सोमनाथ कुमार के साथ समर्पित कार्यकर्ता रामअवतार सांगानेरिया, शिव कुमार अग्रवाल का सम्मान भी किया गया। मुकेश जिंदल, गौरीशंकर बेरीवाल, दाऊ लाल मूँधड़ा, सोहनलाल सिंघी, नथमल बिहानी, शिवकुमार डिडवानिया, राज कुमार खेड़िया, मनोज बंसल, रमेश कुमार बिहानी, राजेश कुमार बिहानी, बिमल छाजेड़, रमेश अग्रवाल, नवनीत सादानी, शिवकुमार अग्रवाल, सुरेंद्र बेरीवाल, अजय गोपालका, संजय तोदी, दिलीप मोदी, मनोहर अग्रवाल, बिमल चौधरी, बिपिन बेरीवाल, बंसी लाल मुंधड़ा, हिमांशु गौरिसरिया, गोपाल सरावगी, प्रदोष तिवारी, विजय केडिया, राम खण्डेलवाल, सतीश डोकानिया, विनय खण्डेलवाल, विनीत खण्डेलवाल, अनीश जिंदल, संजय सोमानी, नमन गुप्ता, मुरालीलाल माहेश्वरी, सौरभ कांकानी, आशीष साहा, प्रेम गोयल, रौशन जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, सिद्धान्त बिहानी आदि सभी आयोजन की सफलता के लिए सक्रिय रहें।राजेश जोशी ने मंच का संचालन किया।

# हेरिटेज ग्रुप ने स्वतंत्रता दिवस पर गर्व, श्रद्धा और भविष्य के संकल्प के साथ मनाया



**कोलकाता, समाज्ञा :** हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ने शुक्रवार को 79वां स्वतंत्रता दिवस गर्व, श्रद्धा और भविष्य की दृष्टि के साथ मनाया। समारोह की शुरुआत राष्ट्रध्वज फहराने के साथ हुई, जिसके बाद प्रेरणादायक भाषण और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के वाइस चेयरमैन विक्रम स्वरूप ने सभी को सीमाओं से परे सोचने की प्रेरणा दी, स्वतंत्रता हमें सपने देखने की शक्ति देती है, लेकिन भारत के भाग्य को आकार देने के लिए हमारी दृष्टि और हमारे कर्म ही निर्णायक होंगे। आइए, हम अपने राष्ट्र के लिए अपने सपनों में निडर बनें।

हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रिंसिपल प्रो. बसब चौधुरी ने भारत की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया, अंतरिक्ष अन्वेषण से लेकर तकनीकी नेतृत्व तक, भारत ने दुनिया को दिखाया है कि दृढ़ संकल्प क्या हासिल कर सकता है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि यह प्रगति कभी थमे नहीं।

कल्याण भारती ट्रस्ट के निदेशक प्रोबीर रॉय ने उद्देश्यपूर्ण कार्य का आह्वान किया, जो विरासत हमें मिली है, वह बलिदानों से गढ़ी गई है। हमारा कर्तव्य है कि हम इसे हर दिन समाज में सार्थक योगदान देकर सम्मानित करें।

हेरिटेज ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स के सीईओ प्रदीप अग्रवाल ने दिन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, स्वतंत्रता केवल कैलेंडर की एक तारीख नहीं-यह एक जीवंत जिम्मेदारी है। एक शिक्षक के रूप में हमारा कर्तव्य है कि हम युवा पीढ़ी को नैतिक, दृढ़ और दूरदर्शी बनाकर राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करें।

द हेरिटेज स्कूल के प्रिंसिपल सीमा सपारू ने भविष्य के प्रति अपनी आशा व्यक्त की, जब हम तिरंगे को सलामी देते हैं, तो हम उन आदर्शों की रक्षा की प्रतिज्ञा भी करते हैं-एकता, समानता और करुणा। भारत का भविष्य ऐसे बच्चों में है जो बुद्धिमान होने के साथ-साथ संवेदनशील भी हों।

न्यूज अपडेट

## कलकत्ता इलेक्ट्रिक ट्रेडर्स एसोसिएशन ने मनाया भव्य स्वतंत्रता दिवस



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के विद्युत व्यवसायियों की प्राचीनतम संस्था सीटा ने स्वतंत्रता दिवस का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ सदस्य धर्मेंद्र डागा द्वारा ध्वजारोहण और राष्ट्रगान से हुई। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष जीतेंद्र सुराणा ने संबोधन दिया और मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने अभिभाषण में शिक्षा और युवाओं की भूमिका को राष्ट्र निर्माण में सबसे अहम बताते हुए सदस्यों से निष्ठा और परिश्रम के साथ कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में संयुक्त सचिव अविनाश वर्मा, कोषाध्यक्ष राजकुमार बरडिया, सामाजिक उपसमिति के संयोजक जिनेश कुमार रामपुरिया, कार्यकारिणी सदस्य विनोद सिंह, जीतेंद्र बैद, अरविंद तिवारी बाबा, चंद्रेश मेघानी, भंवरलाल बैल, राजेंद्र कुमार लिंगा, राजाश्री दत्ता, विनीत भाटीया, हेमंत बागड़ी, आनंद चांदगोठिया सहित सीटा के पूर्व अध्यक्ष एवं भूतपूर्व सचिव मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मनीष चतुर्वेदी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष कमल कुमार सुराणा ने प्रस्तुत किया। मीडिया संयोजक हरेंद्र कुमार मिश्रा एवं सह संयोजक अरविंद तिवारी बाबा ने सूचना साझा की।



विवेक विहार फेज 4 और 5 में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम मे झण्डोत्तोलन करते हुए स्थानीय नागरिक।

## समर्पण ट्रस्ट व अंतर्राष्ट्रीय मारवाड़ी संगठन (अमास) ने संयुक्त रूप से मनाया स्वाधीनता दिवस



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत की आजादी की 79वीं वर्षगांठ के अवसर पर समर्पण ट्रस्ट एवं अंतर्राष्ट्रीय मारवाड़ी संगठन (अमास) के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य और गरिमामयी स्वाधीनता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अमास व ट्रस्ट के सभापति एवं पूर्व विधायक दिनेश बजाज द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। विशेष अतिथि के रूप में प्रसिद्ध कवि योगेन्द्र शर्मा तथा समीक्षा सिंह की उपस्थित रही। इस समारोह में प्रमुख रूप से भगवती प्रसाद सराफ, अशोक ढेडिया, सुशील तुलस्यान, पंकज भालोटिया, मनीष बजाज, कृष्णा कुमार भरतिया, पंकज अग्रवाल, राजीव जयसवाल, धर्मेंद्र जयस्वाल, हरी सोनी, अमन ढेडिया, गणेश दस जोशी, तथा अनिल सिंह सहित अनेक नागरिकों ने सहभागिता कर इस राष्ट्रीय पर्व को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया।

## हर्षवर्धन श्रृंगला का संसदीय प्रवेश : दार्जिलिंग-सिलीगुड़ी के लिए गर्व और अवसर का क्षण



**कोलकाता/सिलीगुड़ी :** पूर्व विदेश सचिव और वरिष्ठ राजनयिक हर्षवर्धन श्रृंगला राज्यसभा सदस्य बनने के बाद पहली बार अपने गृहनगर सिलीगुड़ी पहुँचे। इस मौके पर उनका स्वागत किया गया और उनके योगदान का सम्मान किया गया। श्रृंगला ने कहा कि राज्यसभा में उनका नामांकन दार्जिलिंग और गोरखा क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि अब वे स्थानीय जनता की सेवा कर उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, खेल और आधारभूत विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को अपनी प्राथमिकता बताया। श्री श्रृंगला ने कहा कि वे क्षेत्र को अधिक प्रगतिशील और समृद्ध बनाने के लिए निरंतर काम करेंगे।

## कलकत्ता वस्त्र व्यवसायी सेवा समिति ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता वस्त्र व्यवसायी सेवा समिति द्वारा चिनार पार्क स्थित सिद्धार्थ युनाईटेड सोशल वेलफेयर मिशन आश्रम में स्वतंत्रता दिवस समारोह पर झंडा तोलन किया गया। इस दौरान समिति की ओर से अनाथ आश्रम के सभी बच्चों को परिधान एवं खाद्य सामग्री वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति उपाध्यक्ष मुरारी लाल सराफ सह सचिव दयानंद गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक मनोज कुमार जैन, विवेक अग्रवाल, सदस्य अनिल कुमार गोयल, राकेश कुमार शर्मा, समाजसेवी डा. अशोक सिंह एवं बौद्ध धर्म गुरु डॉ. बुद्ध प्रीय महाथेरा कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय रहे। समिति अध्यक्ष महेन्द्र कुमार चौधरी, सचिव नन्दकिशोर भुतडा ने बताया कि समिति द्वारा समय-समय पर सेवा कार्य होते रहता है।

## गाजीपुर फ्रेंड्स क्लब ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



**कोलकाता, समाज्ञा :** गाजीपुर फ्रेंड्स क्लब द्वारा आयोजित 79वां स्वतंत्रता दिवस बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक संजय बक्शी ने झंडा तोरण किया। इस दौरान, रतन बनिक, दिनेश सिंह, अशोक पाठक, अनीश सिद्दीकी, मो. आफताब, सरफराज अहमद, औरंगजेब नासिर, आजाद खान, मिर्ज़ा सलीम, असलम हुसैन, फ़ैयाज अहमद, हाजी अब्दुल मन्नान, जावेद अहमद, अमीर अहमद व अन्य उपस्थित थे।

# सिंगूर की नर्स का शव पोस्टमार्टम के लिए कल्याणी एम्स भेजा गया

**हुगली/कोलकाता, समाज्ञा :** सिंगूर की नर्स का शव शनिवार को पोस्टमार्टम के लिए कल्याणी एम्स ले जाया गया। पुलिस ने सुबह 7 बजे कोलकाता मेडिकल अस्पताल के मुर्दाघर से शव ले लिया। मृतका का परिवार उनके साथ है। बताया जा रहा है कि शव को ग्रीन कॉरिडोर के जरिए ले जाया गया। बता दें कि शुक्रवार को मृतका का शव हुगली से कोलकाता मेडिकल कॉलेज पोस्टमार्टम के लिए लाया गया था। परिवार ने शिकायत की कि शव को जबरन कोलकाता भेज दिया गया। पोस्टमार्टम अटका हुआ था। रात में कल्याणी एम्स के अधिकारियों से संपर्क किया गया। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम का बुनियादी ढांचा मौजूद है। वे तैयार हैं। इसके बाद, शनिवार की सुबह पुलिस शव लेकर कल्याणी के लिए रवाना हुई। पोस्टमार्टम सुबह 10 बजे शुरू हुआ। कल्याणी एम्स में मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पोस्टमार्टम शुरू हुआ। वीडियोग्राफी भी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को नर्स का लटका हुआ शव बरामद हुए चार दिन हो चुके हैं। पोस्टमार्टम को लेकर बार-बार जटिलताएं आ रही हैं। एक मृतक के शव को कब्जे में लेने को लेकर कोलकाता में भाजपा और सीपीएम के बीच झड़प हो गई। शहर में तनाव फैल गया। परिवार असहाय हो गया।

--------------------

❑ **नर्स बेटी की मौत के मामले में पिता ने सीबीआई जांच की मांग**

हुगली जिले के एक निजी नर्सिंग होम में मृत पाई गई 24 वर्षीय नर्स के पिता ने शनिवार को इस दावे को खारिज कर दिया कि उनकी बेटी ने आत्महत्या की है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह एक 'पूर्व नियोजित हत्या' थी। उन्होंने कहा कि उन्हें राज्य पुलिस पर भरोसा नहीं है और वह अपनी बेटी की मौत के मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग करते हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि मैं चाहता हूं कि सीबीआई मेरी बेटी की मौत के मामले की जांच करे। यह आत्महत्या का मामला नहीं, बल्कि एक सुनियोजित हत्या है। उसकी हत्या करके उसे फांसी के फंदे से लटका दिया गया। मुझे राज्य पुलिस पर जरा भी भरोसा नहीं है। पिता ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि मैं चाहता हूं कि (मौत के लिए) जिम्मेदार लोगों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। अगर जरूरत पड़ी तो मैं न्याय के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाऊंगा।

## न्यूज अपडेट

### हावड़ा में आजादी के 79वें वर्ष पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**हावड़ा, समाज्ञा :** सरदार पटेल मेमोरियल कमेटी और सन्च फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में देश की आजादी के 79वें वर्ष में प्रवेश के उपलक्ष्य में शुक्रवार को हावड़ा क्षेत्र में एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष परेश दफ्तरी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य गरीब बच्चों के कल्याण एवं राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रगीत एवं देशभक्ति गीतों पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किए गए। साथ ही बच्चों के लिए सांस्कृतिक एवं ड्रॉइंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 60 बच्चों ने हिस्सा लिया। आजादी के इस उत्सव के अंतर्गत सभी बच्चों को उपहार, फूड पैकेट और ठंडे पेय वितरित किए गए। इस अवसर पर सरदार पटेल मेमोरियल कमेटी के अध्यक्ष परेश दफ्तरी, खजांची नथुराम गुप्ता, कमेटी सदस्य हेमल दफ्तरी, राजेश मोदी तथा शुभेच्छक हर्षद शेठ, हातिम दाऊदवाला, मुकेश वालाणी और राजू बावीशी उपस्थित रहे।

### हावड़ा युथ्स एसोसिएशन ने किया ध्वजारोहण



**हावड़ा :** देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था हावड़ा युथ्स एसोसिएशन द्वारा रामकृष्णपुर घाट फोरशोर रोड स्थित शहीद स्मारक पर ध्वज-रोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के संस्थापक व सचिव अभिषेक प्रताप सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर युवा समाजसेवी अजय यादव, आपन बात न्यूज़ चैनल के मुख्य संरक्षक रोहित सिंह और गौतम वर्मा ने लोगों के बीच मिठाई, लड्डू और जलेबी वितरित कर स्वतंत्रता दिवस की खुशियाँ साझा कीं। समाजसेवी गौरी सिंह, चंदा सिंह, स्वीटी शाव और सुजाता पाण्डेय ने भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम की सफलता में सुदामा चौधरी, ऋषभ सिंह, भरत पुलसरिया, आदित्य सिंह, नितिन सिंह, स्वराज सिंह सन्नी, रोनित शाव, बबलू यादव, अनंत मंडल, विकास सिंह, सोनू राठी, तनवीर आलम, मुकेश कुमार, देवेश राय, धीरज पाण्डेय, सुधीर राम, मनोहर राजभर, आयुष गुप्ता और असद आलम सहित कई युवाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### ओसियन्स परिवार ने मनाया तृतीय वार्षिक उत्सव



**हावड़ा :** उत्तर हावड़ा में ओसियन्स परिवार द्वारा तृतीय वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर माँ सच्चियाय का भव्य दरबार सजा, जहाँ पूरे भारत वर्ष में विराजित माँ सच्चियाय की विभिन्न प्रतिमाओं का दर्शन कराया गया। हज़ारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन कर प्रसाद का लाभ लिया।राजस्थान एवं कोलकाता के सुप्रसिद्ध कलाकारों ने भजनों से माता रानी को रिझाया,कार्यक्रम में गुरुजी श्री शिवरतन पांडेय, समस्त पुजारीगण, स्थानीय विधायक गौतम चौधरी, टीएमसी नेता शैलेश राय, भाजपा नेता संजय सिंह, उमेश राय,कांग्रेस नेता भोला यादव सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में पुलिस प्रशासन, मीडिया, सामाजिक संस्थाओं और ओसियन्स परिवार की पूरी टीम का विशेष योगदान रहा। समापन पर आयोजकों ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार जताते हुए अगले वर्ष 15 अगस्त 2026 को चतुर्थ वार्षिक उत्सव और भी भव्य रूप में आयोजित करने की घोषणा की।

### हावड़ा मैदान शक्ति दल ने मनाया स्वाधीनता दिवस समारोह



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा मैदान शक्ति दल द्वारा 79वां स्वाधीनता दिवस समारोह एवं 30वें भारत माता पूजन कार्यक्रम का आयोजन हावड़ा मैदान मेट्रो स्टेशन के समीप किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ देवी आराधना के रूप में चण्डी पाठ एवं हवन से हुआ। मां भारती की पूजा अर्चना कर महाआरती उतारी गई। ध्वजारोहण शिक्षाविद अश्विनी कुमार राय ने किया। इस अवसर कर्नल राजेन्द्र श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त) ने आपरेशन सिन्दूर के परिचालन के बारे विस्तार से बताया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र प्रतिभा प्रदर्शन में सहभागिता करते हुए मंच पर कृष्णा डांस एकादमी और हावड़ा सैकेटिंग ग्रुप के बच्चों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा की अमिट छाप छोड़ी। संध्याकाल आसमान में तिरंगे के रंग में रंगे फानुष को अमर शहीदों की स्मृति में उड़ाया गया और बैंड धुन के साथ ही प्रतिकात्मक तोप सलामी दी गई। संध्याकालीन कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बैरकपुर से अर्जुन सिंह एवं नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम के मुख्य आयोजक बद्रीनारायण सिंह एवं संतोष सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुन्दन सिंह, सूनील गोंड, मुकेश सिंह, विमलेश सिंह का अथक परिश्रम रहा।

## हावड़ा में शुद्धि पहल: नशे के आदी युवाओं को समाज की मुख्य धारा में लाने का प्रयास




**हावड़ा, समाज्ञा :** नशे की लत में फंसकर अपराध और असामाजिक गतिविधियों में लिप्त होना युवाओं के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। हावड़ा शहर में विभिन्न अपराधों के आरोपी युवाओं में से कई नशे के आदी हैं, और इस नशे की पीड़ा से बाहर आना और भी कठिन हो जाता है। ऐसे में हावड़ा सिटी पुलिस ने युवाओं को पुनर्वास और समाज में पुन:स्थापित करने के लिए एक विशेष पहल शुद्धि शुरू की है।

इस पहल के तहत, नशे के आदी 9 युवाओं की पहचान की गई और उनके परिवारों की सहमति के बाद उन्हें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जेनेसिस फाउंडेशन भेजा गया। इस अवसर पर हावड़ा सिटी पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस कमिश्नर प्रवीण कुमार त्रिपाठी, आईपीएस और संयुक्त पुलिस कमिश्नर के सबरी राजकुमार, आईपीएस सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जेनेसिस फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और इन युवाओं के पुनर्वास में सहयोग देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। हावड़ा सिटी पुलिस और विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाएं मिलकर इस पहल को सफल बनाने के लिए लगातार काम कर रही हैं, ताकि नशे की गिरफ्त में फंसे युवाओं का जीवन सुगम बनाया जा सके और उन्हें समाज की मुख्य धारा में वापस लाया जा सके।

### रेड रोड पर परेड के दौरान 35 छात्र बीमार, अस्पताल पहुंचीं मुख्यमंत्री

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्वतंत्रता दिवस पर रेड रोड पर परेड के दौरान 35 छात्र बीमार पड़ गए। उन्हें एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद बीमार छात्रों को देखने अस्पताल गईं। डाक्टरों से बात कीं। बता दें कि 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार की सुबह रेड रोड पर एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। परेड में विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया। उनमें से कई भीषण गर्मी में अचानक बीमार पड़ गए। उन्हें तुरंत एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया। मुख्यमंत्री तुरंत अस्पताल पहुंचीं। कोलकाता के पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले उन्होंने डाक्टरों से बात की। उन्होंने कहा कि एक छात्र को कुछ मामूली समस्याएं हैं। बाकी सभी ठीक हैं। अस्पताल के सूत्रों के अनुसार सभी खतरे से बाहर हैं।

### वरमोरा ग्रैनिटो लिमिटेड ने सेबी के समक्ष दाखिल किया डीआरएचपी

**कोलकाता :** राजकोट स्थित वरमोरा ग्रैनिटो लिमिटेड (वीजीएल) ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया। इस ऑफर में 400 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी करना और 5,24,35,268 इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) शामिल है। ओएफएस में निवेशक विक्रय शेयरधारक कस्तूरा इन्वेस्टमेंट्स और प्रवर्तक समूह विक्रय शेयरधारक, परसोतमभाई जी-वराजभाई पटेल, रमनभाई जीवराजभाई वरमोरा और वल्लभभाई जीवराजभाई वरमोरा शामिल हैं। जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड, गोल्डमैन सैक्स (इंडिया) सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड और एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड बुक रनिंग लीड मैनेजर्स (बीआरएलएम) हैं और ट्राइलीगल लीगल काउंसल है।

## बी.आर. सिंह अस्पताल में भारतीय रेल का पहला न्यूरोलॉजी आईसीयू और स्ट्रोक यूनिट शुरू



**कोलकाता, समाज्ञा :** बी.आर. सिंह अस्पताल में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउसकर ने भारतीय रेल का पहला न्यूरोलॉजी आईसीयू और स्ट्रोक यूनिट उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में अतिरिक्त महाप्रबंधक शीलेंद्र प्रताप सिंह, डीआरएम राजीव सक्सेना, मेडिकल डायरेक्टर डॉ. देबाशिष गुप्ता सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ सदस्य उपस्थित थे।

नवीन यूनिट मरीजों को त्वरित और विशेषज्ञ देखभाल उपलब्ध कराएगी, जिससे न्यूरोलॉजिकल रोगियों के इलाज में सुधार होगा और बाहरी रेफरल की जरूरत कम होगी। स्ट्रोक यूनिट शुरुआती घंटे में सही उपचार सुनिश्चित करेगी। आईसीयू आपातकालीन विभाग और रेडियोलॉजी के साथ मिलकर काम करेगी और आधुनिक न्यूरोक्रिटिकल नर्सिंग, मल्टीमॉडल मॉनिटरिंग सहित सभी सुविधाएं प्रदान करेगी। इस अवसर पर एसी बेसिक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस, नवनिर्मित स्त्रीरोग वार्ड, उन्नत ओपीडी फार्मेसी और नया एसी ओपीडी प्रतीक्षा हॉल भी शुरू किए गए। ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ की सीमा देउसकर और निधि सक्सेना ने मरीजों के कल्याण के लिए हॉट फूड और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराईं। बी.आर. सिंह अस्पताल में यह कदम रेलवे अस्पतालों को न्यूरोलॉजी में उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में अहम साबित होगा।

## श्री जैन विद्यालय हावड़ा में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया



**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा स्थित श्री जैन विद्यालय में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि उद्योगपति एवं समाजसेवी राजेंद्र सेठिया ने ध्वजारोहण किया। छात्र-छात्राओं और अतिथियों ने विजयी विश्व तिरंगा प्यारा गाकर तिरंगे का सम्मान किया और परेड का निरीक्षण किया।

जैन-सभा के अध्यक्ष एवं विद्यालय के संस्थापक सरदारमल कांकरिया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों और देशहित कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के सदस्य पन्ना लाल कोचर, सचिव ललित कांकरिया, अशोक मिन्नी, वीरेंद्र जैन (गिलड़ा), विनोद मिन्नी, उदयचंद सेठिया, शशि कांकरिया, अरुण मालू, सुशील गिलड़ा, बालिका विभाग की प्रधानाध्यापिका मौसमी घोषाल, बालक विभाग की प्रिंसिपल इन्दु जोसेफ चौधरी उपस्थित रहे।

वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों को शिक्षक संतोष कुमार तिवारी, संजय कुमार सिंह, विनोद सिंह, अनिल तिवारी, गरिमा सिंह, सतीश कुमार सिंह, प्रणवेश मिश्र, दीपशिखा तिवारी, सपना चक्रवर्ती, सोमनाथ, मोम चंदा, उमा बनर्जी, सोमन चक्रवर्ती ने सफल बनाया। सचिव ललित कांकरिया ने शुभकामनाएं दी, मंच का संचालन अनामिका तिवारी और अंजू सिंह ने किया।

### सिल्वर कंज़्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने 1,400 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए डीआरएचपी दाखिल किया

**कोलकाता :** राजकोट मुख्यालय वाली सिल्वर कंज़्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने 1,400 करोड़ रुपये के प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के समक्ष ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। इस पेशकश में 1,000 करोड़ रुपये तक का नया इश्यू और 400 करोड़ रुपये तक का ऑफ़र फ़ॉर सेल शामिल है। मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेड, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड, जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड और चॉइस कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड बुक रनिंग लीड मैनेजर्स (बीआरएलएम) हैं और ट्राइ-लीगल लीगल काउंसल है।

## न्यूज अपडेट

### लौह व्यवसाई समिति हावड़ा ने स्वतंत्रता दिवस मनाया



**हावड़ा, समाज्ञा :** लौह व्यवसाई समिति हावड़ा द्वारा आयोजित 79वां स्वतंत्रता दिवस बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया। समाजसेवी और उद्योगपति अनिरुद्ध साव द्वारा ध्वजारोहण किया गया। अतिथि और सदस्यों में राजेंद्र प्रसाद साव, संस्था अध्यक्ष कृष्ण कुमार जायसवाल, कोषाध्यक्ष विनय जायसवाल और मनोज पासवान, रामलखन साव, रामानंद जायसवाल, शिवशंकर साव, रामजीत यादव, सुरेश जायसवाल, राजेश जायसवाल, सुरेश जायसवाल, रामताड़क जायसवाल, गोरख जायसवाल, ईश्वर जायसवाल, रामसावर गुप्ता, अरविंद गुप्ता, उमेश जायसवाल, भोला जायसवाल, अमृत लाल साव, विजय गुप्ता, विजय जायसवाल, संजय गुप्ता, गौतम जायसवाल, श्रीनाथ जायसवाल, नंदलाल जायसवाल, चंद्रप्रकाश गुप्ता, विनोद जायसवाल, रविशंकर जायसवाल, हेमंत विश्वकर्मा, मनोज गुप्ता, रमाशंकर जायसवाल, रीतेश जायसवाल, बिलतू शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महासचिव अजय गुप्ता ने किया।

### शिवपुर के कालिका विद्यालय में स्वाधीनता दिवस मनाया गया



**हावड़ा, समाज्ञा :** शिवपुर स्थित कालिका विद्यालय में स्वाधीनता दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सबसे पहले भूतपूर्व शिक्षिका माया साव ने राष्ट्रीय झंडे का झंडोत्तोलन की। विद्यालय के प्रधान शिक्षक शैलेन्द्र कुमार राय ने स्वाधीनता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। इस मौके पर बच्चों के माता पिता एवं सहायक शिक्षक गणेश साव उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में बच्चों में मिठाईया बांटी गयी।

### नव युवक सुधार संघ का खूंटी पूजा संपन्न



**हावड़ा, समाज्ञा :** रामेश्वर मालिया लेन में नव युवक सुधार संघ द्वारा आयोजित होने वाले दुर्गा का शनिवार को खूंटी पूजन संपन्न हुआ। इस मौके पर सुन्दरकाण्ड का पाठ के अवाला अन्य कई समाजमूलकर सेवा कार्यक्रम आयोजित किए गए। समारोह में चेयरमैन अवधेश नारायण सिंह, ग्रैण्ड पेट्रोनराजकुमार जायसवाल (मंटू बाबू), अध्यक्ष अनिल कुमार चौबे, महासचिव मनोज कुमार जायसवाल, कोषाध्यक्ष डी. एन. सिंह, अनिल सिंह, अशोक पाण्डेय, मुख्य सलाहकार विक्रम चौधुरी, प्रेमनाथ सिंह, अजय सिंह, रमेश ठाकुर, मनोज ठाकुर सहित बहुत सारे गणमान्य उपस्थित थे।

### भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने धूमधाम से मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस




**कोलकाता :** भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआइ) ने देशभर के अपने सभी कार्यालयों में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया। कोलकाता स्थित केंद्रीय मुख्यालय में जीएसआइ के महानिदेशक (डीजी) असित साहा ने वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति में झंडोत्तोलन किया। इस दौरान अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) व एचओडी डा जयदीप गुहा, उप महानिदेशक (मिशन-1) प्रदीप सिंह, उप महानिदेशक (पी एंड ए) डा सैबल घोष, उप महानिदेशक (पीएसएस) शिलादित्य सेनगुप्ता व अन्य अधिकारी उपस्थिति रहे। इस अवसर पर साहा ने जीएसआइ के 175वें वर्ष के स्मारिका का भी विमोचन किया, जिसमें संगठन की विरासत, उपलब्धियों और राष्ट्र के प्रति योगदान को दर्शाया गया है। समारोह के दौरान जीएसआइ मुख्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया।

### लायंस डिस्ट्रिक्ट 322बी2 द्वारा माँ तुझे प्रणाम का भव्य आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** लायंस डिस्ट्रिक्ट 322बी2 की ओर से कला मंदिर में माँ तुझे प्रणाम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजेश सदानी एवं उनकी टीम की देशभक्ति प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम की सफलता में आईडी राजकुमार अग्रवाल, त्रिलोक राजघरिया, स्वाति गोस्वामी, विजय जोदानी, आशीष झुनझुनवाला, नितिन अग्रवाल, महेन्द्र जैन, अरुण जैन, मोती मनोत, सी. एस. सरडा, दशरथ कुम्भट, रोशन ड्रोलिया, सारिका वस्नाये सहित सभी पूर्व जिला गवर्नरों एवं लायंस सदस्यों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर की संपूर्ण जानकारी कैबिनेट सचिव लायन मन मोहन बागड़ी ने साझा की।

### हावड़ा में अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी गई श्रद्धांजलि



**हावड़ा, समाज्ञा :** उत्तर हावड़ा की अटल बिहारी वाजपेयी स्मारक समिति द्वारा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के प्रयाण दिवस पर जी.टी. रोड स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर संस्था के सचिव उमेश राय ने उन्हें भारतीय राजनीति का अजातशत्रु बताया। भाजपा नेता मनोज पांडेय ने उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति की सराहना की, जबकि जिला भाजपा सचिव ओमप्रकाश सिंह ने उन्हें नैतिकता की प्रतिमूर्ति* कहा। कवि मनोज प्रसाद ने उनकी कविताओं का पाठ कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता ताड़कनाथ साव, सुरेंद्र जैन, डॉ. आनंद पांडेय सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे और पुष्प अर्पित किए।

## पूर्व रेलवे, दक्षिण पूर्व रेलवे और मेट्रो रेलवे ने मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस का जश्न



पूर्व रेलवे



दक्षिण पूर्व रेलवे



मेट्रो रेलवे

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्वतंत्रता दिवस के 79वें पर्व पर पूरे देश की तरह पूर्व रेलवे, दक्षिण पूर्व रेलवे और मेट्रो रेलवे में भी हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस अवसर पर महाप्रबंधकों ने स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को नमन करते हुए रेलवे के विकास कार्यों, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं का उल्लेख किया।

**पूर्व रेलवे** ने फेयरली प्लेस मुख्यालय में महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने ध्वजारोहण किया और आरपीएफ बैंड की राष्ट्रगान धुन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। उन्होंने पूर्व रेलवे की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 2024-25 में माल ढुलाई 100 एमटी के आंकड़े को पार कर गई, जो अब तक का रिकॉर्ड है। यात्री सुविधाओं में नए एक्सप्रेस ट्रेनों, एसी ईएमयू सेवाओं और विशेष ट्रेनों का संचालन किया गया। इस मौके पर पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सीमा देउस्कर, अतिरिक्त महाप्रबंधक शीलेंद्र प्रताप सिंह, सभी प्रधान विभागाध्यक्ष सहित अन्य समारोह में उत्साह के साथ शामिल हुए।

**दक्षिण पूर्व रेलवे** के गार्डन रीच मुख्यालय में महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। उन्होंने बताया कि दपूरे ने 2024-25 में 212.37 मिलियन टन माल ढुलाई कर देश के शीर्ष तीन लोडिंग जोनों में स्थान बनाया। यात्री सुविधाओं के तहत नए फुट ओवरब्रिज, एस्केलेटर, प्लेटफॉर्म विस्तार और शेड निर्माण किए गए। सुरक्षा के क्षेत्र में ओवरब्रिज, अंडरब्रिज और लेवल क्रॉसिंग हटाकर यात्रा को सुरक्षित बनाया गया। छह जोड़ी वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत और 72 स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकास भी किया जा रहा है। आरपीएफ ने ऑपरेशन जीवन रक्षा और ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते जैसी पहल कर सराहनीय कार्य किए।

**मेट्रो रेलवे** के मेट्रो रेल भवन में महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी ने ध्वजारोहण कर आरपीएफ की परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मेट्रो रेलवे जल्द ही नई जगहों तक विस्तारित होगी जिससे लोगों का जीवन स्तर बेहतर होगा। 2024-25 में मेट्रो ने 21.81 करोड़ यात्रियों को सेवाएं दीं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13.30% अधिक है। डिजिटल भुगतान के बढ़ते उपयोग से यात्री आसानी से टोकन, स्मार्ट कार्ड और क्यूआर कोड आधारित टिकट खरीद रहे हैं। इस वर्ष जुलाई तक 124.21 करोड़ रुपये की आय दर्ज की गई है। कार्यक्रम के बाद नई लॉबी और मेट्रो फैमिली ट्री का उद्घाटन भी किया गया।

# बच्चों पर टेलीविजन का प्रभाव

शिवांगी झाँब

राघव की उम्र 8 साल है। राघव के मम्मी-पापा दोनों वर्किंग हैं। वह घर पर दादी के भरोसे रहता हे। राघव स्कूल से आते ही टीवी चलाकर बैठ जाता है। यूनिफार्म चेंज करना, लंच करना, सब कुछ टीवी के आगे होता है। रिमोट उसके हाथ में रहता है और उसकी दादी उसे अपने हाथों से खाना खिलाती है। राघव की दादी उसे बहुत प्यार और लाड़ से रखती है। खाने के एक घंटे बाद भी वह टीवी देखता है फिर उसकी दादी मुश्किल से उसे टीवी देखते -देखते ही सुला देती है क्योंकि उसे टीवी से दूर जाना पसंद नहीं है।

6 साल की अमाया को भी स्कूल से आते ही टीवी चाहिए। अमाया की मम्मी अपने 6 महीने के छोटे बेटे की देखभाल में बेहद व्यस्त रहती हैं। अमाया का ध्यान आया रखती है। अमाया स्कूल से आते ही 2 घंटे टीवी देखती है और वह आया की नहीं सुनती। अमाया की मां व्यस्त होने के कारण उसे चाह कर भी रोक नहीं पाती।

चाइल्ड साइकालोजिस्ट्स के अनुसार 'टीवी पर जो बड़े बड़े ब्रांडस सामने नजर आते हैं, उनके पहनने से एक ऊंची पहचान बनाने का ख्याल मन में विकसित होने लगता है। बच्चे चाहे कार्टून देखें या फिल्में, उनके रोल मॉडल नेगेटिव ही हैं। बच्चे उस नेगेटिविटी को दिमाग में रख भाषा का प्रयोग करते हैं। न तो बच्चे पार्क जाते हैं, न कोई आउटडोर गेम खेलना पसंद करते हैं। टीवी का हर दूसरा केरेक्टर षडयंत्रा कर रहा है जिसे देखकर मन में औरों के प्रति अविश्वास भी उत्पन्न होता है। घर के हर मेंबर को वे कुछ न कुछ गलत काम करते ही देखते हैं और रिश्तों में भी शक का बीज पनपना शुरू हो जाता है।

बच्चों में टीवी के सामने बैठे रहने की लत पैदा हो जाती है जिससे मोटापे के शिकार बनते हैं। बच्चों की जिंदगी में टीवी इस कदर शामिल हो गया है कि टीवी के कैरेक्टर्स उनके बेस्ट फ्रेंड बन गए हैं। उन्हें धीरे धीरे यही दुनिया असली लगने लगती है और वे इसी का हिस्सा बनना पसंद करते हैं। बच्चे अब टीवी के काल्पनिक संसार को सच मानने लगे हैं।

टीवी की दुनिया में खोए रहने के कारण ना सिर्फ बच्चों की सोच नेगेटिव बनती है बल्कि पढ़ाई से भी उनका मन हटता है। लगातार लंबे समय तक टीवी देखते रहने से बच्चों में थकान आ जाती है और आंखों पर भी कुप्रभाव पड़ता है। अधिक टीवी देखने वाले बच्चे टीवी देखते हुए इतना थक जाते हैं कि उनकी पढ़ाई नहीं हो पाती।

देर तक टीवी देखने वाले बच्चों की एकाग्रता



कम हो जाती है। वे अधिक समय तक किसी विषय या समस्या पर अपना ध्यान केंद्रित नहीं रख पाते। टीवी देखने में अधिक समय लगाने के कारण बच्चे परीक्षा में कम अंक प्राप्त कर पाते हैं।

लंबे समय तक टीवी बच्चों के स्वास्थ्य पर खतरनाक प्रभाव डालता है। टीवी देखने से कम उम्र में ही कई बीमारियां जैसे डायबिटीज, मोटापा और हृदय रोग हो सकता है। इतना ही नहीं? टेलीविजन का शौक आपके स्वास्थ्य के लिए जोखिम पैदा कर सकता है। ज्यादा टीवी देखने से बच्चों में चिड़चिड़ापन पैदा होता है व उन्हें जिद्दी भी बनाता है। बच्चे बदतमीज हो जाते हैं और अपने से बड़ों को पलट कर जवाब देना भी सीख लेते हैं।

टीवी के कुछ लाभ:-

आज के दौर में बच्चों को टीवी से दूर रखना संभव नहीं। आप यह भी नहीं सोच सकते कि घर में टीवी न हो और बच्चा सारा समय सिर्फ पढ़ता रहे। घर में टीवी होना भी अनिवार्य है क्योंकि टीवी देखने से बच्चों को जिंदगी में बहुत कुछ सीखने को मिलता है, क्राफ्ट वर्क सीखते हैं, दूसरे पर्यटन स्थल बिना वहां गए देख सकते हैं, विभिन्न राज्यों के भोजन, वेशभूषा की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

टीवी में प्रस्तुत शैक्षिक कार्यक्रम बच्चों के ज्ञान में सुधार लाता है। ऐसे प्रोग्राम देखने से बच्चों की सोचने की क्षमता और एकाग्रता बढ़ जाती है।

टीवी देखते समय माता पिता बच्चों के साथ बैठ सकते हैं। ऐसा करने से आपको जानकारी भी होगी कि आपका बच्चा क्या देख रहा है और आपको उनके साथ समय बिताने का भी मौका मिल जाएगा। इस दौरान टीवी पर चल रहे कार्यक्रम को उनके साथ डिस्कस करके, कुछ तर्कों द्वारा उसे सही गलत का फर्क समझा सकते हैं। आप बच्चों को यह बता सकते हैं कि असल में जो वे देख रहे हैं, वह सच्ची दुनियां का हिस्सा नहीं है।

आजकल छोटी उम्र में ही पढ़ाई का बच्चों पर बहुत तनाव है। टीवी देखने से बच्चें पर पढ़ाई का दबाव कम होता है। वह थकान कम महसूस करते हैं और सक्रिय रहते हैं।

टीवी देखने से बच्चों की सोचने और कल्पना करने की शक्ति बढ़ती है जो उन्हें और रचनात्मक बनाती है। पर उसके लिए टीवी सीमित समय में, और अच्छे प्रोग्राम ही देखें जाएं जैसे ज्योग्राफी चैनल, नेशनल चैनल, टैऋवल चैनल्स आदि।

माता पिता टीवी देखने के कुछ नियम बनाएं- बच्चे कितनी देर टीवी देखें और क्या देखें, उसके नियम माता- पिता बनाएं।

बच्चों को एक दिन में 1 घंटे से ज्यादा टीवी नहीं देखना चाहिए। इसमें टीवी के साथ-साथ मोबाइल, आइपैड, कंप्यूटर पर बिताया गया समय भी शामिल होना चाहिए। वीकेंड पर समय बढ़ा कर 2 घंटे कर सकते हैं। इस समय को लगातार 1 घंटे के बजाय आधे-आधे घंटे में 2 बार बांट सकते हैं। 3 साल से कम उम्र के बच्चों को टीवी नहीं देखना चाहिए।

बच्चों को ज्यादा से ज्यादा बिजी रखें। उन्हें किसी एक्टिविटी में शामिल करवाएं जिससे उनकी सोच भी पाजिटिव बन सके।

आपकी अनुपस्थिति में बच्चे क्या देखते हैं, इस पर आप नजर नहीं रख सकते, इसलिए कुछ आपत्तिजनक चैनल्स पर चाइल्ड लॉक लगाएं।

घर में बच्चों के लिए कहानी की किताबें पत्रिकाएं आदि ला कर रखें ताकि बच्चों का इंटेरेस्ट इसमें बढ़ सके।

बच्चों के बेडरूम में टीवी न लगाएं। कोशिश करें कि टीवी ड्राइंगरूम में लगा हो।

बच्चे टीवी के एकदम नजदीक न बैठें। इससे उनकी आंखों पर बुरा असर पड़ेगा।

माता-पिता को ध्यान रखना चाहिए कि बच्चा टीवी में क्या देख रहा है। इस पर नजर रखें कि अगर वह कार्टून भी देख रहा है, तो उसमें कुछ गलत तो नहीं दिखाया जा रहा। (उर्वशी)

# बदल गया रोहन



डॉ.मंजरी शुक्ला

रोहन धीरे-धीरे घर लौट रहा था। पूरे दिन की थकान के कारण वो अपने विचारों में इतना खोया हुआ था कि उसे रास्ते में पड़ा बड़ा गड्ढा नज़र ही नहीं आया। अचानक उसका पैर फिसल गया और वह धड़ाम से गिर पड़ा। उसकी स्कूल यूनिफ़ॉर्म मिट्टी और पानी से भर गई। कपड़ों का हाल देखकर रोहन की आँखों में आँसू आ गए। उसका मन बहुत उदास हो गया और वह धीरे-धीरे सुबकने लगा।

तभी उसे पास से किसी और की रोने जैसी आवाज़ सुनाई दी। वह चौकन्ना होकर इधर-उधर देखने लगा। कुछ कदम दूर, फुटपाथ के कोने पर एक छोटा-सा पिल्ला काँपता हुआ बैठा था। उसकी आँखों से आँसू बह रहे थे और वह दर्द से कराह रहा था। रोहन ने अपने कपड़ों की तरफ देखा और सोचा, यह पिल्ला भी तो मिट्टी से सना हुआ है, लगता है यह भी किसी गड्ढे में गिरा होगा।

उसका दिल द्रवित हो गया। वह धीरे-धीरे पिल्ले के पास गया और उसे प्यार से अपनी बाँहों में उठा लिया। जैसे ही पिल्ला रोहन की गोद में आया, उसने बड़ी-बड़ी काली आँखों से उसकी तरफ देखा और अपनी नन्ही-सी पूँछ हिलाई। फिर उसने अपना चेहरा रोहन के हाथ में छुपा लिया, जैसे उसे पहली बार किसी सुरक्षित जगह का अहसास हुआ हो।



उसी समय पास खड़ा एक लड़का बोला, यह पिल्ला अपनी माँ के साथ सड़क किनारे बैठा था। तभी एक आदमी हरे रंग की कार बहुत तेजी से चलाते हुए आया और उसकी माँ को कुचल दिया, बेचारी माँ वहीं तड़पकर मर गई। यह पिल्ला डरकर भागा और पास के गड्ढे में गिर पड़ा। मैंने ही इसे वहाँ से निकाला। लेकिन अगर तुम इसे घर नहीं ले जाओगे तो यह भूख और ठंड से मर जाएगा।

यह सुनकर रोहन के दिल पर पहाड़ टूट पड़ा। उसकी आँखें भर आईं और उसके हाथ-पाँव काँपने लगे। उसने पिल्ले को और कसकर अपनी छाती से लगा लिया और रोने लगा। आँसुओं की बूँदें उसके गाल से बहकर पिल्ले के गंदे बालों पर गिर रही थीं।

धीरे-धीरे रोहन भारी कदमों से घर की ओर बढ़ा। रास्ते में उसका मन बार-बार सुबह की घटनाओं को याद करने लगा। उसे साफ़ याद आया कि कैसे सुबह वह स्कूल देर होने के डर से अपने पापा से कार तेज़ चलाने की ज़िद कर रहा था। पापा शुरू में मना कर रहे थे, लेकिन उसकी ज़िद के आगे उन्होंने कार की रफ़्तार बढ़ा दी थी और अब जब उसने हरे रंग की कार के बारे मे बताया तो रोहन को यक़ीन हो गया कि वो कार उसके पापा की थी। उसका दिल धक-धक करने लगा। उसे लगा मानो उसी की जल्दबाज़ी ने मासूम पिल्ले की माँ की जान ले ली।

यह सोचकर रोहन फूट-फूटकर रो पड़ा। वह पिल्ले से मन ही मन माफ़ी माँगता रहा। उसकी गोद में दुबका पिल्ला भी जैसे उसकी गर्म हथेलियों में थोड़ी-सी राहत और प्यार खोज रहा था। रोहन ने निश्चय किया कि अब वह कभी भी ग़लती से भी पापा से लापरवाही से गाड़ी चलाने की बात नहीं करेग और इस पिल्ले को घर ले जाकर उसकी पूरी देखभाल करेगा। उसने पहले को कसकर गोदी से चिपका लिया और आंसू पोछते हुए घर की ओर चल पड़ा।

# शादी से पहले की कुछ तैयारी

शिवांगी झाँब

हर युवती के मन में शादी का ख्याल आता है और वो कल्पना कर दुल्हन की पोशाक में स्वयं को सजा देखने लगती है क्योंकि वह स्पेशल डे दोनों के लिए होता है।

शादी के समारोह में लोग दुल्हन को देखने के लिए उत्साहित रहते हैं। इस खुशगवार अवसर पर दुल्हन को देखने के लिए कुछ ऐसा हो कि देखने वाले देखते ही रह जाए। इसके लिए शादी से कुछ दिन पहले ही खुद को तैयार करना शुरू कर देना चाहिए ताकि आप उस दिन खूबसूरत दिख सकें।

**दुल्हन के लिए कुछ स्पेशल टिप्स:-**

- अगर आप पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पियेगीं तो आपकी त्वचा सूखी और अनाकर्षक दिखेगी। एक दिन में कम से कम 8 गिलास पानी पीना आपके लिए काफी महत्त्वपूर्ण है। अगर आप कम पानी पीती हैं तो शादी से दो माह पूर्व पानी की मात्रा को बढ़ाएं।
- शादी से कुछ दिन पहले ही अपने खानपान से फास्ट फूड और अनहैल्दी भोजन को बाय कहें और हरी सब्जियां, सलाद और फल को अपना साथी बनाएं।
- चेहरे पर चमक लाने के लिए और सुंदर दिखने के लिए कम से कम 6 घंटे अच्छी नींद लें। अच्छी नींद से आपकी आंखें ताजगी भरी लगेंगी और पफी आइज और डार्क सर्कल्स भी नहीं होंगे और आप काफी सुंदर दिखेगीं।
- आप स्वयं पर नया लुक भी आजमा कर देख सकती हैं। शादी से 10 दिन पहले बालों का स्टाइलिश कट कराएं। ध्यान रहे कि बालों को ज्यादा शॉर्ट न कराएं। इससे शादी के दिन स्टाइल बनाने में समस्या हो सकती है।
- हफ्ते में 2 बार बालों को हर्बल शैंपू से धोएं और कंडीशनर लगाएं। आप मेंहदी, दही, मुलतानी मिट्टी जैसे ऑप्शन भी आजमा सकती हैं। बालों पर तेल मालिश भी सप्ताह में दो बार कर बालों की चमक बढ़ा सकती हैं। बालों पर बादाम या आलिव आयल से स्कैल्प पर मसाज करें।
- सुंदर दिखने के लिए आजमाएं कुछ घरेलू टिप्स:-
- अंडा, नींबू और शहद का फेसपैक लगाएं या सिर्फ 1 अंडे की सफेदी चेहरे पर लगाएं। तैलीय त्वचावाली महिलाओं के लिए अंडे का सफेद भाग लाभदायक है।
- सामान्य त्वचा वाली महिलाएं एवाकैडो, शहद ,कच्चे दूध, खीरे का रस मिलाकर उसे चेहरे पर हफ्ते में 2 बार इस्तेमाल करें।
- साफ रंगत पाने के लिए नींबू के रस में कुछ बूंद शहद की मिलाकर 15 मिनट के लिए चेहरे पर लगाएं।
- नियमित दूध से स्नान करके भी अपनी त्वचा को नर्म और मुलायम बना सकती हैं।
- त्वचा में माश्चराइजर का संतुलन बनाए रखने के लिए दही और पिसे बादाम का पैक लगाएं।

**प्रॉडक्ट जिनसे हो स्किन केयर:-**



- हैल्दी स्किन के लिए जरूरी नहीं कि आप महंगी क्रीम लगाएं। स्किन सीरम, स्किन वाइटिलाइजर जैसे आप्शन बड़ी उम्र की महिलाओं के लिए हैं।
- अपनी स्किन टाइप को देखते हुए ही स्किन केयर प्रॉडक्ट खरीदें। शादी से कुछ दिन पहले से ही कोई नया प्रॉडक्ट न इस्तेमाल करें।
- क्लींजिंग, टोनिंग और माश्चराइजर दिन में दो बार इस्तेमाल करें।
- विटामिन युक्त अंडर क्रीम या जैल का प्रयोग करें।
- शादी से 10 दिन पहले किसी प्रोफेशनल ब्यूटीशियन से फेशियल कराएं। (उर्वशी)

# शिक्षक: समय सापेक्ष



त्रिलोक नाथ पांडेय

कभी-कभी जब मैं प्राचीन गुरुकुलों की छाया में बैठा हुआ किसी बालक की आँखों में चमकता हुआ जिज्ञासा का दीप देखता हूँ, तो भीतर ही भीतर एक प्रश्न फूटता है - क्या आज भी वह गुरु वहीं है? क्या आज भी शिक्षक उस रूप में जीवित है जिसमें एक पीढ़ी संवरती थी, सभ्यता आकार लेती थी और संस्कार साकार होते थे?

वक़्त एक ठहरा हुआ चित्र नहीं, बहती हुई नदी है। उसके संग जो बहता है, वही जीवित है; जो ठहर जाता है, वह इतिहास बन जाता है। शिक्षक, जो कभी वेदों की ऋचाएँ शिष्य के कानों में फूँकता था, आज उसी कोडिंग की भाषाओं, विज्ञान के प्रयोगों और डिजिटल तकनीक की बारीकियों में शिष्यों को दक्ष बना रहा है। यही है उसकी समय सापेक्षता - समय के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने की कला।

शिक्षक कोई साधारण मानव नहीं होता, वह तो समय का दर्पण होता है। जैसे-जैसे युग बदलता है, उसकी छवि भी बदलती है। एक समय था जब शिक्षक मिट्टी के घरों में, आम के पेड़ों की छाँव तले बैठकर विद्यार्थियों को पाटी पर अक्षर लिखना सिखाते थे। आज वही शिक्षक प्रोजेक्टर की रोशनी में, स्मार्ट बोर्ड पर उँगलियों से भविष्य की इबारतें लिख रहे हैं।

लेकिन क्या केवल तकनीक बदलने से शिक्षक बदल जाता है? नहीं। शिक्षक का मूल स्वरूप वही है - वह प्रेरक है, मार्गदर्शक है, दृष्टा है। परिवर्तन उसके साधनों में होता है, उसकी आत्मा में नहीं। आज जब चारों ओर डिजिटल शोर, प्रतिस्पर्धा का कोलाहल और नैतिक मूल्यों की क्षीण होती आहटें हैं, तब शिक्षक उस मौन का रक्षक है जहाँ चरित्र की नींव डाली जाती है।

शिक्षक की समय सापेक्षता केवल तकनीकी दक्षता नहीं, वह तो संवेदना का विस्तार है। आज का छात्र केवल ज्ञान नहीं चाहता, वह समझ चाहता है - मनोविज्ञान की गहराइयों को पढ़ने वाला शिक्षक ही उसे दिशा दे सकता है। शिक्षक का काम केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं, वह तो उन रिक्त स्थानों को भरना है जहाँ समाज चुप हो जाता है, जहाँ माता-पिता समय नहीं दे पाते, जहाँ बच्चा स्वयं को अकेला महसूस करता है।



समय ने शिक्षक के कंधों पर और अधिक जिम्मेदारियाँ रख दी हैं। आज उसे केवल अध्यापक नहीं, पथप्रदर्शक, तकनीकी साथी, सामाजिक चेतक और भावनात्मक संबल भी बनना होता है। यह समय की माँग है कि शिक्षक केवल उत्तर न बताए, प्रश्न पूछना सिखाए; केवल पठन न कराए, चिंतन कराए।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने शिक्षक को शिक्षा का केन्द्रबिंदु माना है। वह केवल पाठ पढ़ाने वाला नहीं, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता, नवाचार और नैतिकता का वाहक है। शिक्षक अब विषयवस्तु का ही ज्ञाता नहीं, मूल्यवस्तु का संरक्षक भी है।

आज यदि कोई छात्र मोबाइल पर पूरी दुनिया देख सकता है, तो शिक्षक को केवल जानकार नहीं, विवेकशील बनना होगा - ताकि वह छात्र को चयन, संयम और चरित्र का पाठ पढ़ा सके।

और सच पूछिए तो शिक्षक का यही रूप - जो बदलते समय में भी अपने मूल को न भूले, वही समय सापेक्ष शिक्षक है।

हर युग अपने शिक्षक को तराशता है, और शिक्षक हर युग को आकार देता है।

समय बदलता है, शिक्षक भी बदलता है, पर जो नहीं बदलता वह है-उसकी समर्पण भावना, उसका प्रेम, उसकी दृष्टि और उसकी भूमिका एक ऐसे दीपक की, जो जलता है ताकि दूसरों को प्रकाश दे सके। शिक्षक समय सापेक्ष होता है क्योंकि वह हर पीढ़ी के साथ चलता है, उसे समझता है, और उसे आगे बढ़ाता है।

# अब गोरा दिखना आसान

सांवला रंग दिल को मोहने वाला होता है फिर भी लोग गोरा,साफ और चमकता चेहरा पसंद करते हैं। कुछ लोगों को गहरी रंगत जन्म से प्राप्त होती है और कुछ लोगों की अधिक देर तक धूप में रहने से त्वचा टैन हो जाती है जिससे उनकी रंगत सांवली दिखती है लेकिन आप परेशान न हों क्योंकि अब घर पर रहकर आप कुछ घरेलू नुस्खों से गोरा निखार पा सकती हैं।

- एक प्राकृतिक तरीका जिससे आप साफ त्वचा पा सकती हैं, वह है जौ का आटा। जौ के आटे में कुछ बूंदें गुलाबजल और नींबू के रस की डालकर लेप बना लें। इसे चेहरे पर लगा लें और सूखने पर ठंडे पानी से धो लें।
- त्वचा की रंगत निखारने के लिए आप उबटन भी लगा सकती हैं। इसके लिए चार चम्मच बेसन, आधा चम्मच चंदन पाउडर, एक चम्मच नींबू का रस, एक चम्मच खीरे का रस और एक चम्मच दूध को मिलाकर लगाएं।
- नियमित रूप से सेब का रस और एक चम्मच गुलाबजल को अच्छी तरह मिलाकर लगाने से आपकी त्वचा कांतिमय लगेगी। रंगत भी निखरेगी।
- टमाटर का रस ताजगी का एहसास देता है। टमाटर के गूदे को चेहरे पर लगाना गोरी त्वचा को पाने में अदभुत काम करता है।
- एक अंडा लें। उसका सफेद वाला भाग निकालें तथा चेहरे पर लगाएं। इससे त्वचा नरम व मुलायम हो जाएगी।
- खीरे के रस में जैतून का तेल मिलाकर लगाएं। इससे सांवली त्वचा साफ होती है।
- दो चम्मच मुल्तानी मिट्टी, एक चम्मच कच्चा दूध, एक चम्मच गुलाबजल और एक चम्मच नारियल का पानी मिलाकर पेस्ट बनाएं। इस पेस्ट को 15 मिनट तक चेहरे पर लगाएं। सूखने पर ठंडे पानी से साफ करें।
- नींबू का रस और खीरे का रस मिलाकर चेहरे पर लगाने से त्वचा में निखार आता है। यह नुस्खा तैलीय त्वचा के लिए काफी लाभप्रद है।
- चेहरे पर पपीता और शहद का मास्क लगाकर भी त्वचा को गोरा और चमकदार बनाया जा सकता है।(उर्वशी)



## रेसिपी कार्नर — पके और कच्चे केले के पकवान

आपका Kitchen

आज-कल बाजार में केले खूब मिल रहे हैं और इनका दाम भी काफी कम है। ऐसे में लोग भी जमकर केलों का सेवन कर रहे हैं। दरअसल, केले में कई तरह के विटामिन (जैसे विटामिन ए, सी, और बी6), खनिज (जैसे पोटेशियम, मैग्नीशियम, और कैल्शियम), और फाइबर पाए जाते हैं।

पर, क्या आप जानते हैं कच्चे और पके हुए केले से तमाम तरह के स्वादिष्ट पकवान भी बनाए जा सकते हैं। ये न केवल मीठे व्यंजनों में बल्कि नमकीन और पारंपरिक व्यंजनों में भी खूब उपयोग होता है। यहां इस लेख में ऐसे ही तीन पकवानों के बारे में बताने जा रहे हैं।



**बनाना केक बनाने का सामान**

पके केले - 2
मैदा - 1 कप
चीनी - ½ कप
बेकिंग पाउडर - 1 छोटा चम्मच
बेकिंग सोडा - ¼ छोटा चम्मच
तेल / मक्खन -½ कप
दूध - ¼ कप
वनीला एसेंस - 1 छोटा चम्मच

**केक बनाने की विधि**

बनाना केक बनाने के लिए सबसे पहले तो आपको अपने ओवन को प्रीहीट करना है। इसके लिए 180ओउ का टेमप्रेचर ओवन में सेट करें। जब तक ओवन प्रीहीट हो रहा है तो सबसे पहले एक बाउल में मैश किए हुए केले में चीनी, तेल और वनीला एसेंस मिलाएं। इसके बाद इसमें मैदा, बेकिंग पाउडर और बेकिंग सोडा को छानकर मिलाएं।

अगर जरूरत लगत रही है तो थोड़ा सा दूध डालकर बैटर तैयार करें। ये बैटर पतला या गाढ़ा नहीं होना चाहिए। केक बनाने के लिए अब ग्रीस की हुई केक टिन में बैटर डालें और 30-35 मिनट तक बेक करें। चाकू के एक बार चेक करें, अगर ये पक गया है तो इसे निकालकर ठंडा करें और फिर सर्व करें।

**कच्चे केले की टिक्की बनाने का सामान**

कच्चे केले - 2 (उबले और मैश किए हुए)
उबले आलू - 1
अदरक-लहसुन पेस्ट - 1 चम्मच
हरी मिर्च - 1 (बारीक कटी)
धनिया पत्ता - 1 चम्मच
नमक, गरम मसाला - स्वाद अनुसार
ब्रेड क्रम्ब्स - 2 चम्मच
तेल - संकने के लिए

**टिक्की बनाने की विधि**

कच्चे केले की टिक्की बनाने के लिए सबसे पहले केलों को उबाल लें। अब इसमें सभी सामान मिक्स करके आटे की तरह गूंथ लें। जब ये पूरी तरह से पक जाए तो इससे मनचाहे आकार की टिक्की बना लें। अब तवे पर थोड़ा-थोा तेल डालकर सुनहरा होने तक सेक लें। आप चाहें तो इसे बेक भी कर सकती हैं, ताकि इसका सेवन वो लोग भी कर सकें, जो तेल नहीं खाते हैं। आखिर में चटनी या दही के साथ परोसें।

# बीमार पत्नी का पूरा ध्यान रखें

भाषणा गुप्ता

अधिकांश परिवारों में यह देखने को मिलता है कि जब पति बीमार होता है तो पत्नी हर तरह से उसकी देखभाल करती है। उसकी सुश्रूषा में वह जी-जान से जुट जाती है, यहां तक कि उसे अपना भी ख्याल नहीं रहता। यदि पत्नी नौकरीपेशा है तो भी वह पति की देखभाल के लिए छुट्टी लेती है।

मगर मध्यमवर्गीय परिवारों के अधिकतर पुरूष आज भी पत्नी पर सर्वस्व चाहते हैं। अगर पत्नी उनसे किसी सहयोग की मांग करती है तो वे तुनक जाते हैं। पत्नी के बीमार होने पर वे उसकी उतनी परवाह नहीं करते जितनी पत्नी उनके बीमार होने पर करती है।

ऐसा व्यवहार पत्नी की बीमारी को कम करने की बजाय बढ़ा देता है और वह मानसिक रूप से भी बीमार रहने लगती है। उसे महसूस होने लगता है कि पति उससे प्रेम नहीं करता और उसे सिर्फ शारीरिक तौर पर ही चाहता है। ये सब बातें उसे तनावग्रस्त बना देती हैं जिसके फलस्वरूप उस पर दवाओं का भी कोई असर नहीं होता और वह गंभीर रोगों का शिकार हो जाती है।

अतः हर पति को चाहिए कि पत्नी की बीमारी में वह उससे सौहार्दपूर्ण व सहयोगात्मक रवैय्या अपनाए ताकि पत्नी आपको पूर्ववत् प्रेम करती रहे।



**पत्नी के बीमार होने पर निम्न बातों का सदैव ध्यान रखें:-**

- यदि पत्नी को कोई गंभीर रोग है तो किसी अच्छे चिकित्सक को अवश्य दिखाएं। उसे समय-समय पर दवा देते रहें व खान-पान का भी विशेष ध्यान रखें।
- अगर घर में आपके अलावा अन्य सदस्य उसकी देखभाल के लिए मौजूद न हो तो ऑफिस से छुट्टी ले लेनी चाहिए।
- उसे कभी भी यह अहसास न होने दें कि उसके बीमार होने से उसकी देख-रेख करने में आपको किसी भी प्रकार की परेशानी है।
- पत्नी के इलाज पर खर्च होने वाली राशि का ब्यौरा उसके सामने पेश न करें। उसे यह सब न बताना ही बेहतर है।
- यदि घर के घरेलू कार्यों में मदद करने हेतु कोई न हो और कम आय होने के कारण आप किसी नौकरानी का प्रबंध करने में सक्षम न हों तो घर के कार्य खुद निपटाएं। पत्नी के कपड़े भी धोने पड़ें तो संकोच न करें।
- उसे खुश रखने का हर संभव प्रयास करें।
- जब वह घूमने-फिरने में सक्षम हो तो सुबह या शाम पास के किसी पार्क या रेस्तरां में ले जाएं।
- ऑफिस जाकर दिन में एक बार फोन करके उसका हाल-चाल पूछ लें।
- उसके संबंधियों को इस बारे में सूचना अवश्य दें। यदि वे किसी कारणवश उसका हालचाल पूछने न आ पाएं तो पत्नी को ताने मत दें।
- कोई भी ऐसी बात न करें जिससे वह तनावग्रस्त हो।
- यदि वह अपनी बीमारी को लेकर मन में कोई आशंका या हीन भावना पाल ले तो उसे इससे उबारने का प्रयास करें व उसे हौंसला दें कि आप हर हालत में उससे प्रेम करते रहेंगे।
- घर के सदस्यों को भी उससे ऐसी कोई बात न करने दें जिससे उसे मानसिक चोट पहुंचे।
- उसे कभी भी बीमारी में सहवास के लिए मजबूर न करें।
- स्वस्थ होने पर यदि वह कुछ दिन के लिए मायके जाना चाहे तो उसे अवश्य भेजें मगर समय-समय पर फोन इत्यादि पर उसका हाल-चाल पूछते रहें।
- उसके प्रति सदैव सौहार्दपूर्ण रवैय्या ही अपनायें। यदि आपको उसकी किसी बात पर क्रोध आए भी तो खुद को नियंत्राण में रखें।
- इन सब बातों को अपनाकर आप पत्नी के मन में जगह बनाए रख सकते हैं जिससे आपका दांपत्य हमेशा फूलों की तरह महकता रहेगा। (उर्वशी)

## न्यूज इन ब्रीफ

### पुरी में जगन्नाथ मंदिर पर चढ़ने की कोशिश करने वाला रांची का व्यक्ति हिरासत में लिया गया

**पुरी :** झारखंड की राजधानी रांची के एक व्यक्ति को पुरी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर पर चढ़ने की कोशिश करने के आरोप में हिरासत में लिया गया। पुलिस ने बताया कि पंचम महोत नाम का यह व्यक्ति 12वीं सदी के इस मंदिर के दक्षिणी हिस्से में करीब पांच से सात फुट ऊपर तक चढ़ गया था, तभी श्री जगन्नाथ मंदिर पुलिस (जेटीपी) के कर्मियों ने उसे रोक लिया। फिलहाल, पंचम से सिंहद्वार पुलिस थाने में पूछताछ की जा रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने प्रारंभिक जांच के हवाले से बताया कि यह व्यक्ति मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत होता है। कुछ दिन पहले, ओडिशा के गंजाम जिले का एक व्यक्ति भी मंदिर पर चढ़ गया था, जिससे सुरक्षा संबंधी चिंता बढ़ गई थी। पुलिस के अनुसार, पुरी के हेरिटेज कॉरिडोर में 13 अगस्त को बूढ़ी मां ठाकुरानी मंदिर की दीवारों पर एक व्यक्ति ने ''धमकी भरे संदेश'' लिख दिए थे।

### उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने जन्माष्टमी की बधाई दी, सनातन धर्म के संरक्षण पर दिया जोर

**मथुरा (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मथुरा में श्रीकृष्ण के जन्मस्थान पहुंचकर दर्शन किए और देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के धर्म पथ पर चलकर जनता और देश के कल्याण के लिए कार्य करें। मुख्यमंत्री ने इस दौरान सनातन धर्म की विरासत के संरक्षण और आधुनिक विकास के बीच संतुलन बनाने की बात कही, साथ ही अपनी सरकार की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। एक बयान के मुताबिक शनिवार को पूर्वाह्न करीब 11:50 बजे श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंचे मुख्यमंत्री ने सबसे पहले ठाकुर केशवदेव और माता योगमाया के दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने गर्भगृह में श्रीकृष्ण चबूतरे की पूजा-अर्चना की।

### बेंगलुरु में प्लास्टिक सामान निर्माण इकाई में आग लगी, एक परिवार के चार लोगों समेत पांच की मौत

**बेंगलुरु :** बेंगलुरु के के.आर. मार्केट के पास नागरथपेट क्षेत्र में प्लास्टिक का सामान बनाने की एक इकाई में आग लगने से एक ही परिवार के चार लोगों और एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने मृतकों की पहचान मदन सिंह (38), संगीता (33) और उनके दो बच्चों रितेश (7) और विहान (5) तथा पड़ोसी सुरेश कुमार (26) के रूप में की है। पुलिस के अनुसार, मदन सिंह राजस्थान के मूल निवासी थे और लगभग 10 सालों से इस इमारत को किराए पर ले रखा था। वह एक छोटी फैक्टरी चलाते थे जहां प्लास्टिक के सामान के साथ-साथ चटाई भी बनायी जाती थी। वह इमारत की सबसे ऊपरी मंजिल पर रहते थे। पुलिस ने कहा कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका है। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें सुबह करीब तीन बजकर 14 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली।

### सीबीआई ने 1999 में सऊदी अरब में हुई हत्या के आरोप में व्यक्ति को गिरफ्तार किया

नयी दिल्ली : केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सऊदी अरब में 1999 में हुई एक हत्या के मामले में 26 साल से अधिक समय से फरार एक आरोपी को इस हफ्ते की शुरुआत में गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। मोहम्मद दिलशाद को 11 अगस्त को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह नाम बदलकर और नए पासपोर्ट के साथ मदीना से जेद्दा होते हुए लौटा। अधिकारियों के अनुसार, रियाद में मोटर मैकेनिक और सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करने वाले दिलशाद ने 1999 में अपने कार्यस्थल पर एक व्यक्ति की कथित तौर पर हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि वह सऊदी अरब के अधिकारियों को चकमा देकर भारत भाग आया, जहां उसने फर्जी तरीके से एक नयी पहचान हासिल की और पासपोर्ट बनवा लिया।

## वाजपेयी विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सभी को प्रेरित करते रहेंगे : प्रधानमंत्री मोदी




**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सातवीं पुण्यतिथि पर शनिवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि वह विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए सभी को प्रेरित करते रहेंगे। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, ''सभी देशवासियों की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी को उनकी पुण्यतिथि पर सादर नमन। राष्ट्र के चौतरफा विकास को लेकर उनका समर्पण और सेवा भाव विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान के लिए हर किसी को प्रेरित करने वाला है।'' प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय मंत्री और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित कई अन्य गणमान्य लोग वाजपेयी को श्रद्धांजलि देने के लिए यहां उनके स्मारक 'सदैव अटल' पहुंचे। प्रधानमंत्री ने कहा कि वाजपेयी का जीवन राष्ट्र की अटूट सेवा के लिए समर्पित था। उन्होंने कहा कि उनके विचार और आदर्श भारत की प्रगति की यात्रा का मार्गदर्शन करते रहेंगे। वाजपेयी भारतीय जनता पार्टी के संस्थापकों में एक थे। वह तीन बार देश के प्रधानमंत्री बने। उनका पहला कार्यकाल 1996 में मात्र 13 दिनों का था। इसके बाद, वह 1998 में फिर प्रधानमंत्री बने और उन्होंने 13 महीने तक इस पद को संभाला। वर्ष 1999 में वह तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने। वह पहले ऐसे गैर-कांग्रेसी नेता थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में अपना कार्यकाल पूरा किया। वायपेयी को आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाने का श्रेय दिया जाता है, जिससे देश का तेजी से विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ। वर्ष 2018 में आज ही के दिन दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में उनका लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था।

## राहुल निकालेंगे 'वोटर अधिकार यात्रा', 16 दिन में 20 जिलों में 1300 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे



**सासाराम :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी वोट चोरी के खिलाफ रविवार से यहां वोटर अधिकार यात्रा शुरू करेंगे, जिसमें बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और 'इंडिया' गठबंधन के कई अन्य नेता शामिल होंगे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष की इस यात्रा में बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसएआईआर) के मुद्दे को भी उठाया जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि इस यात्रा में 16 दिन में 20 जिलों में कुल 1,300 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, हम वोटर अधिकार यात्रा लेकर जनता के बीच आ रहे हैं। यह सबसे बुनियादी लोकतांत्रिक अधिकार - 'एक व्यक्ति, एक वोट' की रक्षा की लड़ाई है। संविधान को बचाने के लिए बिहार में हमारे साथ जुड़िए। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि चुनाव आयोग को भाजपा के डबल इंजन का एक डिब्बा नहीं बनाने दिया जा सकता। खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा, आजाद भारत में आजादी से सांस लेना इसलिए संभव है, क्योंकि हमारे पास वोट करने की ताकत है। राहुल गांधी जी ने संघर्ष शुरु किया है, ताकि देश में हर एक नागरिक आजादी से सांस ले सके। उन्होंने कहा , हमारे 'इंडिया' गठबंधन के साथियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मिलकर अपील की, तो उच्चतम न्यायालय को भी इसमें दखल देना पड़ा। यह षड्यंत्र सिर्फ वोट छीनने का नहीं था। ये आपकी, हमारी पहचान छीनने का षड्यंत्र था। खेड़ा ने दावा किया कि आज दलित, वंचित, पीड़ित, शोषित, अल्पसंख्यक से वोट देने का अधिकार छीना जा रहा है, कल उनकी भागीदारी छीनी जाएगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया, चुनाव आयोग इस 'डबल इंजन' का एक डब्बा बनकर रह जाए, ये हमें स्वीकार नहीं होगा। हम इसे लेकर संघर्ष कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा, बिहार के लोगों से हम आग्रह करते हैं कि यह आपके अधिकार और हक की यात्रा है। आप भी इस यात्रा में शामिल हों, ताकि बिहार से लोकतंत्र को दिशा मिल सके।

## प्रधानमंत्री मोदी आज दिल्ली में 11,000 करोड़ रुपये की राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के रोहिणी क्षेत्र में करीब 11,000 करोड़ रुपये की दो प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शनिवार को कहा कि ये परियोजनाएं, द्वारका एक्सप्रेसवे का दिल्ली खंड और शहरी विस्तार सड़क-दो (यूईआर-दो), राजधानी को भीड़भाड़ से मुक्त करने की व्यापक योजना के तहत विकसित की गई हैं। नये खंडों से दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में कनेक्टिविटी में व्यापक सुधार, यात्रा समय में कमी आने और यातायात में कमी आने की उम्मीद है। बयान में कहा गया है, ''ये पहल प्रधानमंत्री मोदी के विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे के निर्माण के दृष्टिकोण को दर्शाती हैं जो जीवन को सुगम बनाएगा और निर्बाध गतिशीलता सुनिश्चित करेगा।'' बयान में कहा गया है कि द्वारका एक्सप्रेसवे के 10.1 किलोमीटर लंबे दिल्ली खंड को लगभग 5,360 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है। इसमें कहा गया है कि यह खंड यशोभूमि, डीएमआरसी ब्लू लाइन और ऑरेंज लाइन, आगामी बिजवासन रेलवे स्टेशन और द्वारका क्लस्टर बस डिपो को मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी भी प्रदान करेगा। इस परियोजना में शिव मूर्ति चौराहे से द्वारका सेक्टर-21 में रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) तक 5.9 किलोमीटर का खंड और आरयूबी से दिल्ली-हरियाणा सीमा तक 4.2 किलोमीटर का खंड शामिल है, जो शहरी विस्तार रोड-दो को सीधा संपर्क प्रदान करता है।



इंदौर: कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मां अपने बच्चें को भगवान कृष्ण की वेशभूषा में लेकर जाती हुई

## स्वतंत्रता दिवस पर टाटा नमक की आयोडीन जागरूकता मुहिम का गांवों तक विस्तार

**मुंबई, समाज्ञा :** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'देश का नमक' टाटा नमक ने आयोडीन के महत्व पर जागरूकता बढ़ाने के लिए अपने अभियान का विस्तार ग्रामीण इलाकों तक किया है। मानसिक विकास और देश के उज्ज्वल भविष्य में आयोडीन की अहम भूमिका को ध्यान में रखते हुए, टाटा नमक ने अपने लोकप्रिय जिंगल *'नमक हो टाटा का... टाटा नमक को अब रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर भी प्रसारित करना शुरू किया है। यह जिंगल मुज़फ्फरपुर, पटना, वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ, भोपाल, इंदौर, खड़गपुर, नासिक रोड, शोलापुर सहित कई प्रमुख स्थानों पर नियमित अंतराल में बजाया जा रहा है, ताकि उन यात्रियों तक संदेश पहुंचे जो पारंपरिक मीडिया से नहीं जुड़ पाते। ग्रामीण लोगों से जुड़ने के लिए टाटा नमक ने आयोडीन एक्सप्रेस नामक विशेष वैन एक्टिवेशन भी शुरू किया है। यह वैन बिहार के 28 शहरों में स्कूलों, बाज़ारों और हाट में जाकर आयोडीन के फायदे बताती है। टाटा नमक का उद्देश्य है - सही मात्रा में आयोडीन सेवन के महत्व पर जागरूकता फैलाना, ताकि बच्चों का बौद्धिक विकास हो सके और देश की प्रगति में योगदान मिले।

## भागीरथ फॉर गुड कॉसेस फाउंडेशन ने मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस



**जयपुर :** भागीरथ फॉर गुड कॉसेस फाउंडेशन द्वारा 79वां स्वतंत्रता दिवस महिमा उद्यान, जयपुर में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्थानीय प्रतिभाशाली बालक-बालिकाओं को उनकी प्रतिभा निखारने, सम्मानित करने और आगे बढ़ने की प्रेरणा देने हेतु एकत्र किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को उनकी कुशलता के लिए पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में संस्था के निदेशक डॉ. एस. के. सैनी, आमंत्रित अतिथि और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## शिबू सोरेन के श्राद्धकर्म में शामिल होने नेमरा पहुंचे राजनाथ और बाबा रामदेव ने उन्हें श्रद्धांजलि दी



**रांची :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को शिबू सोरेन की तुलना आदिवासी नेता भगवान बिरसा मुंडा से की और कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री ने अपना जीवन गरीबों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। सिंह, झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, सांसद पप्पू यादव, भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे और योग गुरु बाबा रामदेव सहित अन्य लोग सोरेन के श्राद्ध कर्म में शामिल होने के लिए राज्य की राजधानी रांची से लगभग 70 किलोमीटर दूर नेमरा गए। सिंह ने कहा, ''जहां तक मैंने उन्हें जाना है, वह सरल स्वभाव के थे। बिरसा मुंडा के बाद अगर किसी योद्धा ने आदिवासी समुदाय में जन्म लिया है, तो वह 'दिशोम गुरु' शिबू सोरेन थे। उनकी क्षति अपूरणीय है। वह बहुत सरल थे। उन्होंने अपना जीवन गरीबों के लिए समर्पित कर दिया। मैं केंद्र और अपनी पार्टी की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि देने आया हूं।'' शिबू सोरेन के बेटे और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सिर मुंडवा रखा था और आदिवासी धोती-कुर्ता पहने तथा कंधे पर गमछा डाले श्राद्ध कर्म करते नजर आए। इस मौके पर सभी वर्गों के लोग उपस्थित थे।

## पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे का आज़ादी का जश्न : विकास और उपलब्धियों की झलक

**मालीगांव :** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने 15 अगस्त को 79वां स्वतंत्रता दिवस पूरे जोन में धूमधाम से मनाया। मुख्य समारोह मालीगांव में हुआ, जहाँ महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण कर रेलवे परिवार को संबोधित किया। परेड में आरपीएफ, टेरिटोरियल आर्मी, स्काउट्स एवं स्कूली बच्चों ने भाग लिया। महाप्रबंधक ने बताया कि इस वर्ष चार नई ट्रेनें चलाई गईं और 461 विशेष ट्रेनों से 5.5 लाख अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध कराए गए। यात्री आय में 11.85% तथा माल आय में 7.87% की वृद्धि दर्ज की गई। निश्चिंतपुर, धमल गांव, मिर्जा, बिश्रामगंज और बालुरघाट में नए माल टर्मिनल खोले गए। उन्होंने कहा कि 1,043 आरकेएम का विद्युतीकरण पूरा किया गया और अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हयबरगांव स्टेशन का उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा किया गया। स्वास्थ्य सेवाओं में नई डायलिसिस मशीन, आधुनिक शल्य उपकरण और वार्ड जोड़े गए। आरपीएफ ने वर्षभर में 738 बच्चों को बचाया, 89 मानव तस्करी पीड़ितों को मुक्त कराया और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई। समारोह का समापन आमिनगांव इको पार्क में वृक्षारोपण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। आरोपी हिरासत में है और उससे पूछताछ जारी है। उन्होंने कहा कि आरोपी के खिलाफ शिकायत मिलने के बाद मामला दर्ज कर लिया गया है।

## चिरेका ने रचा इतिहास : 115 कार्य दिवसों में 300वां रेल इंजन तैयार

**चित्तरंजन,समाज्ञा :** चिरेका ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में मात्र 115 कार्य दिवसों में 302 विद्युत रेल इंजन का निर्माण कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह किसी भी वित्तीय वर्ष में सबसे तेज़ 300 लोकोमोटिव उत्पादन का रिकॉर्ड है। 14 अगस्त तक बने 302 इंजनों में से 228 चित्तरंजन इकाई और 74 डानकुनी सहायक इकाई से तैयार हुए। यह डानकुनी इकाई की अब तक की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि मानी जा रही है। पिछले वर्ष 2024-25 में 300 इंजन बनाने में 148 दिन लगे थे, जबकि इस बार 33 दिन पहले ही यह लक्ष्य हासिल कर लिया गया। इसी वर्ष चिरेका ने 41 कार्य दिवसों में 100 और 75 दिनों में 200 लोको का उत्पादन कर रिकॉर्ड कायम किया था। इस वर्ष चिरेका को 777 इंजनों का उत्पादन लक्ष्य मिला है। महाप्रबंधक श्री विजय कुमार ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पूरी 'टीम सीएलडब्ल्यू' को बधाई दी।

## पश्चिम मध्य रेलवे ने धूमधाम से मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस



**जबलपुर,समाज्ञा :** पश्चिम मध्य रेलवे में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य समारोह रेलवे स्टेडियम जबलपुर में हुआ, जहाँ महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने ध्वजारोहण किया। परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियों से माहौल देशभक्ति से गूंज उठा।महाप्रबंधक ने अपने संदेश में रेलकर्मियों को शुभकामनाएँ देते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को नमन किया। उन्होंने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 06 स्टेशनों का लोकार्पण हुआ और कुल 53 स्टेशनों के पुनर्विकास पर 3940 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इस वर्ष पश्चिम मध्य रेल को 11304 करोड़ रुपये का बजट मिला है। वर्ष 2025-26 में पश्चिम मध्य रेलवे ने 32.71 मिलियन टन माल लोडिंग, 82 किमी नई लाइन, 22 आरओबी, 42 एलएचएस और 76 पुलों का पुनरुद्धार पूरा किया। यात्री सुविधाओं में 04 नई ट्रेन सेवाएँ, 02 विस्तार और कई स्टेशनों पर ठहराव दिए गए। साथ ही 11 लिफ्ट, कोच गाइडेंस सिस्टम और 396 सीसीटीवी लगाए गए। पश्चिम मध्य रेलवे संरक्षा में कोटा-मथुरा खंड पर कवच 4.0 लागू करने वाला पहला जोन बना। कटनी अप ग्रेड सेपरेटर वायडक्ट का निर्माण भी पूरा हुआ। रेल सुरक्षा बल ने मिशन जीवन रक्षा के तहत 17 यात्रियों की जान बचाई और 463 बच्चों को परिजनों से मिलाया। मेरी सहेली अभियान में 42 हजार से अधिक अकेली

## योगी जी से अनुरोध है कि शाहजहांपुर जिले का नाम बदलकर कुछ और रखें: उमा भारती

**बरेली (उप्र) :** मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वरिष्ठ नेता उमा भारती ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से राज्य के शाहजहांपुर जिले का नाम बदलने का अनुरोध किया। भारती ने आंवला नगर के रेलवे स्टेशन तिराहे के निकट वीरांगना अवंती बाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद अपने संबोधन में कहा, ''मैं यहां आ रही थी तो रास्ते में शाहजहांपुर नाम का जिला दिखा। शाहजहांपुर नाम अच्छा नहीं लगता। योगी जी से अनुरोध है कि इसका कोई नया नाम रखें। भारती ने कहा, ''गुलामी के दौर की याद दिलाने वाले किसी व्यक्ति के नाम पर जिले का नाम रहे, यह अच्छा नहीं है। मैं दोबारा यह नाम सुनना भी नहीं चाहती।'' उन्होंने लोधी समाज के इतिहास का वर्णन करते हुए कहा कि भाजपा ने लोधी समाज से दो-दो मुख्यमंत्री दिए हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लोधी समाज पहला समाज था जिसने भाजपा को 'प्लेटफार्म' दिया, इससे पहले भाजपा की छवि पिछड़ों के हितैषी की नहीं थी। उन्होंने कहा कि लोधी समाज ने भाजपा को मंच दिया जिसकी वजह से पार्टी अपना विस्तार कर सकी। भारती ने कहा कि भाजपा ने लोधी समाज का मान रखा तो लोधियों ने भाजपा की इज्जत की। लोध समाज से संबंध रखने वालीं उमा भारती ने कहा कि लोधियों को न चापलूसी आती है और न साजिश रचनी आती है।

## झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार



**जमशेदपुर/रांची :** झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का शनिवार को जमशेदपुर में हजारों समर्थकों की मौजूदगी में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। सोरेन का शुक्रवार को दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया था। वह 62 साल के थे। उनके सबसे बड़े बेटे सोमेश सोरेन ने 'रामदास दादा अमर रहे' के नारों के बीच अपने पैतृक खेत पर उनकी चिता को मुखाग्नि दी। मंत्री, विधायक और वरिष्ठ नेता पार्टी लाइन से ऊपर उठकर सोरेन को अंतिम विदाई देने के लिए उनके पैतृक निवास स्थान घोड़ाबांधा में एकत्र हुए। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता रामदास सोरेन का पार्थिव शरीर शनिवार सुबह हवाई मार्ग से रांची ले आया गया। हवाई अड्डे पर कई नेताओं और समर्थकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद, सोरेन के पार्थिव शरीर को लोगों के अंतिम दर्शन के लिए विधानसभा परिसर में रखा गया। विधानसभा से पार्थिव शरीर घाटशिला (सोरेन का निर्वाचन क्षेत्र) ले जाया गया।

## जम्मू-कश्मीर में बादल फटा: लापता लोगों की तलाश तीसरे दिन भी जारी



**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के सुदूर गांव चशोती में बादल फटने की घटना के दो दिन बाद, लापता लोगों के चिंतित रिश्तेदारों की उम्मीदें अब धुंधली होती जा रही हैं। तीसरे दिन भी बचाव कार्य जारी रहने के बीच, शोकाकुल रिश्तेदारों ने कहा कि उनकी उम्मीदें कम होती जा रही हैं, क्योंकि हर बीतता घंटा पीड़ितों के बचने की संभावना को कम करता जा रहा है। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के पड्डेर उप-मंडल के एक गांव में बृहस्पतिवार की दोपहर बादल फटने से आई बाढ़ के बाद अब तक 82 लोग लापता बताए जा रहे हैं, जिनमें 81 तीर्थयात्री और सीआईएसएफ का एक कर्मी शामिल हैं। जम्मू, उधमपुर और सांबा जिलों में सबसे अधिक 60 लोग लापता हैं। हरियाणा और मध्य प्रदेश के चार-चार लोग और हिमाचल प्रदेश का एक व्यक्ति भी उन लोगों में शामिल हैं, जिनके लापता होने की सूचना उनके रिश्तेदारों ने दी है, जबकि बाकी लोग जम्मू-कश्मीर के डोडा, रियासी और राजौरी जिलों के हैं। यह आपदा 14 अगस्त को अपराह्न लगभग 12.25 बजे मचैल माता मंदिर के मार्ग पर स्थित चशोती गांव में आई, जिसमें 60 लोग मारे गए और 100 से अधिक अन्य घायल हो गए। अचानक आई बाढ़ में कम से कम 16 मकान और सरकारी इमारतें, तीन मंदिर, चार पनचक्कियां, 30 मीटर लंबा पुल और 12 से अधिक वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए।

### किश्तवाड़ में अचानक आई बाढ़ में क्षतिग्रस्त हुए घरों का पुनर्निर्माण सुनिश्चित करेंगे : सिन्हा

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को बादल फटने से प्रभावित किश्तवाड़ जिले में बचाव और राहत कार्यों का जायजा लिया और कहा कि वह अचानक आई बाढ़ में क्षतिग्रस्त हुए घरों का वह पुनर्निर्माण सुनिश्चित करेंगे। सिन्हा ने वरिष्ठ अधिकारियों को प्रभावित लोगों को आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपराज्यपाल ने कहा कि वह किश्तवाड़ के चशोती गांव में अचानक आई बाढ़ में क्षतिग्रस्त हुए घरों का पुनर्निर्माण सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''वरिष्ठ अधिकारियों से बात की और किश्तवाड़ के चशोती में बचाव एवं राहत कार्यों का जायजा लिया। मैं अचानक आई बाढ़ में क्षतिग्रस्त हुए घरों का पुनर्निर्माण सुनिश्चित करूंगा।''

## आरेडिका में धूमधाम से मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस

**रायबरेली, समाज्ञा :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) में 15 अगस्त को 79वां स्वतंत्रता दिवस सरस्वती प्रेक्षागृह प्रांगण में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और अपने संबोधन में आरेडिका की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में आरेडिका ने 14,000वां कोच तैयार किया तथा रेलवे बोर्ड के लक्ष्यों की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। इस वर्ष आरेडिका पहली वंदेभारत ट्रेन का निर्माण कर रहा है, जिसे शीघ्र ही देश को समर्पित किया जाएगा। महाप्रबंधक ने बताया कि सोलर प्लांट से 44 लाख यूनिट विद्युत उत्पादन कर लगभग 2.50 करोड़ रुपये की बचत हुई है, वहीं स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने हेतु लालगंज में अल्ट्रासाउंड केंद्र की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि एफडब्ल्यूपी में 33,515 पहियों का उत्पादन हुआ, जो पिछले वर्ष से 49% अधिक है, जबकि जुलाई 2025 तक 20,261 पहियों का निर्माण कर रेलवे बोर्ड के लक्ष्य की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। समारोह में रेलवे सुरक्षा बल की परेड के साथ स्काउट-गाइड और ज्ञानदा बाल मंदिर के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण में विशेष योगदान देने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा, अधिकारी, कर्मचारी, यूनियन प्रतिनिधि एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे। साथ ही, हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने घरों और संस्थागत भवनों को तिरंगे से सजाकर देशभक्ति का संदेश दिया।



# अमेरिका हो सकता है रूसी तेल के मामले में भारत पर द्वितीयक शुल्क नहीं लगाए: ट्रंप ने दिया संकेत

**न्यूयॉर्क :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया है कि हो सकता है कि अमेरिका रूस से कच्चा तेल खरीदना जारी रखने वाले देशों पर द्वितीयक शुल्क नहीं लगाए। ऐसी आशंकाएं थीं कि यदि अमेरिका ने द्वितीयक शुल्क लागू किया तो उससे भारत प्रभावित हो सकता था। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा, 'खैर, उन्होंने (रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने) एक तेल ग्राहक खो दिया, जो भारत है, जो लगभग 40 प्रतिशत तेल का आयात कर रहा था। चीन, जैसा कि आप जानते हैं, बहुत अधिक (आयात) कर रहा है और अगर मैंने 'द्वितीयक प्रतिबंध' या 'द्वितीयक शुल्क' लगाया तो यह उनके लिए बहुत विनाशकारी होगा। अगर मुझे यह करना पड़ा, तो मैं करूंगा। शायद मुझे यह करना न पड़े।' अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने यह बयान पुतिन के साथ एक महत्वपूर्ण शिखर बैठक के लिए, अलास्का जाते समय 'एयर फ़ोर्स वन' (विशेष विमान) में 'फॉक्स न्यूज' को दिया। यह बैठक रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए बिना किसी सहमति के समाप्त हो गई। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने बुधवार को कहा था कि यदि शिखर बैठक में ट्रंप और पुतिन के बीच 'चीजें ठीक नहीं रहीं', तो रूसी तेल खरीदने की वजह से भारत पर द्वितीयक प्रतिबंध लग सकते हैं। बेसेंट ने बुधवार को 'ब्लूमबर्ग' के साथ एक साक्षात्कार में कहा, 'मुझे लगता है कि राष्ट्रपति पुतिन से हर कोई निराश है। हमें उम्मीद थी कि वह ज्यादा खुलकर बातचीत करेंगे। ऐसा लग रहा था कि वह संवाद के लिए तैयार हो सकते हैं।' उन्होंने कहा, 'हमने रूसी तेल खरीदने के लिए भारतीयों पर द्वितीयक (अतिरिक्त) शुल्क लगा दिया है। मुझे लगता है कि अगर चीजें ठीक नहीं रहीं, तो अतिरिक्त शुल्क बढ़ सकते हैं।' प्रतिबंधों में बढ़ोतरी या कटौती की संभावना के बारे में पूछे जाने पर बेसेंट ने कहा, 'प्रतिबंध बढ़ाए जा सकते हैं, उन्हें कम किया जा सकता है। उनकी एक निश्चित अवधि हो सकती है। वे अनिश्चितकाल तक जारी रह सकते हैं।' ट्रंप ने पिछले सप्ताह भारत पर कुल 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने की घोषणा की। इसमें रूस से तेल की खरीद जारी रखने पर जुर्माने के तौर पर लगाया गया 25 प्रतिशत शुल्क भी शामिल है। यह अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क 27 अगस्त से लागू होगा। भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी शुल्क पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि भारत को निशाना बनाना अनुचित और अविवेकपूर्ण है। मंत्रालय ने कहा, 'किसी भी बड़ी अर्थव्यवस्था की तरह, भारत अपने राष्ट्रीय हितों और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय करेगा।'



## एयर कनाडा के 'फ्लाइट अटेंडेंट' हड़ताल पर, कंपनी ने सभी उड़ानें निलंबित कीं

**टोरंटो :** एयर कनाडा के 10,000 से अधिक 'फ्लाइट अटेंडेंट' हड़ताल पर चले गए, जिसके बाद कंपनी ने अपनी सभी उड़ानें निलंबित कर दीं। 'कैनेडियन यूनियन ऑफ पब्लिक एम्प्लॉइज' के प्रवक्ता ह्यूग पोलियट ने पुष्टि की कि अनुबंध की शर्तों को लेकर कोई समझौता न होने के बाद कर्मचारी हड़ताल पर चले गए। इसके थोड़ी देर बाद एयर कनाडा का बयान आया कि वह अपना सभी परिचालन फिलहाल रोक रहा है। कनाडा की सबसे बड़ी विमानन कंपनी और उसके 10,000 से अधिक 'फ्लाइट अटेंडेंट' का प्रतिनिधित्व करने वाले संघ के बीच अनुबंध को लेकर तीखी लड़ाई शुक्रवार को और बढ़ गई। दरअसल, कर्मचारी संघ ने कंपनी के सरकार-निर्देशित समझौते को स्वीकार करने के अनुरोध को ठुकरा दिया, जिसके तहत हड़ताल करने का उसका अधिकार समाप्त हो जाता और तीसरे पक्ष के मध्यस्थ को नये अनुबंध की शर्तें तय करने की अनुमति मिल जाती।

## ब्रिटेन के राजकुमार और वेल्स की राजकुमारी नये घर में स्थानांतरित होंगे

**लंदन :** ब्रिटेन के राजकुमार विलियम और वेल्स की राजकुमारी केट बर्कशायर में महाराजा चार्ल्स तृतीय के विंडसर कैसल एस्टेट में आठ शयनकक्ष वाले एक नये घर में रहने जाने वाले हैं। इस बात की पुष्टि शनिवार को उनके केनसिंग्टन पैलेस कार्यालय ने की। 'सन' समाचारपत्र की एक खबर के अनुसार फ़ॉरेस्ट लॉज ब्रिटेन की राजगद्दी के उत्तराधिकारी विलियम का हमेशा के लिए आवास होगा। तब भी जब वह अपने पिता चार्ल्स के बाद राजा बनेंगे। बताया जा रहा है कि विलियम और केट वहां के छोटे-मोटे नवीनीकरण का खर्च उठा रहे हैं और इसके लिए ब्रिटेन के करदाताओं के धन का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। वे इस साल के अंत में अपने तीन बच्चों - जॉर्ज और लुइस और चार्लोट - के साथ उसमें रहने चले जाएंगे।

## ह्यूस्टन में भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाने पहुंचे शुभांशु शुक्ला और प्रवासी भारतीय



**ह्यूस्टन (अमेरिका) :** भारत का 79वां स्वतंत्रता दिवस शुक्रवार को ह्यूस्टन स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास में देशभक्ति के उत्साह के साथ मनाया गया तथा कार्यदिवस होने के बावजूद सुबह-सुबह बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी वहां एकत्रित हुए। महावाणिज्य दूत डी सी मंजूनाथ ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और भारत के राष्ट्रपति का भाषण पढ़ा, जिसमें भारत की एकता और प्रगति पर जोर दिया गया। समारोह में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत तिरंगे के इतिहास पर एक प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें भारतीयों को अपने घरों में भी राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में भारत के अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला (जो हाल ही में एक अंतरिक्ष मिशन से लौटे हैं) और ग्रुप कैप्टन प्रशांत नायर, भारत के राष्ट्रपति के प्रेस सचिव अजय सिंह और ह्यूस्टन विश्वविद्यालय की अध्यक्ष भारतीय अमेरिकी डॉ. रेणु खटोर आदि उप-स्थित थे।

## चीन ने पाकिस्तान को तीसरी हंगोर श्रेणी की पनडुब्बी सौंपी

**बीजिंग :** चीन ने पाकिस्तान को सौंपी जाने वाली आठ नयी 'उन्नत' हंगोर-श्रेणी की पनडुब्बियों में से तीसरी पनडुब्बी उसे सौंप दी है। बीजिंग का यह कदम इस्लामाबाद की नौसैनिक ताकत को उन्नत करके भारत के निकटवर्ती क्षेत्र हिंद महासागर में पाकिस्तान की बढ़ती उपस्थिति को समर्थन देने के चीन के प्रयासों का हिस्सा है। चीन के सरकारी समाचार पत्र 'ग्लोबल टाइम्स' ने शनिवार को बताया कि हंगोर-श्रेणी की तीसरी पनडुब्बी का जलावतरण समारोह बृहस्पतिवार को मध्य चीन के हुबेई प्रांत के वुहान में आयोजित किया गया। चीन द्वारा पाकिस्तान के लिए बनाई जा रही आठ पनडुब्बियों में से दूसरी पनडुब्बी इस साल मार्च में सौंपी गई थी। यह उन चार आधुनिक नौसैनिक लड़ाकू पोत के अतिरिक्त हैं जिन्हें चीन ने पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान को दिया है। यह आपूर्ति अरब सागर में चीनी नौसेना के निरंतर विस्तार के बीच पाकिस्तान की नौसैनिक ताकत को बढ़ाने के उसके प्रयासों का हिस्सा है, जहां वह बलूचिस्तान में ग्वादर बंदरगाह का विकास करने के साथ-साथ हिंद महासागर में भी विकास कर रहा है। समाचार पत्र में पाकिस्तान के रक्षा विभाग के एक बयान के हवाले से बताया कि तीसरी पनडुब्बी के जलावतरण के अवसर पर पाकिस्तान के उप नौसेना प्रमुख प्रोजेक्ट-2 वाइस एडमिरल अब्दुल समद ने कहा कि हंगोर श्रेणी की पनडुब्बी के अत्याधुनिक हथियार और उन्नत सेंसर क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को बनाए रखने और समुद्री स्थिरता सुनिश्चित करने में सहायक होंगे। 'स्टॉकहोम अंतरराष्ट्रीय शांति अनुसंधान संस्थान' (सिपरी) की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, चीन ने पाकिस्तान के 81 प्रतिशत से अधिक सैन्य हार्डवेयर की आपूर्ति की है। 'एसआईपीआरआई' (सिपरी) के डेटाबेस के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में पाकिस्तान की ओर से दिये गए कुछ प्रमुख ऑर्डर में देश का पहला जा-सूसी जहाज (रिजवान), 600 से अधिक वीटी-चार युद्धक टैंक और 36 जे-10 सीई साढ़े चार-पीढ़ी के लड़ाकू विमान शामिल हैं।



## यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की सोमवार को अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात करेंगे

**कीव :** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि वह सोमवार को वाशिंगटन में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। इससे पहले, ट्रंप ने रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को समाप्त कराने के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ अलास्का में शिखर बैठक की थी, लेकिन यह बैठक बेनतीजा रही और कई मुद्दों पर दोनों नेताओं के बीच कोई सहमति नहीं बन सकी। रूस के राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात के कुछ ही घंटों बाद ट्रंप ने कहा कि युद्ध को समाप्त करने का सबसे अच्छा तरीका युद्ध विराम नहीं, बल्कि समग्र शांति समझौता है। ट्रंप और यूक्रेन के यूरोपीय सहयोगी किसी भी वार्ता से पहले युद्ध विराम का आह्वान कर रहे थे। जेलेंस्की ने कहा कि अलास्का में पुतिन और ट्रंप के बीच मुलाकात के बाद शनिवार को उन्होंने ट्रंप के साथ 'लंबी और सार्थक' बातचीत की। उन्होंने सोमवार को वाशिंगटन में व्यक्तिगत रूप से मिलने के निमंत्रण के लिए ट्रंप का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे 'हत्या और युद्ध को समाप्त करने पर चर्चा करेंगे।'

## पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री डार 17 अगस्त से ब्रिटेन का दौरा करेंगे

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री इसहाक डार 17 से 19 अगस्त तक ब्रिटेन की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा के लिए अपनी ब्रिटिश समकक्ष एंजेला रेनर और अन्य के साथ बैठक करेंगे। पाकिस्तान की सरकार ने शनिवार को यह घोषणा की। विदेश कार्यालय ने यहां एक बयान में कहा कि डार, जो विदेश मंत्री भी हैं, राष्ट्रमंडल महासचिव शर्ली अयोर्कर बोटचवे के साथ बैठक करेंगे। इसके अलावा वह ब्रिटेन की उपप्रधानमंत्री रेनर, पाकिस्तान के लिए संसदीय अवर सचिव हामिश फाल्कनर के साथ बैठक करेंगे। उपप्रधानमंत्री लंदन स्थित पाकिस्तान उच्चायोग में संचालित पंजाब भूमि अभिलेख प्राधिकरण की एक परियोजना का भी उद्घाटन करेंगे।

## म्यांमा में सेना के हवाई हमले में कम से कम 21 लोगों की मौत

**बैंकाक :** म्यांमा की सेना ने देश के रत्न खनन केंद्र मोगोक पर हवाई हमला किया जिसमें एक गर्भवती महिला समेत कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी शनिवार को एक विपक्षी संगठन और स्थानीय निवासियों ने दी। ता'आंग नेशनल लिबरेशन आर्मी (टीएनएलए) के प्रवक्ता लवे याय ऊ ने बताया कि मोगोक के श्वेगु वार्ड में बृहस्पतिवार रात करीब साढ़े आठ बजे यह हमला हुआ। उन्होंने कहा, 'करीब 21 नागरिक मारे गए और सात लोग घायल हुए। घरों और बौद्ध मठ की इमारतों को भी नुकसान पहुंचा।' जुलाई में मोगोक पर कब्जा करने वाले टीएनएलए ने कहा कि मरने वालों में 16 महिलाएं शामिल हैं। उसके अनुसार, लड़ाकू विमान से गिराए गए बम से 15 घर भी क्षतिग्रस्त हुए। स्थानीय निवासियों ने बताया कि मृतकों की संख्या करीब 30 हो सकती है, क्योंकि जिस घर पर बम गिरा था वहां गर्भवती महिला के घर मेहमान आए हुए थे। स्वतंत्र समाचार माध्यमों ने हमले के बाद की तस्वीरें और वीडियो साझा किए हैं। म्यांमा की सेना ने इस हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। सेना का कहना है कि वह केवल आतंकवादियों को निशाना बनाती है लेकिन इसके हवाई हमलों में अक्सर नागरिकों की मौत होती रही है। वर्ष 2021 में सेना द्वारा सत्ता कब्जाने के बाद से म्यांमा में लगातार संघर्ष जारी है। प्रतिरोध समूहों के पास हवाई हमलों का कोई बचाव नहीं है। विपक्ष का अनुमान है कि सेना वर्तमान में देश के आधे से भी कम हिस्से पर नियंत्रण रखती है, जबकि इस वर्ष होने वाले चुनावों की तैयारियां जारी हैं जिन्हें व्यापक रूप से अलोकतांत्रिक माना जा रहा है।

समाज्ञा
स्पोर्ट्स

# नए कोच जमील की नेशंस कप के लिए घोषित संभावित खिलाड़ियों की सूची में छेत्री नहीं

**नयी दिल्ली :** करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री को ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान में होने वाले आगामी सीएएफए नेशंस कप के लिए भारतीय फुटबॉल टीम के नवनियुक्त मुख्य कोच खालिद जमील द्वारा घोषित 35 संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल नहीं किया गया है। ऐसी संभावना नहीं है कि अंतरराष्ट्रीय संन्यास से वापसी के बाद खेले गए चार मैचों में उनके खराब प्रदर्शन के आधार पर उन्हें टीम से बाहर किया गया हो। हालांकि यह भी पता नहीं चला है कि क्या छेत्री ने खुद इस महीने के अंत में होने वाले टूर्नामेंट के लिए खुद के नाम पर विचार नहीं करने का अनुरोध किया था या फिर उन्हें आराम दिया गया था क्योंकि उनकी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम बेंगलुरु एफसी ने अभी तक सत्र पूर्व ट्रेनिंग शुरू नहीं की है। आईएसएल के भविष्य को लेकर अनिश्चितता के कारण बेंगलुरु एफसी ने हाल में अपनी पहली टीम के खिलाड़ियों और स्टाफ का वेतन रोक दिया था जिनमें छेत्री भी शामिल हैं। हालांकि जमील की संभावित खिलाड़ियों की सूची में बेंगलुरु एफसी के अन्य खिलाड़ी जैसे गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू, डिफेंडर चिंगलेनसाना सिंह, राहुल भेके, रोशन सिंह नाओरेम और मिडफील्डर सुरेश सिंह शामिल हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अधिकारी इस मामले पर टिप्पणी नहीं करना चाहते हैं और उनका कहना है कि 'यह सवाल मुख्य कोच से पूछा जाना चाहिए'। छेत्री (41 वर्ष) ने पिछले साल जून में कुवैत के खिलाफ खेलने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन तत्कालीन भारतीय मुख्य कोच मनोलो मार्केज के अनुरोध पर एशियाई कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में टीम की मदद करने के लिए इस साल मार्च में मालदीव के खिलाफ मैच में राष्ट्रीय टीम में वापसी की। छेत्री ने तब से चार मैच खेले हैं और मालदीव पर टीम की 3-0 की जीत में एक बार गोल किया है। खिलाड़ी शनिवार से बेंगलुरु में ट्रेनिंग शुरू करेंगे और अब तक 22 खिलाड़ी शिविर में रिपोर्ट कर चुके हैं। 13 अन्य खिलाड़ियों के अपने क्लबों के साथ डूरंड कप के अपने कार्यक्रम पूरे करने के बाद शिविर में शामिल होने की उम्मीद है।



## दिल्ली उच्च न्यायालय ने ईएफआई की रविवार को प्रस्तावित बैठक पर रोक लगाई



**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) को रविवार को प्रस्तावित असाधारण आम बैठक आयोजित करने से रोक दिया है। अदालत ने साथ ही कहा कि ईएफआई के कामकाज के लगभग हर पहलू को लेकर गंभीर विवाद हैं। ईएफआई के महासचिव कर्नल जयवीर सिंह ने दो अगस्त को नोटिस जारी किया था कि असाधारण आम बैठक (ईओजीएम) 17 अगस्त को कराई जाएगी लेकिन राजस्थान घुड़सवारी संघ (आरईए) ने इस पर रोक लगाने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने शुक्रवार को ईओजीएम पर रोक लगाते हुए कहा, ''ईओजीएम बुलाकर ईएफआई में असहज स्थिति को और जटिल बनाने का कोई औचित्य नहीं दिखता।' अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 13 अक्टूबर 2025 तय की। बैठक के एजेंडे में अंतरिम अध्यक्ष का नामांकन, 2025 कैलेंडर को अंतिम रूप देना, एफईआई एशियाई चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल को मंजूरी देना और 2025 युवा एशियाई खेलों, 2026 एशियाई खेलों के लिए चयन मानदंड निर्धारित करना शामिल है। गौरतलब है कि खेल मंत्रालय ने नवंबर 2021 में ईएफआई को खेल संहिता के दो अहम प्रावधानों का पालन करने से छूट दी थी जिसमें कम से कम दो-तिहाई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सदस्य बनाना शामिल था। कर्नल जयवीर सिंह ने कहा कि वे अदालत के फैसले को चुनौती देने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'यह सही फैसला नहीं है। यह सदस्यों के खिलाफ है। महत्वपूर्ण फैसले लेने हैं। हमें कैलेंडर को अंतिम रूप देना है और जब तक हम ऐसा नहीं करते, तब तक टूर्नामेंट आयोजित नहीं किए जा सकते। खिलाड़ियों को नुकसान होगा।'

## बीसीसीआई ने घरेलू क्रिकेट में समान चोट स्थानापन्न नियम लागू किया

**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपनी खेल शर्तों में संशोधन करते हुए आगामी सत्र के लिए बहु-दिवसीय घरेलू टूर्नामेंटों में 'गंभीर चोटों के स्थानापन्न' खिलाड़ी का प्रावधान लागू किया है।यह कदम भारत और इंग्लैंड के बीच हाल में 2-2 से बराबर रही एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी टेस्ट श्रृंखला के दौरान ऋषभ पंत और क्रिस वोक्स के चोटिल होने के बाद- उठाया गया है। राज्य संघों को सूचित किए गए नए नियम में कहा गया है, ''अगर किसी खिलाड़ी को संबंधित मैच के दौरान गंभीर चोट लगती है तो निम्नलिखित परिस्थितियों में स्थानापन्न खिलाड़ी की अनुमति दी जा सकती है। इसमें आगे कहा गया है, यह गंभीर चोट खेल के दौरान और अनुच्छेद 1.2.5.2 में वर्णित खेल क्षेत्र के भीतर लगी होनी चाहिए। इसके अनुसार, ''चोट किसी बाहरी झटके के कारण लगी होनी चाहिए और इसके परिणामस्वरूप फ्रैक्चर या गहरा कट या 'डिस्लोकेशन' (खिसकना) आदि हुआ हो। इस चोट के कारण खिलाड़ी बचे मैच के लिए अनुपलब्ध हो जाना चाहिए। इसमें कहा गया, ''स्थानापन्न खिलाड़ी की पहचान करें जो गंभीर चोट वाले खिलाड़ी के लिए समान प्रतिस्थापन होगा। यह नियम सीनियर और जूनियर घरेलू टूर्नामेंटों के बहु-दिवसीय मुकाबलों में लागू होगा तथा 28 अगस्त से दलीप ट्रॉफी और अंडर-19 सीके नायडू ट्रॉफी में इसकी शुरुआत होगी। पंत को मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट में रिवर्स स्वीप करने की कोशिश में पैर में फ्रैक्चर हो गया जबकि वोक्स का कंधा ओवल में श्रृंखला के निर्णायक मैच में खिसक गया। इस घटना ने इस बात पर बहस फिर से छेड़ दी कि क्या खिलाड़ियों को गंभीर चोट लगने पर प्रतिस्थापन की अनुमति दी जानी चाहिए। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर इसके पक्ष में थे जबकि इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स इसके पक्ष में नहीं थे।

## अमेरिका ने अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया



**दुबई :** विकेटकीपर-बल्लेबाज अर्जुन महेश की अगुवाई में अमेरिका की टीम अगले साल जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में होने वाले अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप में जगह बनाने वाली 16वीं और अंतिम टीम बन गई। टीम ने जॉर्जिया के राइडल में खेले गए डबल राउंड-रॉबिन क्वालीफायर में कनाडा, बरमूडा और अर्जेंटीना को हराकर एक मैच रहते इस वैश्विक प्रतियोगिता में अपनी जगह पक्की कर ली। अमेरिका ने कनाडा पर 65 रन की जीत के साथ शुरुआत की। इसके बाद उसने बरमूडा और अर्जेंटीना के खिलाफ बड़ी जीत हासिल की। अमेरिका के गेंदबाजों ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 'रिटर्न' चरण में बरमूडा और अर्जेंटीना को हराकर 10 अंक हासिल किए जो विश्व कप में उनकी जगह पक्की करने के लिए काफी थे। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज अमरिंदर सिंह गिल ने तीन पारियों में 199 रन बनाए जबकि अंश राय और साहिर भाटिया की स्पिन गेंदबाजी जोड़ी ने सात-सात विकेट लिए। अब अमेरिका की टीम अपना आखिरी मैच शनिवार को कनाडा के खिलाफ खेलेगी। दक्षिण अफ्रीका में हुए 2024 चरण की शीर्ष 10 टीमों ने पूर्ण सदस्य मेजबान जिम्बाब्वे के साथ 2026 के टूर्नामेंट के लिए स्वतः ही क्वालीफाई कर लिया है। बची हुई पांच टीम क्षेत्रीय क्वालीफायर से तय हुईं। जिम्बाब्वे, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, आयरलैंड, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज ने स्वत: क्वालीफाई किया जबकि अमेरिका, तंजानिया, अफगानिस्तान, जापान और स्कॉटलैंड क्षेत्रीय क्वालीफाइंग प्रतियोगिता से तय हुईं।

## कजाकिस्तान में एशियाई चैंपियनशिप के लिए शीर्ष भारतीय निशानेबाज तैयार




**नयी दिल्ली :** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर, सिफत कौर सामरा, अर्जुन बबूता और सौरभ चौधरी सहित शीर्ष निशानेबाज कजाकिस्तान के शिमकेंट में सोमवार से शुरू हो रही एशियाई चैंपियनशिप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) में महाद्वीपीय खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। इस टूर्नामेंट में भारत का 182 सदस्यीय बड़ा दल भाग ले रहा है। भारत इस टूर्नामेंट में अब तक का सबसे बड़ा दल भेज रहा है, जिसमें सीनियर, जूनियर और युवा श्रेणियों में प्रतियोगिताएं होंगी। विभिन्न श्रेणियों में 58 स्पर्धाओं (46 व्यक्तिगत और 12 मिश्रित टीम) में पदक दांव पर होंगे। पिछले सत्र में चांगवोन में भारत ने कुल 59 पदक (21 स्वर्ण, 22 रजत और 16 कांस्य) जीते थे जिसमें सीनियर स्तर पर 19 पदक शामिल थे। भारत सीनियर स्तर के 19 पदकों में से छह स्वर्ण, आठ रजत और पांच कांस्य पदक हासिल कर वह तीसरे स्थान पर रहा। इस सूची में चीन 14 स्वर्ण (कुल 33 पदक) के साथ शीर्ष पर रहा और उसके बाद नौ स्वर्ण (कुल 24 पदक) के साथ मेजबान दक्षिण कोरिया रहा। भारत का एकमात्र व्यक्तिगत स्वर्ण पदक 50 मीटर राइफल थ्री-पोजीशन स्पर्धा में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने जीता था। इसके अलावा सभी स्वर्ण पदक टीम और मिश्रित टीम स्पर्धाओं में मिले थे। पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम में कांस्य पदक जीतकर शानदार सफलता हासिल करने वाली मनु इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के पिछले सत्र में 25 मीटर पिस्टल में टीम रजत के साथ वापसी के बाद स्वर्ण पदक जीतने के लिए उत्सुक होंगी।

## आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर, कप्तान, कोच बॉब सिम्पसन का निधन

**सिडनी:** आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर, कप्तान और कोच और आस्ट्रेलियाई क्रिकेट की सबसे प्रभावी हस्तियों में से एक बॉब सिम्पसन का 89 वर्ष की उम्र में यहां निधन हो गया। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने शनिवार को सिम्पसन के निधन की पुष्टि की। सिम्पसन ने आस्ट्रेलिया के लिये 1957 से 1978 के बीच 62 टेस्ट और दो वनडे खेले थे। उन्होंने 4869 टेस्ट रन बनाये जिसमें दस शतक और 27 अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा 71 विकेट भी लिये और 39 टेस्ट में कप्तानी की। सिडनी में जन्मे सिम्पसन के माता पिता स्कॉटलैंड से थे। सिम्पसन ने 16 वर्ष की उम्र में न्यू साउथ वेल्स के लिये विक्टोरिया के खिलाफ प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने एक बार कहा था,'मैं हमेशा से महत्वाकांक्षी था और मुझे कोई शक नहीं था कि मैं सफल होने वाला हूं।मुझे हमेशा से अपनी प्रतिभा पर भरोसा था।' वह 1986 से 1996 के बीच आस्ट्रेलिया के कोच भी रहे। आस्ट्रेलिया ने उनके कोच रहते 1987 विश्व कप, चार एशेज खिताब और 1995 फ्रेंक वॉरेल ट्रॉफी जीती। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने कहा कि आस्ट्रेलियाई टीम केर्न्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शनिवार को वनडे मैच से पहले एक मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रृद्धांजलि देगी। सिम्पसन ने 1957 में जोहानिसबर्ग में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया। उन्होंने पहला शतक 1964 में ओल्ड टैफर्ड में एशेज टेस्ट के दौरान लगाया। उस मैच में उन्होंने 311 रन बनाये थे।



## शीर्ष वरीय तान्या हेमंत ने साइपन इंटरनेशनल बैडमिंटन का खिताब जीता

**नयी दिल्ली :** भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त तान्या हेमंत ने शनिवार को महिला एकल फाइनल में जापान की कानाए सकाई को सीधे गेम में हराकर साइपन इंटरनेशनल 2025 का खिताब अपने नाम किया। विश्व रैंकिंग में 86वें स्थान पर काबिज 21 वर्षीय खिलाड़ी तान्या ने गैर वरीय सकाई को 15-10, 15-8 से हराकर अपना चौथा अंतरराष्ट्रीय सीरीज खिताब हासिल किया। साइपन इंटरनेशनल प्रायोगिक 15 अंकों के तीन गेम स्कोरिंग प्रणाली के लिए बैडमिंटन विश्व महासंघ के ट्रायल का हिस्सा है जिसमें प्रत्येक गेम पारंपरिक 21 अंक के बजाय 15 अंक तक खेला जाता है। तान्या ने इससे पहले इंडिया इंटरनेशनल (2022), ईरान फज्र इंटरनेशनल (2023) और बेंडिगो इंटरनेशनल (2024) में जीत हासिल की थी। उन्होंने शनिवार को इस जीत के साथ एक और उपलब्धि हासिल कर ली। पिछले साल वह अजरबेजान इंटरनेशनल में भी उपविजेता रही थीं जिसके फाइनल में हमवतन मालविका बंसोड़ से हार गईं थीं। साइपन में खिताब तक पहुंचने के दौरान तान्या ने सेमीफाइनल में जापान की रिरीना हिरामोटो को, क्वार्टर फाइनल में सिंगापुर की ली शिन यी मेगन को और राउंड ऑफ 16 में जा-पानी खिलाड़ी नोडोका सुनाकावा को हराया। तान्या को शुरूआती दौर में बाई मिली थी।

### जूनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी: कर्नाटक, हरियाणा, उत्तर प्रदेश जीते

**जालंधर :** कर्नाटक, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पंजाब ने शनिवार को हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अपने डिवीजन ए मैच जीत लिए। कर्नाटक ने आंध्र प्रदेश पर 10-1 से जीत दर्ज की जबकि हरियाणा ने दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव हॉकी को 3-0 से हराया। उत्तर प्रदेश हॉकी ने महाराष्ट्र को 9-2 से हरा दिया। मेजबान पंजाब ने तमिलनाडु को 8-4 से शिकस्त दी।

वर्ष 10, पूर्णांक 3329 अंक 139, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in